वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

शुक्रवार, 31 जनवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 30, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 227 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 227 अंक और चढ़ गया। } 14

भारत अपना खुद का एआई मॉडल तैयार करेगा : वैष्णव

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश की एआई (कृत्रिम मेधा) महत्वाकांक्षाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत आने वाले महीनों में अपना खुद का आधारभूत मॉडल तैयार करेगा। } 14

बापू के जीवन से मिलता है विश्व शांति का मार्ग

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी की राजधानी लखनऊ में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पार्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम हजरतगंज चौराहे पर स्थापित बापू की प्रतिमा पर पहुंचे थे। इस दौरान बच्चों ने बापू की पुण्यतिथि पर स्वरांजलि दी। सीएम योगी भी बच्चों के साथ स्वरांजलि में हिस्सा लिया। इसी के साथ ही उन्होंने महात्मा गांधी को याद करते हुए अपने एक्स अकाउंट पर लिखा 'स्वाधीनता आंदोलन के महानायक, 'राष्ट्रपिता' महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन! श्रद्धेय 'बापू' की शिक्षाएं और उनका त्यागमय जीवन विश्व शांति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। आइए, 'बापू' के दिखाए सत्य, अहिंसा व स्वदेशी के मार्ग पर चलकर हम सभी 'नए भारत-विकसित भारत' के निर्माण के लिए संकल्पित हों।' सीएम योगी ने बच्चों के साथ स्वारांजलि में हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों ने रघुपति राघव राजाराम..., वैष्णव जन तो ...शेष पृष्ठ 14 पर

गांधी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

अमेरिका : यात्री विमान से टकराया हेलीकॉप्टर, 64 की मौत

एजेंसी

अर्लिंग्टन (अमेरिका)। वाशिंगटन के निकट रोनाल्ड रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय एक यात्री विमान बुधवार को सेना के एक हेलीकॉप्टर से टकरा गया जिससे उसपर सवार सभी 60 यात्रियों और चालक दल के चार सदस्यों की जान जाने की आशंका जताई जा रही है, फिलहाल 28 लोगों के शव बरामद किये गए हैं जिसमें एक शव हेलीकॉप्टर सवार व्यक्ति का है।

परिवहन मंत्री सीन डफी ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त हुए अमेरिकन एयरलाइंस के विमान का मलबा पोटोमैक नदी में तीन टुकड़ों में पाया गया। इसके बाद से निकटवर्ती पोटोमैक नदी में बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया। वाशिंगटन डीसी के अग्निशमन प्रमुख जॉन डोनले ने बताया कि अमेरिकन एयरलाइंस के विमान पर सवार 27 यात्रियों और हेलीकॉप्टर सवार एक व्यक्ति के शव बरामद कर लिये गए हैं। उन्होंने विमान और हेलीकॉप्टर में सवार सभी यात्रियों के मारे जाने की आशंका जताई है। एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि हेलीकॉप्टर में तीन सैनिक सवार थे। रोनाल्ड रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को हुई टक्कर के कारण के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल पाई, लेकिन हवाई अड्डे से सभी उड़ानें रोक दी गईं। दरअसल गोताखोर दल घटनास्थल की छानबीन कर रहे हैं तथा पूरे इलाके में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के हेलीकॉप्टर शवों की खोज के लिए घटनास्थल के ऊपर से उड़ान भर रहे थे। नदी में जारी बचाव अभियान के दौरान की प्राप्त तस्वीरों में आंशिक रूप से डूबे हुए विमान के डैनों के चारों ओर नावें दिखाई दे रही थीं तथा ऐसा प्रतीत हो रहा था कि विमान का मुख्य ढांचा क्षतिग्रस्त हो गया है। डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया की महापौर म्यूरियल बोसर ने बृहस्पतिवार की सुबह हवाई अड्डे पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम अपने साथी नागरिकों की तलाश करेंगे। कंसास से सीनेटर रोजर मार्शल ने कहा, जब एक व्यक्ति मरता है तो यह एक त्रासदी होती है, लेकिन जब बहुत सारे लोग मरते हैं तो असहनीय दुःख होता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुई इस भयावह दुर्घटना के बारे में पूरी जानकारी दी गई है। उन्होंने हादसे में मारे गए यात्रियों के संदर्भ में कहा ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। विमान में सवार यात्रियों में फिगर स्केटिंग करने ...शेष पृष्ठ 14 पर



संक्षेप

फ्रांस के साथ स्कॉर्पीन व राफेल पर समझौता जल्द

नयी दिल्ली। भारत अपनी नौसेना की शक्ति बढ़ाने के लिए फ्रांस से राफेल लड़ाकू जेट के 26 नौसैनिक संस्करण और तीन स्कॉर्पीन पनडुब्बी की खरीद पर अगले कुछ हफ्ते में मुहर लगा सकता है। मामले से वाकिफ लोगों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हालांकि, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि राफेल-एम और स्कॉर्पीन की खरीद संबंधी घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आगामी पेरिस यात्रा के दौरान की जाएगी या नहीं। मोदी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर आधारित दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए 10-11 फरवरी को पेरिस की यात्रा करेंगे। शिखर सम्मेलन से इतर उनके फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से द्विपक्षीय वार्ता करने की संभावना है। मामले से वाकिफ लोगों ने बताया कि दोनों समझौते अंतिम चरण में हैं और सुरक्षा मामलों पर कैबिनेट समिति (सीसीएस) को इन पर विचार करना होगा। जुलाई 2023 में रक्षा मंत्रालय ने फ्रांस से 22 राफेल (एम) जेट की खरीद को मंजूरी दी थी, मुख्य रूप से स्वदेशी रूप से निर्मित विमान वाहक आईएनएस विक्रांत पर तैनाती के लिए।

प्रेमिका को पेट्रोल डालकर जलाया

प्रतापगढ़। जिले के थाना कोहंडौर क्षेत्र के लौलीपोख्ता खाम स्थित एक खेत में एक शख्स ने अपनी प्रेमिका को कथित रूप से पेट्रोल डालकर जला दिया और आत्मदाह करने का प्रयास किया। घटना में लड़की की मौत हो गई है जबकि व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया है। पुलिस उपाधीक्षक शिवनारायण वैश्य ने बताया कि चंदोका निवासी 29 वर्षीय विकास कुमार यादव ने कथित तौर पर खुद पर और लौलीपोख्ता खाम निवासी 22 वर्षीय नीलू यादव पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। गंभीर रूप से जलने के कारण नीलू यादव की मौके पर ही मौत हो गई जबकि विकास यादव गंभीर रूप से झुलस गया और उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

महाकुम्भ में भगदड़ के बाद सरकार सख्त

जांच करने पहुंचे मुख्य सचिव व डीजीपी ने जाना घायलों का हाल, आज पहुंचेगा जांच आयोग



विशेष संवाददाता

लखनऊ। मौनी अमावस्या पर संगम नोज पर हुई भगदड़ को लेकर सरकार और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखे। जहां एक ओर सरकार व मेला प्रशासन की तरफ से कई बदलाव किये गये हैं। वहीं सरकार ने भी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई ठोस कदम उठाये हैं। घटना की जांच करने के लिए मुख्य सचिव मनोज कुमार और डीजीपी प्रशांत कुमार घटनास्थल पर पहुंचे हैं। मेला प्रशासन ने महाकुम्भ मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया है। इसका मतलब अब श्रद्धालु यदि अपने वाहन अथवा किसी भी वाहन से स्नान के लिए जायेंगे तो उन्हें अपना वाहन मेला क्षेत्र से काफी दूर पार्क करना होगा।

वहीं मौनी अमावस्या पर संगम नोज पर हुई भगदड़ की जांच करने के लिए मुख्य सचिव मनोज कुमार और डीजीपी प्रशांत कुमार घटनास्थल पर पहुंचे हैं। उनके साथ बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद है। दोनों अधिकारियों ने संगम तट पर पहुंचकर भगदड़ वाले स्थान का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों से घटना की जानकारी ली। ज्ञात हो कि मौनी अमावस्या पर अनियंत्रित भीड़ के दबाव से बैरिकेडिंग टूट जाने के बाद संगम नोज पर रात्रि एक से दो बजे के बीच भगदड़ मच गई। इसमें दम घुटने से 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और जबकि 60 ...शेष पृष्ठ 14 पर

सुप्रीम कोर्ट से श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का अनुरोध



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय में बृहस्पतिवार को एक जनहित याचिका दायर कर महाकुंभ में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट दिशा-निर्देशों और नियमों के कार्यान्वयन की मांग की गई है।

प्रयागराज में जारी महाकुंभ के दौरान संगम क्षेत्र में मंगलवार देर रात भगदड़ मचने से कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई और 60 घायल हो गए थे। एक दिन बाद संविधान के अनुच्छेद 32 ...शेष पृष्ठ 14 पर

अमृत व प्रमुख स्नानों पर प्रतिबंधित रहेगा वीआईपी मूवमेंट

लखनऊ। महाकुम्भ-2025 में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ-साथ वीआईपी और वीवीआईपी भी त्रिवेणी संगम में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करने आ रहे हैं। हालांकि, अमृत स्नान और प्रमुख स्नान पर्वों पर इस तरह के प्रोटोकॉल पर योगी सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया है। सीएम योगी की मंशा के अनुसार, अमृत स्नान व प्रमुख स्नान पर्वों पर तथा इसके समीप की तिथियों पर प्रशासन द्वारा किसी प्रकार का वीआईपी प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा। योगी सरकार की ओर से मेले की शुरूआत से पहले ही इसकी घोषणा की गई थी। अब इस फैसले को सख्ती से लागू किए जाने की पहल की गई है।

इतना ही नहीं योगी सरकार ने सर्कुलर में ये भी स्पष्ट किया है कि वीआईपी व वीवीआपी मूवमेंट को लेकर एक सप्ताह पहले ही सूचना उपलब्ध करानी होगी। इससे, ऐन वक्त पर निर्धारित होने वाले वीवीआईपी व वीआईपी मूवमेंट पर भी नकेल कसने में मदद मिलेगी, जिससे स्नानार्थियों व श्रद्धालुओं को होने वाली असुविधा से बचाने में मदद मिलेगी। इसी के साथ, वसंत पंचमी, माघ पूर्णिमा और महाशिवरात्रि ...शेष पृष्ठ 14 पर

सीतारमण आज पेश करेंगी आर्थिक समीक्षा

विभिन्न क्षेत्रों में विकास की रूपरेखा तैयार : वित्तमंत्री

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शुक्रवार को 2024-25 की आर्थिक समीक्षा पेश करेंगी। समीक्षा चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन के आकलन के साथ देश के सामने आने वाली चुनौतियों को बयां करती है। केंद्रीय बजट से पहले संसद में पेश होने वाली आर्थिक समीक्षा सुधारों और विकास का खाका भी प्रदान करती है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन के नेतृत्व वाली टीम ने समीक्षा को तैयार किया है। यह अगले वित्त वर्ष के लिए दृष्टिकोण प्रदान करने के अलावा अर्थव्यवस्था और विभिन्न क्षेत्रों में विकास की रूपरेखा को बयां करती है। समीक्षा में धीमी वृद्धि, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर में गिरावट और खपत के लिए कम मांग जैसी प्रमुख गतिविधियों के बारे में विस्तार से आकलन प्रदान किये जाने की उम्मीद है। गरीबी उन्मूलन, जलवायु परिवर्तन, शिक्षा, बुनियादी ढांचे के विकास और वित्तीय क्षेत्र से संबंधित चुनौतियों को लेकर समीक्षा में प्रायः नये और लीक से हटकर विचार दिये जाते ...शेष पृष्ठ 14 पर

लिव-इन रिश्तों का पंजीकरण अनिवार्य

जयपुर। राजस्थान उच्च न्यायालय की एक एकल पीठ ने प्रदेश में लिव-इन-रिलेशनशिप के पंजीकरण के लिए राज्य को एक वेबसाइट शुरू करने का निर्देश दिया है। उत्तराखंड राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू किए जाने का संदर्भ देते हुए पीठ ने कहा कि केंद्र और राजस्थान राज्य को लिव-इन रिलेशनशिप के संकट के समाधान की दिशा में सकारात्मक रूप से सोचना चाहिए। न्यायमूर्ति अनूप ढंड की अदालत की यह व्यवस्था, घर से भागे उन जोड़ों को सुरक्षा देने की मांग करने वाली याचिकाओं पर आई है जो लिव-इन रिलेशनशिप के लिए अपने परिवार और समाज से सुरक्षा चाहते हैं। पीठ ने कहा कई जोड़े लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहे हैं। अपने इस रिश्ते को स्वीकार नहीं किए जाने ...शेष पृष्ठ 14 पर

उत्तराखण्ड : शिक्षण संस्थानों में प्रतिदिन होगा योग

सीएम धामी ने नई दिल्ली से उच्च अधिकारियों संग वर्चुअल बैठक में दिये निर्देश

प्रमुख संवाददाता

नई दिल्ली/देहरादून। उत्तराखंड में फिट इडिया मूवमेंट को प्रभावी बनाया जाएगा। शैक्षणिक संस्थानों में प्रतिदिन योग और व्यायाम की गतिविधिया करवायी जाए। मुक्त उत्तराखण्ड, स्वच्छता और फिट इंडिया मूवमेंट के लिए बेहतर कार्ययोजना के साथ अभियान चलाया जाए। इसमें जन जागरूकता के साथ ही जनसहभागिता की दिशा में विशेष प्रयास किये जायें। यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली स्थित उत्तराखण्ड सदन से वर्चुअल बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्लास्टिक मुक्त उत्तराखण्ड अभियान को और अधिक व्यापक स्तर पर चलाया जाए। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड अपने नैसर्गिक सौन्दर्य के साथ पर्यटन और जैव विविधता के दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। पर्यावरण और जैव विविधता के संरक्षण के लिए सबको मिलकर प्रयास करने हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने में स्कूलों, कॉलेजों, गैर सरकारी संस्थानों और व्यापारिक संगठनों को भी जोड़ा जाए। किसी अभियान की सफलता के लिए जन भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि केदारनाथ धाम की तरह राज्य के अन्य धार्मिक स्थलों और पर्यटक स्थलों पर प्लास्टिक बोतल पर क्यूआर कोड की व्यवस्था की जाए। इससे प्लास्टिक कचरा प्रबंधन में काफी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में स्वच्छता के उच्च मानक स्थापित करने और लोगों को स्वस्थ वातावरण देने के स्वच्छता की दिशा में ...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	43.06 डिसे.
न्यूनतम	:	29.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- वाटर एटीएम से मिल रहा आरओ का पानी (पृष्ठ-02)
- इतनी भीड़ को नियंत्रित करना सरकार की कुशलता (पृष्ठ-02)
- रूस की समूह वीजा-मुक्त यात्रा के लिए वार्ता (पृष्ठ-14)
- डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे टूटकर 86.64 पर (पृष्ठ-14)
- अक्टूबर तक 20 लाख घरों में होगी सौर प्रणाली (पृष्ठ-14)

विशेष खबर — रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक

आज से शुरू होगा बजट सत्र, हंगामे के आसार

एजेंसी

नयी दिल्ली। बजट सत्र से पहले बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने बृहस्पतिवार को कहा कि महाकुंभ में भगदड़ तथा इस आयोजन में अतिविशिष्ट लोगों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कथित तौर पर अधिक तवज्जो दिए जाने के विषय पर संसद में चर्चा होनी चाहिए तथा शोक प्रस्ताव लाना चाहिए।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि बजट सत्र के एजेंडे के बारे में फैसला कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) निर्णय करेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में रीजीजू ने कहा कि बैठक सकारात्मक रही। बैठक में 36 दलों के 52 नेताओं ने भाग लिया। रीजीजू ने कहा पार्टी नेताओं ने कुछ मुद्दे उठाए और उन मुद्दों पर चर्चा की मांग की। कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) तय करेगी कि किन मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। सत्र की शुरुआत शुक्रवार को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण से होगी और बजट एक फरवरी को पेश किया जाएगा। सत्र का पहला चरण 13 फरवरी को समाप्त होगा और दूसरा चरण 10 मार्च से शुरू होकर चार अप्रैल तक चलेगा। इस सत्र के विधायी एजेंडे में वक्फ (संशोधन) विधेयक समेत कुल 16 विधेयक शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि जब कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसे विपक्षी दलों ने भगदड़ का मुद्दा उठाया तो राजनाथ सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार महाकुंभ त्रासदी की जांच कर रही है। महाकुंभ में भगदड़ पर चर्चा की विपक्ष की मांग के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने कहा कि निर्णय बीएसी द्वारा लिया जाएगा। रीजीजू ने कहा कई महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, महाकुंभ का भी उल्लेख किया गया। यह पारंपरिक बैठक राजनीतिक दलों को सरकार के विधायी एजेंडे के बारे में सूचित करने और सत्र के दौरान उनके द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दों पर जानकारी प्राप्त करने के लिए बुलाई जाती है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज सुबह संसद सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों के नेताओं ने सरकार से महाकुंभ में मची भगदड़ के कारण हुई दुर्भाग्यपूर्ण मौतों पर सामूहिक शोक ...शेष पृष्ठ 14 पर



यूपी : सड़क हादसों में आठ की मौत, 7 घायल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। जौनपुर, भदोही और फर्रुखाबाद जिले में हुई सड़क दुर्घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जौनपुर जिले के मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र में बृहस्पतिवार को तड़के प्रयागराज महाकुंभ से स्नान करके वापस लौट रहे श्रद्धालुओं की कार और एक रोडवेज बस के बीच आमने-सामने की टक्कर होने से दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने बताया कि महराजगंज जिले के समदेऊ आ थाना क्षेत्र में स्थित धनहानायक गांव के निवासी संजय सिंह (45), उनकी पत्नी विद्यावती (43), महेश तिवारी (52) और उनकी पत्नी किरण देवी (47) गोरखपुर जिले के खोरावर गांव निवासी बिंदु सिंह (40) और गोरखपुर के ही झगहा गांव निवासी विमला देवी (50) प्रयागराज महाकुंभ में स्नान कर कार से अपने घर लौट रहे थे। उनकी कार जौनपुर-रायबरेली राजमार्ग पर सतहरिया पुलिस चौकी के पास पहुंची, तभी सामने से तेज गति से आ रही एक रोडवेज बस से उसकी भिड़ंत हो गई। टक्कर से कार के परखच्चे उड़ गए। मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार सवार लोगों को बाहर निकाला। इस घटना में संजय सिंह, बिंदु सिंह और विमला देवी ...शेष पृष्ठ 14 पर

महाकुम्भ में वाटर एटीएम से बटन दबाते ही मिल रहा आरओ का फ्री पानी

श्रद्धालुओं ने प्रशासन और सरकार का जताया आभार, जलनिगम नगरीय के ऑपरेटर कर रहे हैं वाटर एटीएम का संचालन

विशेष संवाददाता (vol)

महाकुम्भ नगर। प्रयागराज में सनातन के महापर्व महाकुम्भ का आयोजन चल रहा है। देश भर से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु महाकुम्भ में संगम स्नान करने हर दिन आ रहे हैं। महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में मेला प्रशासन और अन्य सभी विभाग व्यवस्था और सुविधाएं उपलब्ध करवाने में प्रयासरत हैं। इसी क्रम में यूपी जल निगम नगरीय ने श्रद्धालुओं को पीने के लिए आरओ वाटर उपलब्ध करवाने को 200 वाटर एटीएम लगाए हैं। इन वाटर एटीएम से महाकुम्भ आने वाले श्रद्धालुओं को पूरी तरह शुद्ध आरओ वाटर उपलब्ध करवाया जा रहा है और वो भी बिल्कुल मुफ्त। इस सुविधा से श्रद्धालु काफी संतुष्ट हैं और सरकार व मेला प्रशासन का आभार जता रहे हैं।

- **मेला में 200 से अधिक वाटर एटीएम, उपलब्ध करवा रहे हैं प्रतिदिन 12 से 15 हजार लीटर पानी**
- **सेंसर बेस्ड मॉनिटरिंग से हो रही है वाटर एटीएम की निगरानी**

महाकुम्भ में प्रतिदिन लाखों, करोड़ों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के पीने के लिए शुद्ध आरओ पानी उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके लिये मेला क्षेत्र में 200 वाटर एटीएम लगाए गये हैं। इन वाटर एटीएम से श्रद्धालु पूरी तरह मुफ्त शुद्ध आरओ वाटर पीने के लिए ले सकते हैं। ये वाटर एटीएम पूरे मेला क्षेत्र के अलग-अलग सेक्टर और मंदिरों के पास लगाए गये हैं।

वाटर एटीएम के बारे में बताते हुए जन निगम नगरीय के अधिशासी अभियंता सतीश कुमार ने बताया कि वाटर एटीएम को लेकर शुरूआत में आ रही सभी तकनीकी समस्याओं को दूर कर दिया गया है। अब श्रद्धालु केवल बटन दबा कर पूरी तरह मुफ्त आरओ वाटर अपनी बोतलों या बर्तनों में ले सकते हैं। अधिशासी अभियंता ने बताया कि पहले मेला प्रशासन ने वाटर एटीएम के लिए मेला प्रशासन ने एक रुपए का शुल्क तय किया था लेकिन अब आरओ वाटर पूरी तरह मुफ्त है। प्रत्येक वाटर एटीएम पर ऑपरेटर बैठते हैं जो श्रद्धालुओं के कहने पर बटन दबाते ही शुद्ध जल उपलब्ध करवा रहे हैं। वाटर एटीएम में आने वाली तकनीकी खराबी की सेंसर के माध्यम से निगरानी हो रही है। किसी भी तरह की समस्या आने पर जल निगम के टेक्निशियन तत्काल दूर करते हैं। उन्होंने बताया कि वाटर एटीएम से प्रतिदिन 12 से 15 हजार लीटर पानी श्रद्धालुओं को उपलब्ध करवाया जा रहा है। अब तक लाखों लोग इस सुविधा का लाभ ले चुके हैं। मकर संक्राति के दिन 14 जनवरी को लगभग 46 हजार लीटर पानी वाटर एटीएम से उपलब्ध करवाया गया था। वहीं, मौनी अमावस्या पर भी पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया गया। अब बसंत पंचमी के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। लक्ष्य है कि किसी को पीने के पानी की कमी नहीं होने दी जाएगी। इस सुविधा का लाभ उठा रहे श्रद्धालुओं ने सरकार और प्रशासन का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इस सुविधा से उन्हें पानी की बोतल खरीदने की आवश्यकता नहीं रह गई और पूरी तरह निशुल्क पीने का पानी मिल पा रहा है।

कांग्रेस ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गुरुवार को दिल्ली के राजघाट स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि स्थल पहुंचकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया, इमरान मसूद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य मुख्य रूप से मौजूद रहे।

विदेशी श्रद्धालु बोले, इतनी भीड़ को नियंत्रित करना सरकार की कुशलता

विशेष संवाददाता (vol)

महाकुम्भनगर । प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ 2025 आस्था, भक्ति और संस्कृति का अद्वितीय संगम बन चुका है। इस भव्य आयोजन में देश-विदेश से श्रद्धालुओं का विशाल जनसैलाब उमड़ रहा है। हर किसी के मन में आस्था की ज्योति प्रज्ज्वलित हो रही है। सभी संगम में पुण्य की डुबकी लगाकर मोक्ष की कामना कर रहे हैं। इस दौरान विदेशी तीर्थयात्री भी महाकुम्भ की अद्भुत व्यवस्था से अभिभूत नजर आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा किए गए बेहतरीन प्रबंधों की सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की है।

- **महाकुम्भ में पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ पहुंचे विदेशी तीर्थ यात्रियों ने व्यक्त किये अपने विचार**
- **महाकुम्भ में मनुष्यों का महासागर देख विदेशी भी चकराये, कहा- अकल्पनीय है**

अमेरिका से आए श्रद्धालु ने बताया 'अविश्वसनीय' : महाकुम्भ में शिरकत करने पहुंचे विदेशी श्रद्धालु भी यहां की व्यवस्था से काफी प्रभावित हैं। अमेरिका के हवाई से आए एक श्रद्धालु ने कहा कि यह कल्पना से परे है कि इतने अधिक लोग एक साथ एकत्रित होकर आस्था के इस महासंगम में शामिल हुए हैं। इतनी विशाल संख्या में लोगों और यहां के बुनियादी ढांचे को देखते हुए, यह अविश्वसनीय है कि सरकार इसे इतनी कुशलता से संचालित कर पा रही है। हर कोई एक-दूसरे की सहायता करता दिख रहा है।

यह मेरे जीवन का सबसे यादगार अनुभव : फ्लोरिडा, अमेरिका से आईं मारिया ने कहा कि वह 12 साल पहले भी कुंभ मेले में आई थीं और इस अनुभव ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि वे इसे फिर से देखने आई हैं। उन्होंने कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे यादगार अनुभव है। मैं पिछले 26 वर्षों से हर साल भारत आती हूं और यहां की संस्कृति से प्रेम करती हूं। पुलिस प्रशासन ने जिस तरह भीड़ को संभाल रखा है, वह प्रशंसनीय है।

यहां का माहौल बहुत ही सुरक्षित और पवित्र : रूस के मॉस्को से आईं जूलिया ने कहा कि हम पहली बार महाकुम्भ में आए हैं और यहां की व्यवस्था से बहुत प्रभावित हैं। यहां का माहौल बहुत ही सुरक्षित और पवित्र है। इतने विशाल आयोजन को जिस प्रकार प्रशासन ने व्यवस्थित किया है, वह अविश्वसनीय है।

महादेव की कृपा से यहां पहुंच पाई: अल्माटी, कजाकिस्तान से आईं अलेना ने कहा कि यह मेरा सपना था कि मैं कुंभ मेले में आऊं। मैं महादेव की कृपा से यहां पहुंच पाई और इस अनुभव को शब्दों में बयां करना मुश्किल है। वहीं पंजाब के पठानकोट से आईं अंजू ने कहा कि प्रशासन द्वारा तीर्थयात्रियों को हर संभव सहायता दी जा रही है। हमें अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। बता दें कि सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने इस विराट आयोजन को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। महाकुम्भ के दौरान लाखों-करोड़ों श्रद्धालु प्रतिदिन संगम तट पर स्नान करने के लिए उमड़ रहे हैं, लेकिन इतनी बड़ी भीड़ को संभालने में प्रशासन ने जिस दक्षता और अनुशासन का परिचय दिया है, वह सराहनीय है। सरकार ने महाकुम्भ के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक का भी भरपूर उपयोग किया है।

- **योगी सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं की विदेशी श्रद्धालुओं ने की प्रशंसा**
- **विदेशियों ने की महाकुम्भ की व्यवस्था में जुटे सभी कर्मचारियों की तारीफ, बताया अनुशासित और दक्ष**

उत्तर प्रदेश के ग्रामीण युवाओं का हुनर देखेगा देश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में आगरा में दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना 2.0 और आरएसईटीआई 2.0 के अंतर्गत आयोजित इस कार्यशाला में आठ राज्यों के प्रतिनिधि कौशल विकास के नए आयामों पर मंथन कर रहे हैं। कार्यशाला की अध्यक्षता ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव पंकज यादव ने की। इस अवसर पर मिशन निदेशक अभिषेक सिंह, एमडी/सीईओ, एसआरएलएम/एसएसडीएम, आरएसईटीआई और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश सहित अन्य आठ राज्य/केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड और लद्दाख के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

डीडीयूजीकेवाई के अंतर्गत संचालित योजनाओं में ग्रामीण युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण, आधुनिक कक्षाएं, लैब, आवास, भोजन, प्रशिक्षण सामग्री और यूनिफॉर्म जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। इस कार्यशाला के माध्यम से युवाओं को अधिक रोजगारपरक कौशल से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा हो रही है।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से मिले असीम अरुण

लखनऊ। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने वृहस्पतिवार को नई दिल्ली में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों मंत्रियों ने कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। मंत्री असीम अरुण ने उद्योग मंत्री से विभागीय मुद्दों के साथ ही अपने विधानसभा क्षेत्र कन्नौज में औद्योगिक विकास के लिए कार्यनीतियों के निर्माण और उनके कार्यान्वयन विकास की आवश्यकताओं को लेकर अहम चर्चा की। समाज कल्याण मंत्री ने सामाजिक कल्याण के लिए कन्नौज सहित प्रदेश में रोजगार के अवसरों में वृद्धि कर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर भी चर्चा की। केंद्रीय मंत्री ने समाज कल्याण मंत्री को हर जनोपयोगी कार्यों के समुचित क्रियान्वयन के लिए आश्वस्त किया।

शहीद दिवस पर स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि और शहीद दिवस के अवसर पर आज राजभवन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। कार्यक्रम में राजभवन के बच्चों द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए गए, जिनमें गांधी जी के प्रिय भजनों को गाकर शहीदों के प्रति सम्मान प्रकट किया गया। इसके साथ ही सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विशेष सचिव राज्यपाल श्रीप्रकाश गुप्ता तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

संक्षेप

पिकप की टक्कर से कार चालक घायल

प्रतापगढ़। लखनऊ से प्रतापगढ़ सवारी छोडकर जा रही कार पिकप से भिड़ गयी। इसमें कार चालक घायल हो गया। लखनऊ निवासी तीस वर्षीय विपिन पाण्डेय पुत्र शशि कुमार गुरूवार की सुबह लखनऊ से प्रतापगढ़ सवारी पहुंचाने आया था। वापस लौटते समय रानीगंज कैथौला बाजार में कलापुर रोड की तरफ से आ रही तेज गति से अनियंत्रित पिकप ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार चालक घायल हो गया। वहीं दूसरी घटना रानीगंज कैथौला के समीप झलिहा गांव के पास आलू लदे टैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गयी। हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।

राष्ट्रपिता के निर्वाण दिवस पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

प्रतापगढ़। नगर स्थित क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस पर गुरूवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए देश की आजादी में उनके अमूल्य योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ही देन है कि आज देश के लोग स्वतंत्र भारत में आजादी के साथ रह रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र व संचालन रामू मिश्र ने किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, छोटे लाल सरोज, दयाराम वर्मा, राजू पाण्डेय, प्रीतेन्द्र ओझा, मुरलीधर तिवारी आदि रहे।

धोखाधड़ी कर कराया जमीन का बैनामा, दो आरोपियों पर केस

प्रतापगढ़। धोखाधड़ी कर बैनामा करायी गयी जमीन का पैसा मांगने पर धमकी देने के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के सालवाहनपुर गांव निवासी कमलजीत राय श्रीवास्तव पुत्र भगवत राय श्रीवास्तव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गांव के जितेन्द्र सोनी पुत्र रामकिशोर सोनी ने एक अज्ञात व्यक्ति के साथ मिलकर धोखे से बिना पैसा दिये उसकी जमीन का बैनामा करा लिया। पैसा मांगने पर आरोपी गालीगलौज व जान से मारने की धमकी दे रहे है। उदयपुर एसओ राधेबाबू का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

शिवलिंग खंडित करने का आरोपी गिरफ्तार

बलिया। जिले के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के सीसोटार गांव में स्थित श्री वनखण्डी नाथ मन्दिर के शिवलिंग को पिछले दिनों क्षतिग्रस्त करने के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया।

सिकंदरपुर थाने के प्रभारी विकास चंद्र पांडेय ने बताया कि सीसोटार गांव में स्थित श्री वनखण्डी नाथ मन्दिर के शिवलिंग और नंदी जी की प्रतिमा गत 10 जनवरी की रात्रि क्षतिग्रस्त कर दी गयी थी। गांव के मध्य भाग में यह मंदिर स्थित है। इस मामले में अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी संजीत उर्फ दीपक पांडेय को बृहस्पतिवार को खरीद गांव के समीप से गिरफ्तार कर लिया।

युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के गाँव पीपरीपुरा के रहने वाले 22 वर्षीय युवक ने ग्राम मलहुपुर के समीप डीएफसीसी रेलवे ट्रेक पर मालगाड़ी के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली मृतक की पहचान अवनीश यादव पुत्र सुखपाल सिंह की रहने वाले पीपरीपुरा के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की है। मृतक युवक के पिता सुखपाल सिंह ने बताया कि उनका पुत्र अवनीश कुछ समय से मानसिक तनाव में था और कुछ दिन से परेशान भी रहता था उसने यह कदम उठाया है यह किसी ने नहीं सोचा था। उप निरीक्षक ललित चतुर्वेदी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना से परिवार में मातम पसरा हुआ है गांव में भी शोक की लहर है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है तथा मृतक के मानसिक तनाव का कारण पता लगाने की भी कोशिश कर रही है।

महाकुंभ में बिछड़े कुछ लोग परिजनों से मिले, कई अब भी लापता

महाकुंभ नगर। महाकुंभ हादसे को करीब 24 घंटे बीत चुके हैं, पर ग्वालियर से 15 लोगों के साथ आई शकुंतला देवी को अब भी उनके अपने तलाश रहे हैं। उनके भतीजे जितेंद्र साहू बदहवास से हैं। जितेंद्र ने रुंधे हुए गले से बताया कि कल हादसे के बाद से बुआ का कोई पता नहीं चल रहा है। बुआ के गले में परिचय पत्र है, पर उनका न फोन लग रहा है, न ही उन्होंने किसी से संपर्क किया। क्या करें, समझ नहीं आ रहा। बुधवार तड़के एक से दो बजे के बीच बेकाबू भीड़ बैरियर को ध्वस्त करते हुए उन श्रद्धालुओं पर चढ़ गई जो 144 साल बाद के बहुप्रचारित शुभ मुहूर्त में अमृत स्नान करने के लिए घाट के रास्ते पर देर रात से ही डटे हुए थे।

इस घटना के कुछ 18 घंटे बाद मेला प्रशासन ने बुधवार शाम एक संक्षिप्त प्रेस वार्ता में यह बताया कि 30 लोग भगदड़ में मारे गए हैं और 60 घायल हैं। मामले की न्यायिक जांच के आदेश दिए गए हैं.. पर तब से जितेंद्र जैसे ही कई लोग हैं जो अब भी अपनों को ढूंढ रहे हैं।

तब से अब तक लापता हुए लोगों में से कुछ तो अपने परिजनों से मिल गए हैं, लेकिन जितेंद्र जैसे कई लोग अब भी लापता परिजनों की तलाश में परेशान हैं। लापता लोगों में अधिक संख्या महिलाओं की है। हमीरपुर के ढीहा डेरा गांव की फूली निषाद भी मौनी अमावस्या के दिन से ही लापता हैं। फूली के बेटे राजेश निषाद ने बताया कि कुंभ मेले में उनकी मां, पिता जी, मामा और मौसी गंगा स्नान करने गए थे। मौनी अमावस्या के दिन शाम को स्नान करने के बाद वह भटक गईं और अब तक उनका पता नहीं चला है। घरवाले भी परेशान हैं। वहीं, देवरिया से 6-7 रिश्तेदारों के साथ मौनी अमावस्या पर स्नान करने आईं माया सिंह भी मेले में लापता हो गईं। उनके पति जनार्दन सिंह ने बताया कि ये सभी लोग बनारस से सहसों चौराहे पर पहुंचे जहां गाड़ी पार्क कर ये सभी मेले में आए और गंगा स्नान किया। सभी लोग स्नान करके वापस जाने के लिए सहसों चौराहे पर पहुंचे, लेकिन भीड़ अधिक होने से माया सिंह उसी चौराहे पर कहीं भटक गईं।

महिलाओं बालिकाओं को पुलिस द्वारा किया जा रहा जागरूक

बलरामपुर। महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत *पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर वृहद स्तर पर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्राविधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है।

रोडवेज बसों की किल्लत से बढ़ी यात्रियों की परेशानी

प्रतापगढ़। महाकुंभ के चलते रोडवेज बसों का प्रयागराज से संचालन होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी हुई। महाकुंभ में मौनी अमावस्या के भारी भीड़ के चलते प्रतापगढ़ व लखनऊ डिपो की अधिकतर रोडवेज बसो को प्रयागराज से श्रद्धालुओं को ले जाने के लिए बुलाया गया है। इसके चलते लखनऊ व कानपुर से प्रतापगढ़ के लिए आने वाली बसों की संख्या न के बराबर रह गयी है। कई घंटो के इंतजार के बाद एक बस आयी भी तो उसमें पहले से ही सवारियां ओवरलोड रहती हैं। गुरूवार को लालगंज मे रोडवेज बसों के इंतजार में लखनऊ व कानपुर जाने वाले घंटो सड़क किनारे बैठकर परेशान हुए।

ब्राह्मण समाज शुक्रवार को विधायक उमेश शर्मा प्रकरण में उत्तराखंड करेगा कूच

मेरठ। गुरुवार को आर जी इंटर कॉलेज के निकट निम्बस बुक स्टोर पर एडवोकेट रामकुमार शर्मा के मार्गदर्शन में ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित की गई। जिसमे उत्तराखंड के खानपुर विधायक उमेश शर्मा के प्रकरण को लेकर रोष व्यक्त किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 31 जनवरी को मेरठ से ज्यादा से ज्यादा संख्या में लंबे चौड़े काफिले के साथ उमेश शर्मा के लक्सर कार्यालय पर कूच करेंगे। सभी लोग कल सुबह 9 बजे कमिश्नर पार्क ,मेरठ पर एकत्र होंगे और वहाँ से सभी गाड़ियों के काफिले के साथ चलेंगे।। बैठक में प्रमुख समाजसेवी एडवोकेट रामकुमार शर्मा , अखिलभारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा, युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिन्मय भारद्वाज , राष्ट्रीय प्रवक्ता पं. तरुण शर्मा , महानगर अध्यक्ष भूपेन्द्र शर्मा , डॉ अनुज शर्मा , अनिल शर्मा (गाँवड़ी), ब्राह्मण युवा समिति अध्यक्ष अनुज कौशिक , उपाध्यक्ष प्रशांत भारद्वाज , मीडिया प्रभारी तपन शर्मा , भागेश कौशिक , सचिन शर्मा , एडवोकेट अरुण शर्मा , भाजयुमो मंत्री दीपक शर्मा आदि उपस्थित रहें।

आईआईटी कानपुर की महिला इंजीनियर ने सहकर्मी पर दर्ज कराया दुष्कर्म का केस

कानपुर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-कानपुर (आईआईटी-के) में कार्यरत अनुसूचित जनजाति की 24 वर्षीय इंजीनियर से शादी का झांसा देकर बलात्कार करने के आरोप में उसके सहकर्मी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आईआईटी-के प्रशासन ने आरोपों की जांच के लिए छह सदस्यों की एक टीम गठित की है। सहायक पुलिस आयुक्त (कल्याणपुर क्षेत्र) अभिषेक पांडे ने बृहस्पतिवार को बताया कि आईआईटी-के की साइबर सुरक्षा परियोजना में विश्लेषक के तौर पर कार्यरत अरुणाचल प्रदेश की रहने वाली अनुसूचित जनजाति की एक इंजीनियर लड़की (24) ने अपने 25 वर्षीय सहकर्मी शुभम मालवीय के खिलाफ बुधवार को कल्याणपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि मालवीय ने काम के दौरान उससे नजदीकियां बढ़ायीं और शादी का वादा करके उससे बलात्कार किया। पुलिस उपायुक्त (पश्चिमी क्षेत्र) राजेश कुमार सिंह ने बताया कि कथित पीड़िता की बुधवार को मेडिकल जांच कराई गई और बृहस्पतिवार को उसे बयान दर्ज करने के लिये महिला मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। पुलिस आरोपी इंजीनियर की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

आईआईटी-के के निदेशक मनिंद्र अग्रवाल ने बताया कि संस्थान के प्रशासन ने मालवीय के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए छह सदस्यों की एक टीम गठित की है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

26 लाख के 122 मोबाइल बरामद

मेरठ। मेरठ पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताडा के दिशा निदेर्शों के बाद सर्विलांस सैल की मदद से 122 मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को सौप दिए हैं। इस संबंध में गुरुवार को पुलिस लाइन के बहुउद्देशीय सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह तथा पुलिस अधीक्षक देहात राकेश मिश्रा ने पत्रकारों को बताया कि बरामद मोबाइल फोन की कीमत 26 लाख रुपए है जिन्हें आज उनके मालिकों को सौपा जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा निदेर्शों में खोए हुए मोबाइल फोन को बरामद करने के लिए अभियान चला कर पुलिस ने सर्विलांस सैल की मदद से बरामद किए हैं। बरामद मोबाइल फोन में गुमशुदगी हुए मोबाइल फोन भी शामिल है उन्होंने बताया कि प्रार्थना पत्रों के आधार पर सभी गुमशुदगी तथा खोए हुए मोबाइलों को सर्विलांस पर लगाया गया था जिन्हें पुलिस ने मेरठ तथा आसपास के जनपदों से बरामद कर गुरुवार को उनके मालिकों को सौंप दिया। खोए हुए मोबाइल फोन पाकर उनके मालिक काफी खुश नजर आए और मेरठ पुलिस को धन्यवाद दिया। सर्विलांस सैल के प्रभारी उप निरीक्षक नितिन पांडे तथा उनकी टीम की इस मुहिम में महत्वपूर्ण भूमिका बताई जा रही है।

विश्व साइंटिस्ट और यूनिवर्सिटी रैंकिंग मे मेरठ कृषि विवि के शिक्षक भी शामिल

मेरठ। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आर एस सेंगर तथा डॉ मुकेश कुमार को रैंकिंग में शामिल किया गया है इन विज्ञान के शोध पेपर अंतरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय स्तर की पत्रिकाओं में हाई रेटिंग में प्रकाशित किए गए हैं जिसका उपयोग बड़े पैमाने पर अन्य शोधकताओं द्वारा किया जा रहे हैं उसी का प्रणाम है कि उनके सटेशन भी विगत वर्षों में काफी तेजी से बढ़ रहे हैं इन लोगों का शोधकर उच्च श्रेणी का होने के कारण इन्होंने राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने विश्वविद्यालय के साथ-साथ अपना भी नाम अग्रणीय वैज्ञानिकों को में शामिल किया है। अमेरिकी रैंकिंग एजेंसी एड साइंटिफिक इंडेक्स की ओर से वर्ष 2025 की वर्ड साइंटिस्ट एंड यूनिवर्सिटी रैंकिंग जारी की गई है विश्व के टॉप विज्ञान को में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के शिक्षक भी शामिल हैं। इस रैंकिंग लिस्ट में कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आर एस सेंगर निदेशक ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभागाध्यक्ष डिवीजन ऑफ प्लांट बायोटेक्नोलॉजी तथा प्रोफेसर मुकेश कुमार विभागाध्यक्ष फ्लोरीकल्चर एवं लैंडस्केपिंग को स्थान प्राप्त हुआ है इस रैंकिंग में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्रोफेसर आर एस सेगर तथा प्रोफेसर मुकेश कुमार को दूसरा स्थान मिला है विश्वविद्यालय ईश्वर की रैंकिंग जारी करने के साथ ही इंडिया एशिया और वर्ल्ड रैंकिंग जारी की गई है राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने पर जहां वैज्ञानिकों का नाम तो रोशन होता ही है साथ ही विश्वविद्यालय को नेक रैंकिंग में भी स्थान बनाने मे उपयोगी साबित होते हैं।

शहीदों की स्मृति में समस्त कार्यालयों में रखा गया 2 मिनट का मौन

बलरामपुर। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में जनपद के समस्त कार्यालय में 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में 2 मिनट रखा रखा गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर उप जिलाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

संचालित क्लीनिक को अधिकारियों ने किया सीज

ऊसराहार, इटावा। अवैध रूप से संचालित क्लीनिक को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने सीज कर दिया अस्पताल का पंजीकरण कराए बिना ही मरीजों का इलाज किया जा रहा था डिप्टी सीएमओ ने छापा मार कार्यवाही मे क्लीनिक को सीज कर दिया है। ऊसराहार में बृहस्पतिवार को एसीएमओ यतेंद्र राजपूत स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ छापेमारी पर रहे, क्षेत्र में कई अवैध रुप से क्लीनिक संचालित हैं तमाम अस्पतालों मे अभी भी खुले आम बिना डिग्री के डाक्टर आप्रेशन कर रहे गर्भपात का धंधा चल रहा है जनपद की सीमा होने के कारण ऊसराहार मे अधिकारियो की नजर कम रहती है जिसका सीधा फायदा अबैध रूप से संचालित हो रहे अस्पतालों के माफिया उठा रहे हैं एक वर्ष पहले ही ऊसराहार मे सिटी हास्पिटल मे इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई थी जिसके बाद संचालक को जेल जाना पडा था लेकिन इसके बाद में अस्पतालों और क्लीनिकों पर आज भी बिना पंजीकरण के झोलाछाप इलाज कर रहे हैं गुरूवार को ऊसराहार भरथना मार्ग पर माई क्लीनिक के नाम से संचालित क्लीनिक पर डिप्टी सीएमओ यतेंद्र राजपूत ने छापा मारा क्लीनिक पर महिला कर्मचारी क्लीनिक के पंजीकरण के कोई कागज नही दिखा।

1,91,096 रुपये की ठगी की सम्पूर्ण धनराशि पुलिस ने पीड़ित को कराये वापस

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा साइबर अपराधों के रोकथाम अनावरण हेतु दिए गए निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नोडल अधिकारी साइबर क्राइम बलरामपुर श्री योगश कुमार के पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम थाना द्वारा साइबर फ्राड कर निकाले गये शिकायतकर्ता श्री अभिमन्यु कुलदीप के 1,91,096 रुपये वापस कराये गये। पुलिस सूत्रों के अनुसार अभिमन्यु कुलदीप पुत्र सत्य प्रकाश कुलदीप निवासी पुरषोत्तमपुर पोस्ट सोनपुर थाना तुलसीपुर बलरामपुर द्वारा शिकायत की गयी थी कि शिकायतकर्ता वर्तमान समय जनपद बलरामपुर में सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्त है, शिकायतकर्ता को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फोन कर अपने आप को बैंक का कर्मी बताकर शिकायतकर्ता के आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर धोखाधड़ी करके क्रेडिट कार्ड से दो बार में 1,91,096 रुपये निकाल लिए गए थें। जिसकी शिकायत शिकायतकर्ता द्वारा साइबर क्राइम थाना बलरामपुर पर की गयी थी। जिसपर साइबर क्राइम थाना जनपद बलरामपुर की साइबर टीम द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाहियां की गयी। साइबर क्राइम थाना टीम द्वारा शिकायतकर्ता की समस्त धनराशि विभिन्न वॉलेटबैंक खातों से बरामद कराते हुए 1,91,096 रुपये शिकायतकर्ता के क्रेडिट कार्ड में वापस करायी गयी है। शिकायतकर्ता अभिमन्यु कुलदीप द्वारा रुपये 1,91,096 अपने क्रेडिट कार्ड में वापस मिल जाने पर पुलिस अधीक्षक के प्रति धन्यवाद पत्र ज्ञापन देते हुए बलरामपुर पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया गया। पुलिस ने साइबर अपराध से बचाव हेतु सावधानी साझा करते हुए बताया कि एईपीएस फ्राड से बचने के लिए हमेशा आधार कार्ड का बायोमैट्रिक लाक करके रखें। साइबर अपराधियों द्वारा आम लोगो का फिंगर प्रिन्ट क्लोन कर एईपीएस के माध्यम से धोखाधड़ी करके रुपया निकाल लिया जाता है, जिसके बचाव के लिए आवश्यक है कि आधार कार्ड का बायोमैट्रिक लाक करके रखें। किसी अनजान व्यक्ति द्वारा बताये गये किसी एप को डाउनलोड न करें, साइबर अपराधियो द्वारा स्क्रीनशेयरिंग एप डाउनलोड करवाकर अपका फोन एक्सेस करके उसका गलत उपयोग किया जा सकता है। किसी अनजान के कहने पर पेमेन्ट रिक्वेस्ट एक्सेप्ट न करें। साइबर अपराधियों द्वारा लोगो को यह बताकर कि पैसे आपके खाते में भेजे जा रहे रिसीव कर लीजिए, लोगो द्वारा रिसीव करने के लिए जैसे ही यूपीआई पिन डाला जाता है, पैसे खाते से कट जाते हैं।

काला नमक चावल के उत्पादन और विपणन के हो रहे प्रयास

● सिद्धार्थनगर महोत्सव में आयोजित कृषि गोष्ठी को डीएम ने किया सम्बोधित

राम आशीष दूबे

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर महोत्सव के दूसरे दिन कृषि विभाग द्वारा आयोजित गोष्ठी जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर की अध्यक्षता एवं भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पसवान, मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार एवं अन्य संबंधित की उपस्थिति में संपन्न हुआ जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने कहा कि कालानमक चावल की खेती और उत्पाद की मार्केटिंग के लिए सतत प्रयास हो रहे हैं। एक जनपद-एक उत्पाद के तहत विविध सफलताएं मिली हैं। उन्होंने कहा कि इंडो-नेपाल बॉर्डर पर 123 वर्ष बाद 10 जलाशयों की खुदाई करने की योजना है। इसके बाद से एक तरफ जहां कालानमक की खेती के लिए सिंचाई को लेकर व्यवस्था बेहतर होगी, साथ ही वहीं पर्यटन क्षेत्र का एक बड़ा हब भी बनेगा। गत गुरुवार को बीएसए ग्राउंड में सिद्धार्थनगर महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित कृषि गोष्ठी को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि कालानमक को विदेशों में ब्लैक साल्ट कहते हैं, इसे सरल रूपांतर करते हुए बुद्धा राइस के रूप में बीते दिसंबर माह में प्रदेश स्तरीय क्रेता-विक्रेता सम्मेलन संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि इसका असर आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा, उन्होंने कहा कि कालानमक चावल (बुद्धा राइस) के गुणवत्तायुक्त बीज की टेस्टिंग के लिए जिले में तीन करोड़ की लागत से सेंटर की स्थापना की जाएगी। इसके लिए जल्द ही शासन को प्रस्ताव भेज दिया जाएगा। इसके साथ ही कालानमक बोर्ड के गठन को मजबूती देने के लिए ठोस एवं सकारात्मक प्रयास शुरू किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में भी विकास की अपार संभावनाएं हैं, बशर्ते किसान खेती किसानों को वैज्ञानिक विधि एवं उन्नतिशील बीज का प्रयोग करें। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ने कहा कि जनपद कृषि प्रधान है। व्यवसाय दृष्टि से किसान नगदी फसलों की खेती करके आत्म निर्भर बन सकते हैं। किसान मेला कृषकों के खुशहाली एवं बेहतरी में मील का पत्थर साबित होगा। बाद उसके भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि यहां के लोग अपनी सांस्कृतिक, विरासत, परंपरा व जनपद की स्थापना के प्रति सजग हैं। महोत्सव अब हुआयामी हो गया है। सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल ने कहा कि इस मिट्टी के गौरव एवं विरासत को याद करके गौरवशाली महसूस कर रहे हैं। संचालन नितेश पांडेय ने किया। इस मौके पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तन्मय, समाज कल्याण अधिकारी एमपी सिंह, प्रबंधक उद्योग दीपक मिश्रा, भाजपा के मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय, भी उपस्थित रहे।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों का सम्मान

लालगंज के चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल में बीईओ ने बांटे पुरस्कार

प्रतापगढ़। नगर के चिल्डेज्न पैराडाइज स्कूल में एक दिवसीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। चिल्डेज्न पैराडाइज सोसाइटी के तत्वाधान में हुई प्रतियोगिता में कुल दो सौ दस छात्रों ने प्रतिभाग किया। इसमें से पचपन मेधावियों ने सफलता हासिल किया। इसको लेकर गुरूवार को विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह हुआ। इसमें खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश सिंह ने सफल प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शत प्रतिशत अंक हासिल करने वाले प्रतिभागी दिव्यांशी, सुयश, रोशनी, चित्रा, प्रिया, कीर्ति, हिमानी, ऋषभ, परी को विशेष पुरस्कार मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश सिंह ने कहा कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों के बौद्धिक व मानसिक क्षमता का विकास हुआ करता है। उन्होनें विद्यालय के बच्चों के विद्या ज्ञान तथा नवोदय विद्यालय में प्रतिवर्ष सफलता हासिल करने का श्रेय विद्यालय के शैक्षिक वातावरण को दिया। उन्होनें विद्यालय के प्रधानाचार्य आदर्श मिश्र समेत शिक्षकों की सराहना की। विद्यालय के प्रबंधक विकास मिश्र ने सफल छात्र छात्राओं का माल्यार्पण कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय के चतुर्दिक विकास के लिए हर सम्भव प्रयास किया जाएगा। प्रधानाचार्य आदर्श मिश्र ने अतिथियों का स्वागत व उप प्रधानाचार्य भरतभूषण ओझा ने संचालन किया। इस मौके पर जनक शुक्ल, संजीव पाण्डेय, राजेन्द्र मिश्र, अनूप मिश्र, अनिषेक मिश्र, प्रतिभा द्विवेदी, सरिता, ज्योती, प्रियंका आदि मौजूद रहे।

ओपीडी में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

सैफई, इटावा। उ.प्र. आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के ओपीडी में सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा के प्रति आम-जन को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें पैरामेडिकल स्टूडेन्ट्स इमजेर्सी एवं ट्रामा ने नुक्कड नाटक कर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान सड़क सुरक्षा हेतु शपथ भी दिलायी गयी। कार्यक्रम में फैकेल्टी, मेडिकल स्टूडेन्ट्स तथा पैरामेडिकल स्टूडेन्ट्स (इमजेर्सी एवं ट्रामा) तथा ओपीडी में आये मरीजों ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ ली। इस अवसर पर एसडीएम सैफई कौशल किशोर ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करें। नशे में वाहन न चलायें, ओवर स्पीड से बचें। इसके साथ ही दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा सीट बेल्ट जरूर लगायें। सीओ सैफई पाहुप सिंह ने कहा कि तेज गति में वाहन न चलायें तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. डा. पीके जैन, प्रतिकुलपति प्रो. डा. रमाकान्त यादव, संकायाध्यक्ष डा. आदेश कुमार, कुलसचिव डा. चन्द्रवीर सिंह, डा. नज्मुल इस्लाम, मुख्य नर्सिंग अधीक्षिका लवली जेम्स मेडिकल स्टूडेन्ट्स तथा इमजेर्सी एवं ट्रामा स्टूडेन्ट्स पैरामेडिकल उपस्थित रहे।

लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)

प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ०प्र०)। टोल-फ्री : 1800 1800 5000, वेबसाइट : www.ldaonline.co.in

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानांतरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

क्र. सं.	मूल आवंटी का नाम	भवन/भूखण्ड संख्या	योजना का नाम	मृत्यु दिनांक	मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम	उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम	मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	श्री सुरेश चन्द्र अग्रवाल	गैराज संख्या-2	विवेकानन्द पुरी	10.10.2008	श्रीमती मीना अग्रवाल	श्रीमती दीपा गोयल श्रीमती पारूल अग्रवाल	विवाहित पुत्रियां
2.	श्री ओम प्रकाश मिश्रा	भवन संख्या-सी-11/5,	पेपर मिल कालोनी	22.10.1994	श्री चन्द्र प्रकाश मिश्रा	-------	पुत्र
3.	स्व० सरिता सिन्हा (मृतका)	भूखण्ड संख्या- 59 सेक्टर-आई, बसन्त कुन्ज	हरदोई रोड योजना	28.04.2021	श्री राय प्रदीप चन्द्र	स्मृति राय, क्षितिज राय, रित्विक राय	पति, पुत्री, एवं पुत्रगण
4.	स्व० राम भरोसे गुप्ता	भूखण्ड संख्या- डी-1/62, विभव खण्ड	गोमती नगर योजना	31.08.2008	श्री राकेश चन्द्र गुप्ता	वसीयत के आधार पर	पुत्र
5.	श्री राधे श्याम सिंह	भूखण्ड सं-487, उदयन-1, रवि खण्ड	शारदा नगर योजना, रायबरेली रोड, लखनऊ	29.04.2023	श्रीमती तारा सिंह	श्री मनोज कुमार सिंह, श्री आशीष कुमार सिंह (पुत्रगण), मन्जू सिंह, मधु सिंह, ममता सिंह, वन्दना सिंह (पुत्रियां)	पत्नी

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

संक्षेप

गोरखपुर के दो दिवसीय दौरे आज आयेंगे सीएम योगी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शुक्रवार को गोरखपुर के दो दिवसीय दौरे पर आगमन होगा। मुख्यमंत्री शुक्रवार को 121.60 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। खोराबार में 21.60 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण और 100 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास प्रस्तावित है इसी दौरान वे खोराबार टाउनशिप और मेडिसिटी परियोजना में निर्माणाधीन ग्रुप हाउसिंग मिनी टक्क्ष्के सैंपल फ्लैटों का निरीक्षण भी कर सकते हैं। गोरखपुर विकास प्राधिकरण और नगर निगम ने कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। गोरखपुर विकास प्राधिकरण और नगर निगम इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारियों में जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा और आयोजन की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री खोराबार टाउनशिप और मेडिसिटी परियोजना के तहत 91.56 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट का निरीक्षण करेंगे। 6.63 एकड़ में बन रहे इस प्रोजेक्ट में 14 मंजिला टावर के तहत 420 मिनी टक्क्ष् फ्लैट तैयार किए जा रहे हैं। हर फ्लैट की कीमत करीब 28.58 लाख रुपये होगी। फ्लैटों की चाहरदीवारी का निर्माण पूरा हो चुका है। ब्लॉक-1 में स्टिल्ट समेत 12 मंजिलों तक निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि ब्लॉक-2 में स्टिल्ट का काम पूरा हो गया है। मुख्यमंत्री को दिखाने के लिए सैंपल फ्लैट का निर्माण पहले ही पूरा कर लिया गया है। इस परियोजना को 9 फरवरी तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

मजीठिया एकेडमी पहुंची सेमीफाइनल में

चौरीचौरा, गोरखपुर। प्रथम स्वर्गीय गुरलाभ सिंह मजीठिया अंडर 14 मंडल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत आज खेले गए ग्रुप ए के पांचवें लीग मैच में मजीठिया क्रिकेट एकेडमी ने रामकोला क्रिकेट एकेडमी पडरौना को 157 रनों हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली `टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 35 ओवरों में मजीठिया क्रिकेट एकेडमी ने 6 विकेट के नुकसान पर 232 रनों का स्कोर खड़ा किया। 233 रनों के लक्ष्य का पीछा मैच के दौरान अमित सिंह ,अजय सिंह, सुनील सिंह, अतुल सिंह, और धीरज पांडे ,मौजूद रहे ।

Notice

I Atul Kumar Vaish s/o Mr. Subhash Chandra Gupta R/o- F-17, Adarsh Marg, Sarvodaya Nagar, Lucknow, Have Changed My daughter's Name From VIHANA VAISH To VRINDA VAISH in future my daughter should be known as "VRINDA VAISH

सूचना

सूचित हो कि मैं MOHD ADIL पुत्र KADEER AHAMAD नि. ग्राम निहालगढ़ चक जंगला जगदीशपुर, तह. मुसाफिरखाना जिला अमेठी का निवासी हूं मेरे पिता का नाम हाईस्कूल की मार्कशीट में MOHD KADEER है जबकि आधारकार्ड, पेनकार्ड सहित अन्य अभिलेखों में KADEER AHAMAD है इसी नाम से जाना पहचाना जाय।

कार -डम्पर से टकराई, 3 की मौत

गोरखपुर। सिकरीगंज थाना में भीषण सड़क हादसे में महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार डंपर से टकरा गई, जिससे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा गोरखपुर-आजमगढ़ लिंक एक्सप्रेसवे पर छतीयारी गांव के पास हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक, श्रद्धालु मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में स्नान कर बिहार के मोतिहारी लौट रहे थे। तभी रास्ते में तेज रफ्तार डंपर ने उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में गोपाल यादव (64), उनकी पत्नी सोना देवी (62) और अरविंद कुमार (37) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार चला रहे अरुण कुमार (28) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही सिकरीगंज पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। गंभीर रूप से घायल अरुण कुमार को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और परिजनों को सूचना दे दी गई है। शुरुआती जांच में कोहरे और डंपर चालक की लापरवाही को हादसे की वजह बताया जा रहा है। पुलिस ने डंपर को जब्त कर लिया है और चालक की तलाश जारी है। सड़क हादसे रोकने के लिए उठेंगे कड़े कदम इस दर्दनाक घटना के बाद प्रशासन ने राजमार्गों पर सुरक्षा बढ़ाने और तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती की बात कही है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

महिला की भगदड़ में मौत, घर पहुंचा शव

चौरीचौरा, गोरखपुर। महाकुंभ में प्रयागराज स्नान करने गए चौरीचौरा थाना क्षेत्र के भाऊपुर निवासी लाली देवी पत्नी बृजमोहन कुशवाहा की गत दिनों हुई मौत के बाद शव घर पहुंचते ही परिजन विलख पड़े तथा वहां का पूरा माहौल गमगीन हो गया। बताते चलें कि महाकुंभ स्नान के लिए गए थाना क्षेत्र के भाऊपुर निवासी लाली देवी पत्नी बृजमोहन कुशवाहा गत सोमवार दिनांक 27 जनवरी को प्रयागराज मौनी अमावस्या पर स्नान के लिए गए थे जहां भगदड़ के दौरान लाली देवी की मौत हो गई। घटना की सूचना साथ गये परिजनों ने गांव में परिजनों को दिया। गुरुवार को मृतक लाली देवी का शव क्षेत्र के भाऊपुर गांव में पहुंचा शव पहुंचते ही परिजन चिग्घाड़ मारकर बिलख पड़े। परिजनों को विलखता देख वहां का पूरा माहौल गमगीन हो गया। मृतिका के पुत्र अविनाश ने बताया कि प्रयागराज स्नान करने गयी देवरिया जिले के महुआडीह थाना क्षेत्र के पोखरभिण्डा निवासी मेरी नानी की भी भगदड़ में मेरे माता के साथ ही मौत हो गई है। परिजनों के अनुसार मृतिका लाली देवी के दो पुत्र तथा एक पुत्री है। पुत्री की शादी हो चुकी है। भाऊपुर निवासी सुभावती देवी की भी भगदड़ में घायल होने की खबर प्रकाश में आई है। जानकारी के मुताबिक प्रयागराज स्नान करने गए झगहा थाना क्षेत्र के बकसूड़ी निवासी प्रभु नाथ गुप्ता की भी प्रयागराज में भगदड़ के दौरान मौत होने की खबर सामने आई है।

बदमाशों ने ई-रिक्शा सवार महिला की पर्स लूटी, महिला जख्मी

चरगांवा, गोरखपुर। शाहपुर इलाके के जेल बाईपास स्थित एक ट्रैक्टर एजेंसी के पास बृहस्पतिवार की शाम बाइक सवार बदमाशों ने ई-रिक्शा में बैठी महिला की पर्स लूट कर फरार हो गए। बदमाशों की झपट्टा से महिला सड़क पर गिरकर जख्मी हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने महिला को निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराकर सीसीटीवी कैमरे की मदद से बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। आरोप है कि जिस सीसीटीवी कैमरे में लूट की घटना कैद हुई थी, उसे पुलिस ने डिलीट करा दी है। जानकारी के मुताबिक, शाहपुर इलाके के मोहनापुर स्थित चुन्नीपुर निवासी अन्नू मौर्या की ससुराल कैंट इलाके के इंदिरा नगर में है। मायके में 6 फरवरी को उनकी चचेरी बहन की शादी है। उसी में शामिल होने के लिए वह बृहस्पतिवार की शाम 5 बजे इंदिरानगर से ई-रिक्शा में बैठकर मोहनापुर अपने मायके जा रहीं थीं। अभी ई-रिक्शा पादरी बाजार चौराहे से 200 मीटर पहले एक ट्रैक्टर एजेंसी के पास पहुँचा था कि पीछे आए बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर महिला की पर्स लूटकर पादरी बाजार की तरफ फरार हो गए।

चेयरमैन ईओ के निर्देशन में स्वच्छ भारत अभियान

इटावा। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष ज्योति सन्टू गुप्ता व विनय माणि त्रिपाठी अधिशाषी अधिकारी की देखरेख मे तथा स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के ब्रांड एम्बेसडर डॉ. हरीशंकर पटेल के नेतृत्व में नुमाइश में स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रथम लाने के उद्देश्य से पम्पलेटो के माध्यम से वृहद जन जागरुकता स्वच्छता अभियान चलाया। डॉ. हरीशंकर पटेल ने नुमाइश के दुकनदारो तथा आम जनमानस को जागरूक कर महत्वपूर्ण जानकारियाँ में कूड़े को अलग करने के फायदे बताये, पर्यावरण संरक्षण कूड़े को अलग करने से हम पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रख सकते हैं, स्वास्थ्य लाभ, कूड़े को अलग करने से हम बीमारियों को फैलने से रोक सकते हैं। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक नत्थीलाल कुशवाहा ने कूड़ेदानों का उपयोग, घरों और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ेदानों का उपयोग करें, कूड़े को वगीर्कृत करें कूड़े को वगीर्कृत करें, जैसे कि कागज, प्लास्टिक, गिलास, और अन्य। कार्यक्रम में इन्जी. राजेश कुमार वर्मा, डॉ. रमेश चन्द्र प्रधानाध्यापक, अशोक यादव प्रधानाध्यापक, अनिल राजपूत प्रधानाध्यापक, कुलदीप सक्सेना प्रधानाध्यापक, राजेश सिंह स. अध्यापक, संजीव शाक्य सहायक अध्यापक, मंजूलता राजपूत स. अध्यापक, डॉ. अनिल शंकर, सफाई नायक रजनीश राठौर आदि मौजूद रहे।

महात्मा गांधी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

इटावा। कांग्रेस कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए पुष्प अर्पित किए गए। इसके बाद सरकारी कोल्ड स्टोर एवं नुमाइश में लगी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने कहा कि 30 जनवरी 1948 देश के इतिहास में एक काले दिन के तौर पर दर्ज है इस दिन दिल्ली के बिडला हाउस परिसर में नाथूराम गोडसे नामक व्यक्ति ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या कर दी थी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने कहा गांधी ने देश को आजाद करने के लिए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन किया उन्हें कई बार जेल जाना पड़ा। आज के दिन शहीद दिवस के रूप में भारत के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों को याद किया जाता है। कार्यक्रम में प्रेमकिशोर द्विवेदी, वाचस्पति दुबे, सरवर अली, युवा जिलाध्यक्ष शोजब रिजवी, आसिफ जादरान, सतीश शाक्य, अवनीश वर्मा, तेजस शुक्ला, इकबाल खान मोहसिन अली आदि उपस्थित रहे।

मूकबधिर युवक ने लगाई फांसी

इटावा। मूकबधिर युवक ने गोदाम के अंदर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दोपहर में दुकान पर शौच क्रिया जाने की कहकर निकला था। भाई जब गोदाम से समान निकालने गया तो देखा कि उसका भाई फांसी पर लटका हुआ है। आनन फानन में युवक को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित किया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी विक्रम सिंह व नौरंगाबाद चैकी इंचार्ज संजय दुबे मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। गुरुवार दोपहर थाना कोतवाली क्षेत्र के नुमाइश के पास आचार्यनगर में एक गोदाम के अंदर 27 वर्षीय मो आदिल पुत्र ताज मोहम्मद निवासी पिलखर इकदिल ने कपड़े के गोदाम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छोटा भाई कबीर जब गोदाम पर से सामान निकालना पहुंचा तो उसने देखा कि उसका बड़ा भाई फांसी के फंदे पर लटका हुआ है जिसके बाद आनंद भवन में उसको जिला अस्पताल ले जाया गया डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

निर्माणाधीन होटल से लाखों की चोरी

जसवंत नगर। कस्बे के कचैरा रोड बाईपास के पास एक निमार्णाधीन होटल में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर डेढ़ लाख रुपये से ज्यादा का सामान चोरी कर लिया। यह घटना बीती रात की है। अज्ञात चोर 1किलोवाट का 1इनवर्टर दो बैटरी, 10 बंडल कॉपर का बिजली तार,60पैनल लाइट, और 50 कनशील्ड लाइट के साथ अन्य सामान चोरी कर ले गए है। होटल मालिक रवि पुत्र त्रिभुवन सिंह सिद्धार्थपुरी, जसवंतनगर कस्बे के रहने वाले ने बताया कि वह गुरुवार की सुबह 9 बजे उनका भतीजा मोंटी यादव अपने होटल पर पहुचा तो उसके ताले गायब थे तथा उसमें अंदर रखा सामान भी नही था इसकी सूचना पर 112 पुलिस और थाना जसवंतनगर को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। उन्होंने बताया कि उनका होटल निमार्णाधीन है और वहां बिजली से जुड़े कीमती उपकरण रखे थे। रात के समय चोरों ने सुनसान इलाके का फायदा उठाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरी गए सामान की कीमत डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है।

डीसीडीएफ में नॉमिनेट निदेशक को वोट का विवाद

इटावा। सहकारी विकास संघ (डीसीडीएफ) के चुनाव को लेकर विवाद गहरा गया है। समाजवादी पार्टी के सांसद जितेंद्र दोहरे ने जिलाधिकारी पर नियमों के विपरीत कार्य करने का आरोप लगाया है। सांसद के अनुसार, जिलाधिकारी ने नॉमिनेट निदेशक को वोट डालने का अधिकार दे दिया, जो चुनाव नियमावली के विरूद्ध है। बुधवार को हुए चुनाव में समाजवादी पार्टी के 7 और भाजपा के 6 निदेशक समर्पित प्रत्याशी जीते थे। गुरूवार को दोपहर तीन बजे सहकारी विकास संघ के अध्यक्ष का चुनाव होना है। सांसद जितेन्द्र दोहरे ने कहा कि नगर पालिका में भी नामिनेट सभासदों को वोट डालने का अधिकार नहीं होता लेकिन यहां सत्ता के दबाव में नियमों की अनदेखी की जा रही है। सांसद ने आरोप लगाया कि वर्तमान शासन में सभी चुनावों में बेईमानी की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस मुद्दे को लेकर शासन स्तर तक शिकायत की जाएगी। जिलाधिकारी से मिलने के दौरान सपा के प्रदेश सचिव गोपाल यादव, वरिष्ठ नेता उदयभान सिंह समेत अन्य पार्टी नेता मौजूद थे। हालांकि जिलाधिकारी से मुलाकात नहीं हो सकी।

बहु का ससुराल के दरवाजे पर धरना पुलिस ने समझाकर खुलवाया दरवाजा

इटावा। एक महिला को उसके ससुराल वालों ने घर में प्रवेश नहीं दिया, जिससे वह कड़ाके की ठंड में 10 घंटे तक घर के बाहर बैठी रही। थाना सिविल लाइन के आदर्श नगर कॉलोनी की रहने वाली 26 वर्षीय ममता वर्मा मंगलवार दोपहर को अपने मायके से ससुराल पहुंची थी। ममता के पति नितिन वर्मा पिछले एक साल से विवाद चल रहा था इसी कारण ससुराल वालों ने उन्हें घर में प्रवेश देने से मना कर दिया। ममता लगातार दरवाजा खोलने की विनती करती रही लेकिन ससुराल वाले घर के अंदर से ताला लगाकर बैठे रहे। जैसे जैसे रात हुई ठंड बढ़ती गई और महिला सूनसान गली में सर्द हवाओं के बीच अपना बोरा बिस्तर लेकर बैठी रही। वहीं पीड़िता ममता वर्मा ने बताया कि मेरे पति दिल्ली में किसी कंपनी में एनआर मैनेजर है मेरी दो साल पहले शादी हुई थी लेकिन शादी के बाद से ससुराल वाले दहेज में दस लाख की मांग कर रहे थे।

गगहा में राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता एक फरवरी से

मझगांवा, गोरखपुर। जूनियर हाई स्कूल गगहा (मिडिल स्कूल) के प्रांगण में राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ एक फरवरी दिन शनिवार व समापन तीन फरवरी दिन सोमवार को होगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व ब्लाक प्रमुख गगहा प्र० जयवीर सिंह द्वारा सोमवार को पूर्वाहन 11 बजे किया जाएगा।

उक्त जानकारी प्रतियोगिता समिति के संरक्षण हलचल सिंह व आयोजन सचिव शुभम सिंह ने देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में गोरखपुर स्टेडियम,संतकबीर नगर, कुशीनगर, महाराजगंज, देवरिया, मऊ, आजमगढ़, खलीलाबाद, वाराणसी, सिद्धार्थनगर, भटनी, बलिया सहित क्षेत्रीय टीमें भी भाग लेगी ।वहीं प्रतियोगिता के मीडिया प्रभारी अनुराग सिंह पत्रकार ने कहा कि उक्त प्रतियोगिता ग्रामीण क्षेत्र में खेल भावना को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं में वॉलीबॉल के प्रति रुचि जगाने के लिए आयोजित किया जा रहा है ।

हाटा को हराकर गगहा ने जीता बाबा गंभीर सिंह क्रिकेट कप

गगहा,गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के गंभीरपुर रामलीला मैदान में चल रहा बाबा गंभीर सिंह स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न हो गया। बृहस्पतिवार को हुए फाइनल मुकाबले में हाटा को हराकर गगहा की टीम प्रतियोगिता की विजेता बनी। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर गगहा ने क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हाटा की टीम ने अपने निर्धारित 15 ओवरों में 126 रन पर आल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गगहा की टीम ने रोमांचक मुकाबले को 14वें ओवर में 4 विकेट से मैच जीत लिया। हाटा के ऑलराउंडर खिलाड़ी चंदन पांडेय को पूरे टूनामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मैन आफ द सीरीज चुना गया एवं रेंजर साइकिल से पुरस्कृत किया गया। वहीं गगहा के खिलाड़ी बटर सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। विजेता टीम गगहा को 20 हजार रुपए और कप, उपविजेता टीम हाटा को 10 हजार रुपए और कप प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि बांसगांव विधायक विमलेश पासवान और ठठौली ग्राम सभा के पूर्व प्रधान हलचल सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि खेल में प्रतिस्पर्धा से मनुष्य के भीतर अच्छी नीयत और अनुशासन पैदा होती है। हलचल सिंह ने कहा कि खेल से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है। वरिष्ठ पत्रकार सुनील सिंह ने मुख्य अतिथियों का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया ।इस दौरान विकास सिंह, सुनील सिंह, आयोजक शुभम सिंह, राघवेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, विवेक सिंह, पवन शाही, धीरज सिंह, निक्कू सिंह, शैलेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

जल आपूर्ति के ट्रायल के दौरान बार-बार फट जा रही है पाइप

- जल जीवन मिशन की जमीनी हकीकत
- जगह जगह हो रहे है लीकेज, नहीं हो पा रही जल आपूर्ति

ओम प्रकाश श्रीवास्तव

चरगांवा,गोरखपुर। भारत सरकार व राज्य सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट जल जीवन मिशन नमामि गंगे व ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग की ओर से वर्ष 2019 अगस्त 15 को निर्धारित लक्ष्य के मुताबिक आगामी ५ वर्ष के भीतर वर्ष 2024 तक ग्रामीण भारत के सभी घरों में अलग अलग घरेलू कनेक्शन के जरिए सुरक्षित व पर्याप्त जल आपूर्ति उपलब्ध कराना था। निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद भी केंद्र व राज्य सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट जल जीवन मिशन की जमीनी हकीकत उस समय सामने आई जब चरगांवा विकास खण्ड के जंगल अहमद अली शाह में जल आपूर्ति के लिए बिछाई गई पाईप टेस्टिंग के समय फटने लगी व जगह जगह लीकेज होने लगी जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा गत 25 जनवरी को सरस हॉट के जीर्णोद्धार के लोकार्पण के समय स्थानीय/ पिपराईच विधानसभा के विधायक महेंद्र पाल सिंह से किया गया ।ग्रामीणों ने बताया कि दोयम दर्जे की पाइप लगाई गई हैं जो टेस्टिंग के समय फट जा रही है जहां लीकेज है वहां मिट्टी व गिट्टी से ढक दिया गया है कही कही छोड़ दिया गया है चेंबर जहां जहां बने है ढके नहीं गए है जो मिट्टी व गंदगी से पट गया ।बताते चलें कि गत माह चरगांवा विकास

खण्ड सभागार में जिला विकास अधिकारी/ नोडल अधिकारी (जल जीवन मिशन, विकास खण्ड भटहट व चरगांवा) राजमणि वर्मा के द्वारा चरगांवा व भटहट विकास खंड के खंड विकास अधिकारी,सहायक विकास अधिकारी,ग्राम पंचायत सचिव व जल निगम के जे ई व ए ई के साथ जल जीवन मिशन योजना के उपलब्धियों के बाबत समीक्षा बैठक किया गय था व श्री वर्मा ने समीक्षा बैठक में बीते वर्ष 31 दिसंबर तक जहां जहां टेस्टिंग में पाईप निकली है रास्ता गड्ढे में तब्दील है उसे स्थानीय प्रतिनिधियों के सहयोग से ठीक करा लेने व अभियान के चलाकर हर घर का सर्वे कराकर जहां नल नहीं है वहां नल लगवाने व जलापूर्ति सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश था ।चारगांवा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत जंगल अहमद अली शाह में पानी की टंकी बनने बाद भी टेस्टिंग के समय पाईप फट जाने व लीकेज होने से जल आपूर्ति न हो पाए जाने के बाबत जिला विकास अधिकारी/ नोडल अधिकारी (जल जीवन मिशन) राजमणि वर्मा का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है गहनता से जांच कराकर तीन कार्यदिवस के भीतर :कार्यवाही की जाएगी। *इस बाबत जल निगम के अधिशासी अभियंता अखिल आनंद से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन उनका मोबाइल नहीं उठा । तो वही अवर अभियंता जल निगम अनुराग कुशवाहा का कहना है कि अब नए ठेकेदार द्वारा काम कराया जा रहा हैं तीन से चार माह में जल आपूर्ति सुविधा शुरू हो जाएगी।*

आलोक बने रेहड़ी पटरी समिति के सदस्य

इटावा। उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर आलोक दीक्षित को पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत रेहड़ी पटरी वेंडर्स के प्रबंधन, अनुश्रवण एंव क्रियान्वयन के लिए नगर निकाय दारा गठित कमेटी का सदस्य बनाया गया है, इस सीमित का प्रमुख कार्य, वेडर्स की पहचान, उनकी जागरूकता, नगर निकाय और बैंकों के मध्य समन्वय, डिजिटल लेनदेन, आईईसी गतिविधियों का संचालन आदि शामिल है।

बकरा चोरी, आरोपी पकड़ा

जसवंतनगर, इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम निलोई की रहने वाली रशमी पुत्री रामप्रकाश ने पुलिस को शिकायत दी है कि उनकी पुराने घर से एक बकरा जिसकी कीमती 15 हजार रुपये को इन्द्रजीत पुत्र रामप्रकाश ग्राम निलोई थाना जसवंतनगर ने चुरा लिया है। पीड़िता ने बताया कि जब उन्हें इस बारे में जानकारी मिली तो वह बकरा बाजार जसवंतनगर पर गई और इन्द्रजीत को मय बकरा पकड़ लिया। पीड़िता ने पुलिस से को तहरीर देकर मामले में आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है ।वहीं पुलिस ने बकरा चोरी करने वाले युवक को शान्तिभंग में चालान कर न्यायालय भेजा।

सभापति अभय सेंगर व उपसभापति आशुतोष विजयी हुए

चुनाव में जिला सहकारी संघ में सपा के 7 भाजपा के 6 प्रत्याशी जीते

इटावा। 36 वर्ष बाद इटावा में सपा का किला ध्वस्त, इटावा-औरैया जिला सहकारी विकास संघ पर भाजपा का कब्जा। बुधवार को सम्पन्न हुए इटावा-औरैया जिला सहकारी विकास संघ (डीसीडीएफ) के निदेशक पद के चुनाव की 13 सीटों में से भारतीय जनता पार्टी के 6 प्रत्याशी विजयी घोषित हुए थे। पक्काबाग स्थित आनंदनगर सहकारी शीतगृह में जिला सहकारी विकास संघ डीसीडीएफ के चुनाव में सभापति पद पर भाजपा प्रत्याशी अभय सेंगर व उपसभापति पद पर आशुतोष शुक्ला विजयी घोषित हुए। डीसीडीएफ के सभापति के लिए हुए मतदान में 14 सदस्यों ने अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया, 3 बजे से शुरू हुए मतदान के बाद 4 बजे के आसपास गिनती हुई है, जिसमें एक मत निरस्त हुआ है। सभापति के रूप में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अभय सेंगर को 7 मत

मिले तथा सपा उम्मीदवार केपी सिंह चैहान 6 मत मिले। सपा के केपी सिंह चैहान को हराकर भारतीय जनता पार्टी के अभय सेंगर ने विजय हासिल की। सभापति का चुनाव बेहद महत्वपूर्ण था इस चुनाव के लिए करीब 2200 से अधिक मतदाताओं ने बुधवार को 10 बजे से 4 बजे तक अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। उपसभापति के चुनाव में सपा व भाजपा के उम्मीदवारों को 7-7 वोट हासिल हुए इस आधार पर नतीजा टाई हो गया। परिणाम स्वरूप लॉटरी का इस्तेमाल किया गया । लॉटरी में भारतीय जनता पार्टी के आशुतोष शुक्ला उपसभापति के रूप में निर्वाचित हुए हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों के साथ विजयी हुए दोनों प्रत्याशियों को फूल माला व पटका पहनाकर स्वागत व सम्मान किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत बहिया बहरामपुर विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर

पत्रांक: मेमा/मनरेगा/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2024-25 दिनांक 30.01.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मनरेगा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत एवं स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो तथा मोहर बंद दिनांक 31.01.2025 से 06.02.2025 को अपरान्ह 01 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत बहिया बहरामपुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 06.02.2025 को समय 02 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	सामग्री	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अनुमानित लागत
1	विद्यालय की बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य।	382546.00	200.00	567329.00

1. निविदा फर्म क्रय की जाने वाली सामग्री सम्बन्धित दिशा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा मूल्य के साथ जमा करके प्राप्त किये जा सकते है।
2. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायालय सीतापुर होगा।
3. निविदा/स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
4. सामग्री आपूर्ति कार्य स्थल पर ही की जायेगी।

प्रधान
श्री जगदम्बा प्रसाद
ग्राम पचांयत बहिया बहरामपुर
विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर

सचिव
श्री धनंजय
ग्राम पचांयत बहिया बहरामपुर
विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर

संक्षेप

किशोरी प्रेमी के साथ फरार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) एक किशोरी अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। जिसकी मां ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली में किशोरी की मां ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 14 जनवरी को एक अज्ञात युवक शादी करने की नियत से उसकी 14 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। उन्होंने पुलिस से पुत्री को बरामद कराने की मांग की है।

एक लाख उड़ाने के मामले में नामजद मुकदमा दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) बुधवार को उचक्कों द्वारा व्यापारी की जेब से एक लाख रुपये पार करने के मामले में पुलिस ने व्यापारी की तहरीर पर एक नामजद सहित दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। फरधान निवासी गल्ला व्यापारी बाबूराम पुत्र रामसहाय ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 29 जनवरी को वह कृषि उत्पादन मंडी समिति गल्ला बेचने आए थे। जहां से उन्होंने एक लाख 80 हजार रुपया का भुगतान लिया। एक लाख रुपये अपनी जेब और 80 हजार रुपये झोले में रख लिए और ई रिक्शा पर बैठकर सदर चैराहा आ रहे थे। सिनेमा चौराहे पर फरधान निवासी अनुज मिश्रा व उसका एक साथी भी ई रिक्शा पर बैठ गये। इसी दौरान अनुज मिश्रा ने उसकी जेब काटकर एक लाख रुपए उड़ा दिये और मेला मैदान के दूसरे गेट पर उतर गया। जब तक रिक्शा रूकवाया तब तक दोनों फरार हो गये थे। फिलहाल पुलिस ने उच्चकों की तलाश शुरू कर दी है।

आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, बांकेगंज से निर्गत सभी पोषकों यथा बांकेगंज, बलारपुर, चैधीपुर, खंजनपुर, संसारपुर, गंगापुर, हिन्दुस्तान एवं गुरूनानक की विद्युत आपूर्ति उपकेन्द्र, की क्षमतावृद्धि का कार्य होने के कारण आज प्रातः 8 से रात 9 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत वितरण उपखण्ड द्वितीय के एसडीओ ने दी है।

सीडीओ ने देखा निर्माणाधीन खेल मैदान, दिए निर्देश

लखीमपुर खीरी। सीडीओ अभिषेक कुमार ने ब्लाक बेहजम की ग्राम पंचायत गौरिया में निमार्णाधीन खेल मैदान और मनरेगा कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आदर्श खेल मैदान देखा। निरीक्षण के दौरान सीडीओ को आदर्श खेल मैदान गौरिया का अच्छी तरह से समतलीकरण नही मिला। कई जगह मिट्टी के ढेर बने है, जिन्हें हटाकर समतल कराने के निर्देश दिए। बैडमिन्टन कोर्ट को पक्का करने के लिये गिट्टी डाली जा रही है, जबकि इसे अभी तक कम्पलीट हो जाना चाहिये था। मौके पर दोनो तरफ के पिलर की ऊचाई कम पाई गयी, जिसे सही कराने के निर्देश दिए। ट्रैक के रास्ते को अभी निर्मित नही कराया गया है। इसे शीघ्र पूर्ण कराया जाये।

सीडीओ ने कहा कि आदर्श खेल मैदान जिन विद्यालयों में निर्मित हो रहे है उन विद्यालयों को माडल विद्यालय बनाने के निर्देश डीएम द्वारा दिये गये थे। मौके पर विद्यालय भवन की रंगाई, पुताई, बाउड्रीवाल की रंगाई पुताई व चित्रांकन नही कराया गया है, जिन्हे शीघ्र पूर्ण कराया जाये। जिम के उपकरण लगाये गये है, किन्तु उपकरण के आसपास इण्टरलाकिंग नही कराया गया, जिससे बरसात में प्रयोग करने में कठिनाई आयेगी। इसे सही कराया जाये।

किशोरी की गला घोटकर हत्या

देहरादून के जंगल में मिला किशोरी का शव, प्रेमी समेत पांच गिरफ्तार

निघासन-खीरी। पढुआ थाना क्षेत्र के अंतर्गत तकरीबन सत्रह वर्षीय किशोरी की सामूहिक दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या कर दी गई और उसके शव को जंगल में फेंक दिया गया। मृतका के चाचा संतोष कुमार ने बताया कि घटना 26 जनवरी की शाम की है जब किशोरी को छोटू उर्फ आसिफ बाइक पर बिठाकर ले गया था। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी किशोरी को देहरादून ले गए थे, जहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। जब किशोरी ने धर्मांतरण से इनकार किया तो आरोपियों ने उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को जंगल में फेंक दिया सूत्रों द्वारा जानकारी मिली कि मृतका के कपड़े फटे हुए थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से मामले की जांच की और नजीमाबाद तक बाइक की लोकेशन का पता लगाया। ढखेरवा चौकी पुलिस की टीम ने देहरादून के रामनगर थाना क्षेत्र से आसिफ, सलमान, रजब, जुबेर सहित कुल छः आरोपियों को हिरासत में लिया है। आरोपियों की निशानदेही पर रामनगर के जंगल से किशोरी का शव बरामद किया गया।

पीड़िता के पिता ने बताया कि जब बेटी शाम पांच बजे से घर नहीं लौटी तो उन्होंने पढुआ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी दो समुदायों से जुड़े इस संवेदनशील मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को पकड़ लिया है। पुलिस शव को लेकर पैतृक गांव आ रही है।

क्षत विक्षत अवस्था में मिला अज्ञात अधेड़ का शव

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर गांव गोकन के पास झाड़ियां में क्षत विक्षत अवस्था में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस शव की शिनाख्त करने में जुटी है। पुलिस के अनुसार गुरुवार को गांव गोकन निवासी इंद्रसेन ने पुलिस को सूचना देकर बताया गांव के पास हाईवे के किनारे झाड़ियों में एक अधेड़ का क्षत-विक्षत अवस्था में शव पड़ा हुआ है। सूचना पर निरीक्षक इंद्रजीत सिंह पुलिस वल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर शव की शिनाख्त के लिए पोस्ट डालकर स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। निरीक्षक इंद्रजीत सिंह के अनुसार किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार देने से प्रथम दृष्टा मौत होना लग रहा है। पोस्टमार्टम कराया जा रहा है कार्रवाई की जाएगी।

डीएम ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक, दिए निर्देश

लखीमपुर खीरी। स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा के लिए मंगलवार शाम को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। हेल्थ डैशबोर्ड रैंकिंग में मंडल पर प्रथम, प्रदेश में आठवे स्थान प्राप्त करने पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने पूरे स्वास्थ्य महकमें को बधाई देकर सराहना की। बैठक में मुख्य रुप से सीडीओ अभिषेक कुमार, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता मौजूद रहे। समीक्षा करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने हेल्थ डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद मंडल पर प्रथम स्थान और प्रदेश में आठवे स्थान पर प्राप्त करने पर बधाई दी। इसे भविष्य में भी बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। पूरे स्वास्थ्य महकमे को फील्ड में एक्टिवेट करें व स्वास्थ्य संकेतको में बेहतर परफॉर्मेंस दिखाएं। सभी अधीक्षक लीडरशिप रोल लेते हुए अपने-अपने ब्लॉक में स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराते हुए डेली मॉनिटरिंग करें। मरीज व उनके तीमारदारों से चिकित्सक बेहतर व्यवहार करें। मरीजों को दिया जाने वाला भोजन की गुणवत्ता एमओआईसी स्वयं चेक करें। सीएचसी व पीएचसी की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जाए। निर्देश दिए कि सभी पोर्टल्स पर फीडिंग को अपडेट रखा जाए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने समीक्षा करते हुए कहा की जन्म मृत्यु पंजीकरण, आरसीएच सहित अन्य पोर्टल पर डाटा एंट्री ससमय शत-शत सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ब्लॉकवार आयुष्मान गोल्डन कार्ड की समीक्षा की, प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। इनकी रही मौजूदगी बैठक में सीएमएस डॉ आरके कोली, डॉ ज्योति मेहरोत्रा, डीपीआरओ विशाल सिंह, एसीएमओ डॉ एसपी मिश्र, डॉ अनिल गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ लालजी पासी, डॉ धनीराम, डॉ प्रमोद वर्मा, डीपीएम अनिल यादव, डीपीओ भारत प्रसाद, सभी एमओआईसी, सीडीपीओ मौजूद रहे।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस : 22.73 लाख बच्चों को खिलाई जायेगी एलबेंडाजोल

जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अधिकारियों की अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि बच्चों एवं किशोर किशोरियों के स्वास्थ्य, पोषण, शैक्षणिक स्तर में वृद्धि के लिए स्कूलों और आंगनबाड़ियों में 1-19 वर्ष की आयु के सभी बच्चों, किशोरों को कृमि से मुक्ति दिलाने हेतु राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम की जिले में 10 फरवरी को शुरूआत होगी। बच्चों और किशोरों को पेट में पलने वाले कृमि को निकलने के लिए एलबेंडाजोल की गोली खिलाई जाए। कोई भी दवा खाने से वंचित न रहने पाए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कृमि संक्रमण के लक्षण एवं दुष्प्रभाव, कृमि नियंत्रण से बचाव इलाज और फायदे, डी वार्मिंग क्रियान्वयन की रणनीति, दवा की खुराक और खिलाने का तरीका, प्रतिकूल घटना प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी लेकर, जरूरी निर्देश दिए।

सीएमओ डा. संतोष गुप्ता ने बताया कि पेट में कृमि होने से बच्चों का विकास प्रभावित होता है। किशोर-किशोरियों में खून की कमी, कुपोषण, भूख न लगना, कमजोरी, स्वास्थ्य खराब होना और समुचित मानसिक विकास का न होना जैसी समस्याएं हो जाती हैं। इसके लिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर एक से 19 वर्ष के 2273300 बच्चों व किशोरों को पेट से कीड़े (कृमि) निकालने के लिए एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाई गई। इस दिन दवा खाने से छूटे हुए बच्चों को 14 फरवरी को मॉपअप राउंड चलाकर दवा खिलाई जाएगी।

स्वच्छता को लेकर सफाई मित्रों को दिया प्रशिक्षण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण गार्बेज फ्री सिटी एवं ओडीएफ विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। लखीमपुर रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में सफाई कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमे सफाई कार्य डोर टू डोर कूड़ा पृथक्कीकरण व एकत्र करने वाले सफाई कर्मचारियों वाहन चालकों को प्रशिक्षण देने के लिए लखनऊ से विशेषज्ञ को बुलाया गया था। जिनके द्वारा घर-घर कचरा एकत्र करना, कचरा पृथक्करण, कम्पोस्टिंग,एकल प्रयोग वाली प्लास्टिक प्रयोग न करना आदि विषयों पर बहुत ही बारीकी व क्रमबद्ध तरीके से सफाई मित्रों को प्रशिक्षित कर व्याख्यान दिया गया। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू व अधिशाषी अधिकारी सुरेन्द्र ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने सफाई नायकों व सफाई कर्मचारियों से नगर को साफ सुथरा रखने के निर्देश दिये। इस मौके पर और जिला कार्यक्रम प्रबंधक विक्रांत वर्मा, मोहित अवस्थी, अवधेश वर्मा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, अवर अभियंता आदर्श मिश्र आदि मौजूद रहे।

शहीदों की स्मृति में कलेक्ट्रेट में दो मिनट का मौन

शाहजहांपुर/ जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण रखा। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ अभियान 2025 का संदेश पढ़ा। उन्होंने कहा कि हम सभी जनपद-शाहजहाँपुर के लोग और जिला प्रशासन विकसित भारत अभियान के अवसर पर यह घोषणा करते हैं कि हम अपने जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोडेगें। कुष्ठ रोग को पहचानना बहुत आसान है और यह साध्य है। हम सभी कुष्ठ रोगियों को जितनी जल्दी हो सके खोजने के लिए हर सम्भव प्रयास करेगें। हम इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिले में उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग करेगें। इसके साथ हम कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति से कोई भेदभाव नहीं करेगें और न ही किसी दूसरे व्यक्ति को कुष्ठ रोग प्रभावित व्यक्ति और उनके परिवार के सदस्यों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव करने देगें। हम व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों से जुडे कलंक और भेदभाव को समाप्त करने और उनको समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए अपना पूर्ण योगदान देगें। हम सभी कलंक एवं भेदभाव के प्रति शून्य सहिष्णुता के लिये आइए मिलकर जागरूकता फैलाएँ, भ्रातियों को दूर भगायें, कुष्ठ प्रभावित कोई पीछे छूट न जाय की प्रतिज्ञा लेते हैं

सीएचसी बंडा में कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुरू

बंडा (शाहजहांपुर) महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 2025 का शुभारंभ किया गया।अस्पताल सहित क्षेत्र की समस्त ग्राम पंचायतों में जिला अधिकारी का संदेश सहित ग्राम प्रधान का भाषण पढ़ा गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिनव गौतम ने अस्पताल में मौजूद कर्मचारियों, तीमारदारों को आओ मिलकर जागरूकता फैलाएं भ्रांतियां को दूर भगाएं कुष्ठ प्रभावित कोई पीछे छूट न जाए की प्रतिज्ञा दिलाई।इस मौके पर अभियान को सफल बनाने व क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने कुष्ठ रोग के कारण होने वाली विकृतियों को रोके जाने, कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करने का जिला अधिकारी का संदेश सुनाया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉ आस्था चौधरी ने बताया कि स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 30 जनवरी से 13 फरवरी 2025 तक चलाया जाएगा हमें जागरूकता का परिचय देते हुए अपने आसपास के लोगों को उसके लक्षणों के प्रति जागरूक करने का कार्य करना है।शरीर में कोई भी दाग धब्बों जो कि सुन्नपन, हल्के ताँबे रंग, हाथ, पैरो में झनझनाहट, नशों में दर्द, गांठे, आदि लक्षण दिखाई देने पर तुरंत अस्पताल में जांच कराये, उपचार की निशुल्क सुविधा उपलब्ध है। डॉ मन्जीत ने कहा कि कुष्ठ रोग पूर्व जन्मों के बुरे कर्मों का फल नहीं है कुष्ठ रोग का ईलाज सम्भव है।वहीं ग्राम पंचायत आंगनबाड़ी केंद्रों पर जागरूकता के साथ जिला अधिकारी का संदेश, ग्राम प्रधान का भाषण सुनाया गया। बीएमडब्ल्यू राजीव शुक्ला ने बताया कि 13 फरवरी तक चलने वाले अभियान में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा।इस मौके पर डॉ संदीप शुक्ला, विवेक वर्मा, बाबूराम आजाद, दिनेश शर्मा, फरहा बी, तेजस्वी बाथम, शोभित, नवीन कुमार, सौरव अवस्थी, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, सुधीर वर्मा, अभिनव कुशवाहा, श्यामजी, शरद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

तिकुनियां-खीरी। बनवीरपुर स्थित काली मंदिर पर मूर्तियों की होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। बनवीरपुर के काली मंदिर में शिव परिवार, पंचमुखी हनुमान सहित अन्य मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है, जिसके क्रम में गुरुवार को कस्बे के मां सुथना देवी मंदिर से सैकड़ो महिलाओं ने कलश यात्रा की शुरूआत की। कस्बे से निकली इस यात्रा का समापन बनवीरपुर के काली मंदिर पर किया गया और पंडित विवेक शुक्ला ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश को स्थापित कराया। इस अवसर पर ग्रामप्रधान आकाश मित्तल, प्रमोद, बब्लू राना सहित तमाम महिलाएं और बच्चें शामिल रहें।

घटना के खुलासे को लेकर डीएम, एसपी से मिले पदाधिकारी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) लगभग ढाई माह पूर्व व्यापारी के घर हुई चोरी के मामले में पुलिस एक कदम भी आगे नहीं बढ़ पा रही है। जिसे लेकर श्री हरिद्वार वैश्य समिति के पदाधिकारियों ने डीएम और एसपी से मिलकर खुलासे की मांग की। एसपी ने कोतवाल को घटना के खुलासे के लिए सख्त हिदायद दी है।

शहर के मोहल्ला कुम्हारन टोला में 8 नवंबर की रात चोरों ने व्यापारी अशोक कुमार गुप्ता उर्फ टिल्लू कबाड्डी के घर से नगदी समेत 30 लाख का माल पार कर दिया था। जिसकी रिपोर्ट बमुश्किल दर्ज की गई थी, पर ढाई माह से अधिक समय व्यतीत हो चुका है, पर पुलिस इस दिशा में एक कदम भी आगे नहीं चल पाई है। जिससे पीड़ित व्यापारी परेशान है और मोहल्ले में दहशत कम नहीं हो रही है।

पुलिस की हीलाहवाली देख श्री हरिद्वार वैश्य समिति के पदाधिकारियों ने एसपी से मुलाकात कर घटना के खुलासे की मांग की थी, उसके बाद कोतवाली पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार कर घटना के खुलसे का दावा किया था, पर पीड़ितों ने इस खुलासे पर सवाल खड़े कर दिए थे। उनका कहना था कि चोरी गया कोई भी सामान बरामद नहीं हुआ है। समिति के पदाधिकारियों ने गुरुवार को फिर लखीमपुर जाकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा से मुलाकात कर पुलिस की हीलाहवाली को लेकर नाराजगी जताई।

समिति पदाधिकारियों का कहना है कि एसपी ने फोन से कोतवाल चंद्रशेखर सिंह को घटना के खुलासे के सख्त हिदायत दी है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि वह व्यक्तिगत रूप से इस घटना के खुलासे के संबंध में समीक्षा करते रहेंगे।

प्रतिनिधिमंडल में श्री हरिद्वारी वैश्य महासभा के प्रदेश संयोजक शरद गुप्ता उर्फ सोनू गुड़ वाले, श्री हरिद्वारी वैश्य समित अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता एवं आदित्य गुप्ता आदी शामिल थे।

खाद व्यापारी के घर डकैती मामले में शाहजहांपुर पहुंची एसओजी और पुलिस

सोना गलाने और बेचने वाले से कर रही पूछताछ

शाहजहांपुर/22 जनवरी को मैनपुरी में नगर स्टेशन रोड पर खाद व्यापारी के घर लाखों रुपए के सोने व चांदी के जेवरात चोरी कर लिए थे और भागते समय चौकीदार के विरोध करने पर उसके सर में गोली मार दी थी जो आज भी सैफई हॉस्पिटल में भर्ती है। सूत्रों की माने तो पुलिस ने इस घटना के बाद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कुछ चोरों को गिरफ्तार भी कर लिया और उनकी निशान देही पर मैनपुरी एसओजी और पुलिस शाहजहांपुर पहुंची जहां थाना सदर बाजार पुलिस के सहयोग से चोरी का माल खरीदने वाले एक सरार्फा व्यापारी धीरज ज्वैलर्स को पुलिस ने पूछताछ के लिए बुलाया है। सूत्रों की मांने तो धीरज ज्वैलर्स के मालिक धीरज इससे पूर्व में भी एक मामले में जेल जा चुका है। इसी धीरज ज्वेलर्स पर मैनपुरी में हुई डकैती का सोना चांदी खरीदने का आरोप है। जो उसने स्वीकार भी कर लिया है और खरीदे गए माल को गला कर बिक्री कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार 400 ग्राम सोना वर्तमान में करीब 28 लाख का होता है, जिसे धीरज ज्वैलर्स ने मात्र 6 लाख रुपए में खरीदा था और उसे गलाकर बिक्री कर दिया, अब मैनपुर से आई पुलिस इस मामले में धीरज ज्वैलर्स और सोना चांदी बिक्री एवं गला हुआ सोना खरीदने वाले लोगों से पूछताछ कर रही है। उपरोक्त घटना के संबंध में जब शाहजहांपुर थाना सदर बाजार पुलिस सहित उच्च अधिकारियों से जानकारी चाही गई तो फिलहाल इस मामले में कोई अधिकारी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। मैनपुरी से आए हैं क्राइम इंस्पेक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि कुछ माल बरामद हो गया है पुलिस इस मामले मे अभी जांच पड़ताल कर रही है।

एसडीएम ने जन चौपाल लगाकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

कलान- शाहजहांपुर/ एसडीएम ने गांव में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।उन्होंने समस्याओं के अति शीघ्र समाधान के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। गुरुवार को कलान की उप जिलाधिकारी चित्रा निर्वाल ग्राम पंचायत रुकनपुर पहुंचीं।जहां प्राथमिक विधालय मे उनकी अध्यक्षता मे जन चौपाल का आयोजन किया गया।आयोजित जन चौपाल के दौरान एसडीएम ने ग्रामीणों की जन समस्याएं सुनीं।उन्होंने समस्याओं के अति शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जन चौपाल आयोजन के दौरान ग्राम प्रधान सुखलाल, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी राजकुमार शुक्ला, प्रधान प्रतिनिधि मोहित गुप्ता, स्थानीय लेखपाल मनोज कुमार, स्वास्थ्य विभाग से प्रभारी चिकित्साधिकारी कलान डाक्टदिनेश यादव, समाज कल्याण विभाग एडीओ एस के निर्मला मिश्रा, ब्लॉक मिशन प्रबंधक एनआरएलएम संजय मिश्रा, जेई जल शक्ति मिशन आशा ब आँगनबाड़ी कार्यकत्री समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।

गोकर्ण कॉरिडोर: चार मीटर ऊंची बनेगी रिटर्निग वॉल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) गोकर्ण कॉरिडोर निर्माण में रिटेनिंग वाल, बाउंड्री वाल और गोकर्ण तीर्थ पर सीढ़ियों का निर्माण मौनी अमावस्या होने के कारण धीमी गति से चलता हुआ दिखाई दिया। ध्वस्त किए गए अंगद धर्मशाला के पास से लगभग एक पखवाड़ा पहले चार मीटर ऊंची रिटनिंग वाल बनाने का काम तेजी से शुरू हुआ था। कारिडोर निर्माण को लेकर बनाई जा रही रिटेनिंग वाल 18 इंच चैडी होगी। जिसमें अत्यधिक पत्थरों पर धार्मिक आस्थाओं से संबंधित नक्खासी जयपुर के कलाकारों के द्वारा तैयार की जाएगी। रिटेनिंग वाल शिव मंदिर परिक्षेत्र के उत्तर तरफ तैयार की जाएगी। वही मंदिर परिक्षेत्र के पूरब और दक्षिण दिशा में बाउंड्री वाल बनाई जाएगी। जिसके लिए ध्वस्त किए गए अंगद धर्मशाला के पीछे डल्लू राम धर्मशाला के जर्जर हिस्से के पास से नीब खुदाई का काम तेजी के साथ शुरू हो गया है। इसी के साथ गोकर्ण तीर्थ पर सीढ़ियों के निर्माण के साथ लाल पत्थर लगाए जाने का काम भी चल रहा है। तीर्थ और नीलकंठ मैदान के पास धार्मिक कर्मकांड के लिए चबूतरा तैयार किया जा रहा है। हालांकि यह सभी कार्य बुधवार को मौनी अमावस्या होने के कारण धीमी गति से चलते हुए दिखाई दिए। क्योंकि मौनी अमावस्या होने के कारण हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही। रिटेनिंग और बाउंड्री वाल के बीच में बिंदु शाह का मकान बना हुआ है। जिस पर प्रशासन ने ध्वस्त करने को लेकर नोटिस भी चस्पा की थी। लेकिन उसके समय अवधि अभी पूरी नहीं हुई है। उपजिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि रिटेनिंग वाल, बाउंड्री वाल ,गोकर्ण तीर्थ का काम तेजी से चल रहा है। बिंदु शाह के मकान को ध्वस्त करने के लिए नोटिस दी गई थी, जिसकी समय अवधि अभी पूरी नहीं हुई है।

लखनऊ नगर निगम

लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)
टेली-फैक्स: 0522-2622440, ई-मेल: nnlko@up.nice.in

निम्नलिखित भवनों का नाम परिवर्तन हेतु आवेदन-पत्र प्राप्त होने के उपरान्त नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा-213 (बी0-2) के अंतर्गत नोटिस जारी की जा चुकी है। निम्नलिखित नाम परिवर्तन में यदि कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति साक्ष्यों सहित सम्बन्धित जोनल कार्यालयों में प्रस्तुत करें, आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जाएगी।

जोन–5

क्रं. सं.	भवन संख्या एवं मोहल्ले का नाम	दर्ज भवन स्वामी का नाम	प्रस्तावित भवन स्वामी का नाम	आधार
	सरोजनी नगर द्वितीय			
1	एमएनजी/394, मानस नगर	श्री विनय कुमार मिश्र	श्री अरविन्द कुमार पाण्डे	रजिस्ट्री
2	582/1085, बदाली खेड़ा	श्रीमती राजकुमारी रावत	श्री राम कुमार रावत	पारिवारिक
3	एमएनजी/केएन-987, एसपार्ट मानस नगर	श्रीमती शिवकुमारी तिवारी	श्री आदर्श तिवारी	पारिवारिक
4	वीएल/184, विष्णुलोक	श्री रमेश सी दीक्षित	श्री सुबोध दीक्षित	वसीयत
	गुरूनानक नगर			
5	554ख/489 विशेश्वर नगर	श्री एमसी सक्सेना	श्री संजय सिंह व मो. इलियास	रजिस्ट्री
6	552/207, चन्दर नगर	श्री पुनीत मल्होत्रा	श्रीमती सोनल मल्होत्रा	दान विलेख
	बाबू कुंज बिहारी ओम नगर व गुरूगोविन्द सिंह			
7	557/046 ओम नगर	श्री विकास यादव	श्रीमती सुभाषिनी यादव	पारिवारिक
8	553/049बी, आदर्श नगर	श्रीमती पूजा आहूजा	श्रीमती सुभाषिनी महेन्द्र	रजिस्ट्री
9	556/174, सुजानपुरा	श्रीमती विमलादेवी त्यागी	श्रीमती मीनू त्यागी, श्रीमती नीलिमा त्यागी	वसीयत
10	556/462, सुजानपुरा	श्रीमती उषा देवी भसीन	श्री संदीप भसीन	पारिवारिक

जोनल अधिकारी, जोन–5

संक्षेप

रामधुन गाकर गांधी को याद किया

जौनपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर शहर अध्यक्ष विशाल सिंह के नेतृत्व मे कार्यकताओं ने गांधी प्रतिमा पर एकत्र होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेसजन खरका तिराहा स्थित गांधी प्रतिमा पर एकत्र हुए और रामधुन गाकर उन्हें याद किया। तत्पश्चात कुंभ मेले मे दुर्व्यवस्था के कारण हुई भगदड़ मे मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। राकेश उपाध्याय, राजकुमार गुप्ता, अजय सोनकर, शाहनवाज मंजूर, आजम जैदी, आरिफ खान, अमन सिन्हा, शशांक राय, अमित मिश्रा, गौरव मौर्या, इकबाल आदि मौजूद रहे।

छिनैती के नौ मोबाइल बरामद, दो गिरफ्तार

जौनपुर। खुटहन थाने की पुलिस द्वारा छिनैती के नौ मोबाइल फोन, 16 एयरटेल सिमकार्ड व घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल बरामद करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार है। पुलिस के अनुसार थानाध्यक्ष खुटहन के नेतृत्व में पंजीकृत धारा 304(2) 317(2) बी.एन.एस. से सम्बन्धित अभियुक्तों अभिषेक यादव पुत्र हरीनाथ यादव निवासी मई थाना बक्शा ,बबलू उर्फ शशिकान्त यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव निवासी कोईरीडीह थाना सरायख्वाजा को नौ स्मार्ट मोबाईल,16 एयरटेल सिमकार्ड व 01 छिनैती में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाईकिल बरामद करते हुए अभियुक्तगण को रामनगर तिराहा थाना खुटहन जनपद के पास से गिरफ्तार करते हुए विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया।

महाकुंभ हादसे में महिला की मौत

मीरजापुर। थाना चुनार क्षेत्र के नुआंव गांव की मूल निवासिनी रीना यादव 56 वर्ष की महाकुंभ हादसे में मौत हो गई। वे प्रयागराज के धूमनगंज में रहती थीं वहीं से अकेले ही स्नान करने के लिए गई थी। वहां हुए हादसे में मौत हो गई। वह प्रयागराज में पंद्रह साल से रहती थीं। बताते हैं कि नुआंव के रामकेश एयरफोर्स से जेडब्ल्यूओ पद से अवकाश प्राप्त कर्मचारी हैं। 15 वर्षों से प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र के चकमीरा पट्टी में रहते थे। रीना यादव की बेटी गुजरात सीबीआई में और पुत्र इंजीनियर हर्षित इंडोनेशिया में जॉब करते हैं। मौनी अमावस्या के स्नान के लिए मंगलवार रात रीना यादव अकेले ही कुंभ क्षेत्र में गई थीं। इसी बीच हादसे में मौत हुई। पुलिस ने रीना के मोबाइल से उनके पति रामकेश यादव को सूचना दी। जिसके बाद शव की पहचान की गई। परिवार के अन्य लोग प्रयागराज के लिए रवाना हो गए।

विद्युत उपकेंद्र परिचालक ने की अवर अभियंता की पिटाई, मामला दर्ज

मीरजापुर। थाना ड्रमंडगंज क्षेत्र के ढेढ़ी नौगवां स्थित 132 केवी के विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता ने थाने में तहरीर देकर उपकेंद्र परिचालक के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराया है। तहरीर में अवर अभियंता पुष्पेंद्र प्रजापति ने आरोप लगाया कि बुधवार सुबह सप्लाई रिपोर्ट पूछने की बात को लेकर उपकेंद्र परिचालक आशीष उन्हें पटरी से मारने-पीटने लगे तथा जान से मारने की धमकी दी। पीटाई से उनके शरीर में चोटें आई हैं। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता की तहरीर पर विद्युत उपकेंद्र परिचालक के खिलाफ के केस दर्ज कर घटना की जांच-पड़ताल की जा रही है।

सीएम डैशबोर्ड से डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा

निर्धारित लक्ष्य को समय से शत-प्रतिशत कराया जाये पूर्ण : डीएम

- लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाये

सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन सिंह ने गुरूवार को कैम्प कार्यालय पर नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कहा कि जिन विभागों को शासन द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया है, को शत-प्रतिशत पूरा करते हुए करते हुए ए ग्रेड में लाना सुनिश्चित किया जाये। शासन के निर्देश के क्रम में महत्वपूर्ण योजनाओं, परियोजनाओं, सेवाओं की सम्बन्धित अधिकारियों से सी0एम0 डैशबोर्ड पर उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर बारी-बारी से समीक्षा की।

उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाये, निर्माण कार्य को निर्धारित समय में पूरा किया जाये, निर्धारित लक्ष्य के अनुसार गुणवत्ता के साथ अधूरे कार्यों को पूर्ण किया जाये, अन्यथा की स्थिति में जिस स्तर से कमी पायी जायेगी उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए उच्च स्तर पर पत्राचार भी किया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्षों की होगी। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए करते हुए कहा कि विकास कार्यों, लाभार्थीपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे कार्यों के प्रगति में तेजी लाते हुए ए ग्रेड की श्रेणी में लाया जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए विभागीय कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को पत्राचार कराना सुनिश्चित किया जायेगा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) रोहित यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतपाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल देव पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

कार बस से भिड़ी, 3 श्रद्धालुओं की मौत, तीन घायल

जौनपुर। रायबरेली हाईवे पर मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के सतहरिया पुलिस चैकी के पास गुरूवार को तड़के महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी एक वैगनआर कार और रोडवेज बस में आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को पास के अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी नाजुक हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।सभी लोग महाकुंभ स्नान कर लौट रहे थे। महराजगंज और गोरखपुर जिले के छह लोग प्रयागराज में महाकुंभ स्नान कर वैगनआर कार से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार सतहरिया पुलिस चैकी के पास पहुंची, सामने से आ रही सिकंदराबाद डिपो की तेज रफ्तार रोडवेज बस से भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और मौके पर ही चीख-पुकार मच गई। हादसे में कार चालक 45 वर्षीय संजय सिंह निवासी धनहानायक, जिला महराजगंज, उनकी 43 वषीर्या पत्नी विद्यावती सिंह, 40 वषीर्या बिंदु सिंह पत्नी राजकुमार सिंह, 50 वषीर्या विमला देवी पत्नी सुभाष सिंह, 52 वषीर्या महेश तिवारी और उनकी पत्नी 48 वषीर्या किरन देवी तिवारी सवार थे। टक्कर में संजय सिंह, बिंदु सिंह और विमला देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महेश तिवारी, विद्यावती सिंह और किरन देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने लोगों की मदद से कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला। सभी को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतहरिया भेजा गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के समय बस में कोई यात्री नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है और मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और ओवरटेकिंग की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

श्रद्धालुओं के खान-पान की व्यवस्था की

जौनपुर। बीएसए डॉक्टर गोरखनाथ पटेल के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा की पूरी टीम ने श्रद्धालुओं की सेवा किया। प्रयागराज महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए सतहरिया पड़ाव पर पूर्ण व्यवस्था की गई थी।उनके भोजन, आवास, दवा आदि की पूरी व्यवस्था की गई जिससे उन्हें किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। श्रद्धालुओं के लिए यात्रा की थकान को दूर करने के लिए उनके खान-पान की व्यवस्था करने के लिए और जगह-जगह जनपद जौनपुर में सभी बेसिक शिक्षा के जितने विद्यालय थे वहां पर श्रद्धालुओं के भोजन की व्यवस्था, उनके रोकने स्थान करने की दैनिक कार्यक्रम करने की व्यवस्था करने के लिए, आवागमन की सुविधा बनाए रखने के लिए समस्त टीम, शिक्षक संगठनों के सभी पदाधिकारी गण, बेसिक शिक्षा विभाग के सभी खंड शिक्षा अधिकारी गण, बेसिक शिक्षा परिवार मौजूद रहे। बीएसए ने कहा कि निस्वार्थ सेवा भाव से की गई सेवा सच्ची और सार्थक होती है। उन्होंने कहा कि श्रद्धा से ज्ञान, विनम्रता से मान और योग्यता से स्थान मिलता है, जिन लोगों के पास ये तीनों होते हैं, उन्हें हर जगह मान-सम्मान मिलता है समय कैसा भी हो, अच्छा हो या बुरा, हमें धैर्य और विनम्रता नहीं छोड़नी चाहिए।

विज्ञान प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों ने अपने माडलों से किया प्रेरित

आजमगढ़। मेंहनगर के जयनगर बाजार में स्थित ग्राम समाज इंटर कालेज के परिसर मे विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ ग्राम समाज पीजी कालेज, जयस्थली के प्राचार्य डा सदन राम ने करते हुए छात्र-छात्राओं द्वारा बनाये गये माडलों के बावत विस्तार से जानकारी प्राप्त किया। विज्ञान प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्राचार्य डा सदन राम ने कहा कि इस विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए 'करके सीखो' नीति पर किया गया है। बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और उनका विज्ञान के प्रति आकर्षण बढ़ाने के लिए यह जरूरी है कि उनको वैज्ञानिक गतिविधियों में प्रतिभाग कराया जाये। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में माडल हर्ट का माडल, जेसीबी, पाचन तंत्र के कार्य, प्रकाश सलेंश्षण, वाटर हारवेंसिंटग, आवर्त सारिणी के गुण, विद्युत चुंबकीय प्रेरणा, श्रेणीक्रम व समांतरक्रम में प्रतिरोध, कार्बन के अपरूप, खाद्य श्रृंखला, ऊर्जा संरक्षण, विभिन्न प्रकार के चतुर्भुज मॉडल आदि प्रदर्शित किए और उनके बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। स्कूल के इन बाल वैज्ञानिकों ने अपने मॉडलों से यह दिखाने का प्रयास किया कि आने वाला कल उनका है और वे अपनी नई वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़कर देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। अंत में ग्राम समाज इंटर कालेज के प्रधानाचार्य नागेंद्र सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी में कक्षा 6 में दान्या, में कक्षा आठवीं में अमर प्रताप सिंह, 9वीं में मुस्कान और पूजां, 10वीं में अंजली कुमारी, 11 में निखिल गुप्ता, अंशिका, प्रिया, 12 युक्तामुखी चैहान में शिरोमणी के मॉडल अव्वल रहे। इस मौके पर प्रधानार्चा नागेंद्र सिंह, संजय पांडेय, जितेंद्र मौर्या, विनीत गुप्ता, शंशाक सिंह आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रही।

गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा

आजमगढ़। प्राचीन शिव मंदिर जीयनपुर में पूर्व में लगी मां पार्वती, भगवान शंकर की मूर्ति खंडित होने के बाद नई प्रतिमा की स्थापना के लिए गुरुवार को गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। नगर में भ्रमण के बाद मंदिर परिसर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन के बाद प्रतिमा की स्थापना की गई। इस दौरान जयकारे से पूरा वातारण भक्तिमय हो उठा। प्राचीन शिव मंदिर जीयनपुर पर पूर्व में लगी मां पार्वती, भगवान शंकर की प्रतिमा खंडित हो गई थी। जिसके बाद वहां नई प्रतिमा लगवाने का निर्णय लिया गया था। नई प्रतिमा की स्थापना के लिए गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा बिलरियागंज मार्ग हसनपट्टी, बैल बाजार, कोरिया पोखरा, आदर्श नगर आदि होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। यहां पं. पारस तिवारी ने विधि-विधान से पूजन कराया। इसके बाद मां पार्वती, भगवान शंकर की प्रतिमा को मंदिर में स्थापित कराया गया। श्रद्धालुओं के जयकारे से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान आनंद प्रकाश तिवारी, नंदलाल चैरसिया, ज्ञानेंद्र मिश्रा, प्रदीप तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

कोरगी बालू साइड-सीमांकन का पता नहीं खनन जारी, कनहर नदी के अस्तित्व पर संकट

दुद्धी,सोनभद्र। दुद्धी तहसील मुख्यालय से करीब 7-8 किलोमीटर दूर स्थित कोरगी बालू साइट पर बिना सीमांकन ही खनन जारी रहने को लेकर पर्यावरण प्रेमियों ने चिंता जाहिर की है। पर्यावरण प्रेमियों ने खनन मानकों की अनदेखी पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि जिस तरह बिना सीमांकन ही कनहर नदी खोदी जा रही है और नदी में जगह-जगह बड़े बड़े गड्ढे बन रहें है उससे कनहर नदी की अस्तित्व पर संकट के बादल मंडराने लगे है। दुद्धी क्षेत्र की जीवनदायिनी नदियों में शामिल कनहर नदी कोरगी में जिस तरह पूरी नदी में मनमानी खनन जारी है उसको लेकर पर्यावरण प्रेमी एवं बीडीसी संघ के अध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता एडवोकेट, राकेश गुप्ता एड. सहित अन्य लोगों ने कनहर नदी के अस्तित्व को लेकर सवाल खड़े कर रहें है। आरोप है कि संबंधित विभाग को पत्र के साथ-साथ ऑनलाइन भी शिकायत की गई थी जिसमें लेखपाल रिपोर्ट भी आयी है।बताया गया कि राजस्व विभाग भी दबे स्वर यह स्वीकार कर रहा है कि मानक से अधिक गहराई में खनन किया जा रहा है। बताया कि संबंधित फर्म को नदी किनारे मोरम खनन, पट्टा क्षेत्र 32.338 हेक्टेयर, कनहर नदी के किनारे गाटा संख्या 871 और 518 ग्राम पिपरडीह और कोरगी में शर्तो के अधीन उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा खनन की एनओसी मिली थी लेकिन पर्यावरण प्रदूषण विभाग की निदेर्शों को दर किनार करते हुए खनन जारी है। पर्यावरण प्रेमियों ने डीएम से कनहर नदी कोरगी में खनन मानकों की जाँच की मांग उठाई ताकि नदी अस्तित्व बचाया जा सके।

जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने विंध्य क्षेत्र में निरीक्षणकर दिया निर्देश

मीरजापुर। डीएम प्रियंका निरंजन व एसएसपी सोमेन बर्मा ने मीरजापुर रेलवे स्टेशन, विन्ध्याचल, विन्ध्यवासिनी देवी परिक्रमा पथ व पुरानी वीआईपी का भ्रमण कर निरीक्षण के पश्चात मीरजापुर स्टेशन अधीक्षक के कक्ष में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक भी की गई। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रयागराज से काफी संख्या में लोग आ रहे अतएव सभी को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाया जाए। सहायक सम्भागीय ने डीएम को बताया कि 39 प्राइवेट बसे, 51 रोडवेज की बसे एवं जीप व टैक्सी के माध्यम से उचित किराए उन्हे भेजा रहा है। उन्होंने बताया अब तक सोनभद्र, वाराणसी व मप्र के रीवा के लोगो को भेजा जा चुका हैं। डीएम ने सहायक सम्भागीय पविहन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि रेलवे स्टेशन के दोनो निकास द्वारो आस पास जहां पर पार्किंग की व्यवस्था हो वहां पर बसे व टैक्सी लगवाए ताकि प्रयागराज से आने वाले दर्शनार्थियों को बिना किसी समस्या के अपने घरों को जा सकें। उन्होंने कहा कि कौन सी बस कहां जाएगी इसका भी एनांउसमेंट कराते रहें। उन्होंने एडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि लेखपालों वालंर्टियरों की ड्यूटी लगाए एवं यह सुनिशित कराएं कि आने वाले श्रद्धालुओं को कहां जाने के लिए कौन सी बस कहां लगी है इसकी जानकारी लोगो को प्रदान करें। डीएम ने स्टेशन मीरजापुर को निर्देशित किया कि बिहार व प्रयागराज जाने वाली सभी ट्रेनो की समय सारणी उपलब्ध कराएं एवं बीच-बीच में एनांउसमेट भी कराते रहें। उन्होंने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि रीवा व सोनभद्र जाने वाले मुख्य चौराहों पर मार्गो से संबंधित होर्डिंग लगवाए। विन्ध्याचल रेलवे स्टेशन पहुंचने पर डीएम ने आए हुए श्रद्धालुओं से वार्ता की उनके द्वारा अलग जनपदो में जाने को बताया गया, डीएम ने स्टेशन अधीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि एक हेल्प डेस्क बनाए ताकि श्रद्धालुओं को यदि कोई जानकारी प्राप्त करनी है तो प्राप्त कर सकते हैं। तत्पश्चात डीएम द्वारा मन्दिर पहुंचकर पुरानी वीआईपी परिक्रमा पथ का निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम शिव प्रताप शुक्ल, नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह, एएसपी नक्सल ओम प्रकाश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, स्टेशन अधीक्षक मीरजापुर, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी एसपी सिंह सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

महाकुंभ में स्नान करने गयी सास-बहू की मौत

जौनपुर। महाकुंभ स्नान करने गए जिले के नेवढियां थाना क्षेत्र के उसराव पुरवा गांव निवासी सास-बहू की प्रयागराज हादसे में दर्दनाक मौत हो गई, जबकि ससुर घायल हो गए। सूचना मिलने पर घरवाले शव लेने के लिए प्रयागराज रवाना हो गए। देर रात तक शव घर नहीं पहुंचा था। नेवढिया थाना क्षेत्र के उसराव पुरवा गांव से मंगलवार की दोपहर एक पिकअप पर 23 लोग सवार होकर प्रयागराज महाकुंभ स्नान करने गए थे। रात करीब डेढ़ बजे स्नान के लिए लोग पैदल ही जा रहे थे इसी दौरान हादसा हो गया। इसमें गांव के रामपत्ती देवी (70) पत्नी धर्मराज राजभर व बहू रीता (37) पत्नी पंकज की मौत हो गई जबकि धर्मराज का पैर टूट गया। सुबह पांच बजे पड़ोसी क्रांति को फोन से हादसे की सूचना मिली। इसके बाद गांव के लोग प्रयागराज के लिए रवाना हुए। भीड़ के चलते देरशाम चार बजे लोग प्रयागराज पहुंचे। बिछड़े हुए लोगों को इकट्ठा किए। वहां की पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने को तैयार नहीं रही, कहा गया कि जिले से पीएम होगा। देर रात तक मृतकों के शव घर नहीं पहुंचे थे। मौत की सूचना के बाद गांव में मातम छा गया, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। परिवार के यह भी सदस्य गए थे साथ में घटना में उसराव पुरवा के मृतकों के परिवार में मृत रीता की तीन बेटियां अन्नू 12, कोमल 10, अंजलि 8 भी साथ में गईं थी। वहीं रीता के जेठानी बिंदु देवी की बेटी पायल भी गई थी। उसराव पुरवा निवासी रीता देवी व उसकी सास रामपत्ती देवी की दर्दनाक मौत से पूरा परिवार दुखी है। इस दौरान हुए हादसे की आंखों देखी रीता देवी की बेटी कोमल ने बताया। उसने बताया कि मां ने हम तीनों बेटियों को अपनी आंचल में समेट लिया और ऊपर से लोग कुचलते रहे। कहा कि जब उसने पास में खड़े पुलिस वाले से बचाने की गुहार लगाई तो उन्होंने कहा कि वह कितने लोगों को बचाएंगे। कोमल ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मां व दादी की मौत का जिम्मेदार बताया। कोमल ने बताया कि रात करीब दो बजे परिवार व गांव के लोग शाही स्नान करने जा रहे थे। वे एक गेट के पास पहुंचे थी इसी दौरान हादसा हो गया। जमीन पर गिरे बूढ़े, बच्चे व जवान लोगों के पैर के नीचे दबने लगे। हर तरफ चीख-पुकार मचने लगी। इस दौरान मां रीता ने उसको, उसकी बहन अन्नू व अंजलि को बचाने के लिए अपने नीचे लपेट लिया और लोग ऊपर से कुचलते जा रहे थे। मां चीखती-चिल्लाती रही लेकिन किसी को उनकी आवाज नहीं सुनाई दी। कोमल ने बताया कि इस दौरान उसने वहां खड़े एक पुलिस वाले से कहा कि अंकल बचा लीजिए तो उसने कहा कि हम कितने लोगों को बचाएंगे। करीब तीन घंटे बाद भारी संख्या में फोर्स पहुंची। बहुत से लोग बेहोश पड़े थे, इस दौरान दादा धर्मराज राजभर तो मिले लेकिन मां, दादी बिछड़ गई थी। शाम चार बजे अस्पतालों का चक्कर लगाने के बाद यह पता चला कि उसकी मां व दादी की मौत हो गई। प्रशासन की लापरवाही से हमारे सिर से मां का सहारा छिन गया। हमको न्याय व नौकरी चाहिए।

बदमाशों व चोरों का खौफबढ़ा चोरों के हमले से कुत्ते की मौत

मीरजापुर। जनपद के लालगंज सर्किल में कानून व्यवस्था फेल हो रही है। चोरों बदमाशों दबंगो का खौफ पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर भारी पड़ रहे हैं। एक ताजा मामला और सामने आया है जहां घर में घुसकर चोरों ने जब चोरी का प्रयास किया तो घर के पालतू कुत्ते के भौंकने पर उसे मौत के घाट उतार दिया। बताया जा रहा है कि घर में तीन चोर घुस रहे थे, कुत्ते के भौंकने पर उसे चोर लेकर भागे और उसकी हत्या कर दी। कुत्ते के भौंकने की आवाज सुन एक चोर को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। यह लालगंज थाना क्षेत्र के बरौधा गांव का मामला बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक लालगंज थाना क्षेत्र के बरौंधा निवासी एक घर में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की नीयत से घर में घुस गए। यह घटना तब हुई जब परिवार के सदस्य कमरे में सो रहे थे। चोरों की आहट सुनकर घर में मौजूद कुत्ते ने भौंकना शुरू कर दिया जिससे परिवार के सदस्यों की नींद खुल गई। घर में मौजूद लोगों की आहट सुन चोरों ने चोरी में असफल होने पर अज्ञात तीन चोरों ने कुत्ते का मुंह दबाकर घर से कुछ दूर कुत्ते को ले जाकर उसे मौत के घाट उतार दिया। लालगंज थाना क्षेत्र के बरौंधा चौकी अंतर्गत बरौंधा निवासी अखिलेश मिश्र पुत्र गुलाबचंद मिश्र ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि वह सभी परिवार के सदस्य घर के अंदर कमरे में सो रहे थे। कुत्ते के भौंकने की आवाज सुनकर बाहर निकल कर देखा कि तीन की संख्या में अज्ञात चोर घर में घुसें थे जिसमें से एक चोर को पकड़कर बरौंधा पुलिस के हवाले कर दिया गया है। तहरीर देकर कुत्ते के शव का पोस्टमार्टम करने की मांग करते हुए अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

विवि में महात्मा गांधी को किया गया नमन

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि में महात्मा गांधी के शहीद दिवस पर गांधी वाटिका में उनकी मूर्ति पर विवि के शिक्षकों, अधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन अत्यंत सरल था उन्होंने सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण की कामना की। गांधी जी ने देश की सामाजिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने कहा कि महात्मा गांधी के जीवन दर्शन से हमें सीख मिलती है कि सादगी से भरा जीवन ही हमें सच्चा सुख दे सकता है। परीक्षा नियंत्रक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। गांधी जी एक ऐसे भारत की कल्पना करते थे जहाँ हर व्यक्ति समानता, सद्भाव और न्याय के साथ जीवन व्यतीत कर सके। प्रो. विक्रम देव ने कहा कि राष्ट्रपिता गांधी के सपनों का भारत बनाने हेतु संकल्पित होना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वे सत्य अहिंसा, स्वदेशी, ग्राम स्वराज के प्रबल समर्थक पक्षधर एवं प्रचारक थे। प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रमोद यादव, उपकुलसचिव अजीत सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. मनोज पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

नील गाय को बचाने में कार पेड़ से टकरायी, 6 घायल, 4 रेफर

- कार से कुम्भ स्नान कर घर वापस लौट रहा था परिवार

म्योरपुर/सोनभद्र। मुर्धवा बिजपुर मार्ग पर गुरुवार को प्रयागराज से कुम्भ स्नान कर घर वापस जा रहे एक परिवार का कार नील गाय को बचाने मे पेड़ से टकरा गयी जिसमे छोटे छोटे बच्चे सहित कुल छः लोग घायल हो गये ग्राम प्रधान सन्त कुमार गुप्ता की सुचना पर पहुँचे म्योरपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार सिंह से तत्काल घायलों को म्योरपुर सीएचसी भेजवाया जहाँ डाक्टरों ने बिना देरी किये प्रथम उपचार शुरू कर दिया। इलाज कर रहे डॉक्टर अंकित सिंह ने बताया आज सड़क दुर्घटना मे छः लोगो को लाया गया था जिनका नाम नवीनकुमार पुत्र उदय शंकर प्रसाद 45, मालती देवी पत्नी उदयशंकर प्रसाद 65, सीता देवी पत्नी नवीन कुमार 42 वर्ष, स्वाति सिंह पुत्री नवीन कुमार 14, सत्यम सिंह पुत्र नवीन कुमार 12 वर्ष, आदि कुमार पुत्र नवीन कुमार सिंह 16 वर्ष निवासी जारही अंबिकापुर छत्तीसगढ़ का इलाज चल रहा है जिसमे से चार लोगो की स्थिति गंभीर देखते हुए प्रथम उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। ग्राम प्रधान सन्त कुमार गुप्ता ने बताया की म्योरपुर की ओर से छत्तीसगढ़ की ओर जा रही डिजायर कार के आगे एक पिकअप जा रहा था। इसी दौरान रोड़ पर दौड़ते हुए एक नील गाय आ गयी जिससे पिकअप की टक्कर नील गाय से हो गयी इसके तुरंत बाद पीछे से आ रही डिजायर कार नील गाय को बचाने मे रोड किनारे पेड़ से टकरा गयी जिससे कार के बुरी तरह छतिग्रस्त हो गयी। वही म्योरपुर के प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार सिंह ने बताया घायलों को पुलिस ने अस्पताल भिजवा दिया है वन विभाग को पशु विभाग को घटना की जानकारी देंदी गयी है।

शिक्षा से बदलेगी देश की तस्वीर : कुलपति

- कुलपति के हाथों से सम्मानित हुए उप संपादक हरिओम सिंह

पराक्रम स्मारिका प्रदान कर सम्मानित किया गया।

आजमगढ़। महाराणा प्रताप सेना द्वारा महाराजा सुहेलदेव विवि के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा का जोरदार स्वागत गुरूवार को गरूण होटल के सभागार में किया गया। सर्वप्रथम महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्पाजंलि अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इसके बाद सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह ने कुलपति प्रो. शर्मा को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह स्मारिका 'पराक्रम' प्रदान कर सम्मानित किया। इसके बाद कुलपति प्रो. शर्मा के हाथों पराक्रम के सम्पादक डा. सुभाष सिंह, हरि ओम सिंह, लेखक सहायक आचार्य डा. प्रवेश सिंह, डा.धनश्याम दुबे, डा. ईश्वर चन्द्र त्रिपाठी, डा. प्रतिभा सिंह को विशेष योगदान के लिए अंगस्त्रम्, स्मृति चिन्ह, पराक्रम स्मारिका प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अभिभावदन से अभिभूत कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि शिक्षा से ही किसी भी देश व समाज की दिशा बदल सकती है। इसके लिए एक-एक करके निर्धारित लक्ष्य बनाया जायेगा और उसी के अनुरूप चलकर एक आदर्श विवि के रूप में महाराजा सुहेलदेव विवि को स्थापित किया जाएगा। विवि को ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए विवि प्रबंधन के साथ-साथ आजमगढ़ और मऊ के सभी नागरिकों का सकारात्मक सहयोग चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने बहुत से विभागों के विस्तार किये जाने की बात कही। साथ ही विवि में यातायात की बेहतर व्यवस्था सुलभ कराने के लिए अपने प्रयास को बताया। इस दौरान कुलपति ने राष्ट्रीय अध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह के कार्यो की सराहना किया। विश्वास प्रकट करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि कुलपति के निर्देशन में महाराजा सुहेलदेव विवि देश के सर्वश्रेष्ठ विवि में शामिल होंगा और आजमगढ़, मऊ के छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षा नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी महाराणा प्रताप सेना की जरूरत होगी वह सदैव तत्पर रहेगी। अन्य वक्ताओं में विशिष्ट अतिथि अशोक अग्रवाल आदि शामिल रहे। अध्यक्षीय संबोधन में रामबचन सिंह ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। संचालन प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह ने किया। अंत में सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह, उपाध्यक्ष राजेश, शिवम आदि ने कुलपति को सम्मानित किया। इस अवसर पर हरिवंश सिंह, प्रांशु सिंह, मिथिलेश सिंह, दिनेश खंडेलिया, चन्दन सिंह, एमपी सिंह, राजेश सिंह, अच्युतानंद तिवारी, जय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

हंस कम्युनिटी वेलनेस प्रोग्राम के तहत मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

म्योरपुर(सोनभद्र)। स्थानीय विकास खंड अंतर्गत गोविंदपुर स्थित शिक्षा निकेतन प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में हंस कम्युनिटी वेलनेस प्रोग्राम के तहत राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख म्योरपुर मानसिंह गोंड ने स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर के किया।अपने संबोधन में प्रमुख ने कहा की सभी बच्चों को अपने जीवन में स्वामी विवेकानन्द के जीवन मूल्यों को अपने अंदर लाए और अपना एक लक्ष्य निर्धारित कर के आगे बढ़े जिसके की लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। हंस फाउंडेशन के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर कुशल त्रिपाठी ने कहा की यह एक उत्तराखंड की फाउंडेशन है जो की युवा दिवस के अवसर पे ये कार्यक्रम करा रहा है इस संस्था द्वारा दुरूह क्षेत्रों में हंस मोबाइल यूनिट के द्वारा लोगो का निःशुल्क उपचार किया जाता है। कार्यक्रम का शुभारम्भ सांस्कृतिक कार्यक्रम से किया गया उसके बात विभिन्न प्रकार के खेल बालक और बालिकाओं का अलग अलग कराया गया जिसमे कुर्सी दौड़, कबड्डी अंत्याक्षरी, भाषण प्रतियोगिता और क्रमश 100 मीटर और 200 मीटर का दौड़ कराया गया। कार्यक्रम का समापन प्रतिभाग किए गए सभी बच्चों को को पुरुस्कृत कर के किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन प्रमोद कुमार शर्मा और यश्वी पांडे के द्वारा किया गया। इस दौरान आश्रम के प्रबंधक विमल सिंह, प्रधानाचार्या इंदुबाला सिंह, हंस मोबाइल यूनिट की टीम, डॉ संजीव बिंद, अभिषेक पांडे, स्कूल के स्टाफ विजय कुमार, नेहा, सर्वजीत सिंह, कमलेश सिंह, देवकुमारी, रेफरी की भूमिका में जितेंद्र और बृजेश, राम सिंह, केवला प्रसाद समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

संक्षेप

कोकीन बरामद दबोचे चाचा-भतीजे

बरेली। नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एसपी सिटी मानुष पारीक के निर्देश पर बारादरी पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपी टैक्सी की आड़ में नशे की तस्करी कर रहे थे। इनके पास से कुल 817 ग्राम कोकीन बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 4.85 करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि दोनों आरोपी अमरोहा जिले के रहने वाले हैं और दिल्ली से कोकीन लेकर बरेली में किसी युवक को सप्लाई करने जा रहे थे। एसपी सिटी काफी समय से सूचना मिल रही थी। नशे का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। पुलिस ने जब इस दिशा में जांच शुरू की तो उन्हें पता चला कि एक संदिग्ध कार बरेली में ड्रग्स सप्लाई के लिए आ रही है। इसी आधार पर पुलिस ने डोहरा रोड स्थित रोहिलखंड यूनिवर्सिटी के पास चेकिंग अभियान शुरू किया और एक स्विफ्ट डिजायर कार को रोककर तलाशी ली गई।

डीएम ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)

कुशीनगर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने आज निर्वाचन कार्यालय वेयरहाउस में रखे ईवीएम तथा वीवीपीएटी मशीन का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस के चारों तरफ लगाए गए सीसीटीवी कैमरो की की स्थिति, कंट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवं रोशनदानों को सुरक्षित रखने के उपायो सहित अन्य बिंदुओं का गहन निरीक्षण किया।जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण दौरान नगर पालिका के माध्यम से साफ सफाई कराने सहित उपयोगी उपकरणों को सुरक्षित रखने का निर्देश संबंधित को दिए। निरीक्षण दौरान वेयरहाउस के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वाह्य सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए।

डीएम ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा के दृष्टिगत मा0 भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा गार्ड्स की शिफ्टवार तैनाती सहित वेयरहाउस की अन्य सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी/उप जिलाधिकारी मु0 जफर सहित निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

वेटर के इशारों पर पार हुआ लाखों के गहने और नकदी से भरा बैग

बरेली। शहर के पीलीभीत बाईपास स्थित एक होटल में खुशी के माहौल के बीच एक ऐसी घटना घटी जिसने वर-वधू पक्ष को होश उड़ दिए। रिंग सेरेमनी समारोह के दौरान एक वेटर की मिलीभगत से रुपयों और गहनों से भरा बैग चोरी हो गया। चोरी की वारदात होटल में लगे सीसीटीवी में कैद हो गयी। पीलीभीत निवासी शलभ अग्रवाल की रिंग सेरेमनी बरेली के पीलीभीत बाईपास स्थित एक होटल में रखी गई थी। परिवार और रिश्तेदारों की मौजूदगी में उत्सव का माहौल था। डीजे की धुनों पर लोग झूम रहे थे, और इसी बीच किसी ने वर पक्ष के लाखों की कीमत के गहने और नगदी से भरे बैग को पार कर दिया। बैग गायब होने की जानकारी मिलने पर समारोह में अफरा-तफरी मच गई। परिवार के सदस्यों ने होटल के कोने-कोने में बैग ढूंढने की कोशिश की, लेकिन कहीं भी उसका सुराग नहीं लगा। मामला होटल प्रबंधन और पुलिस के संज्ञान में लाया गया। जब होटल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए तो चोरी का पूरा घटनाक्रम सामने आ गया। फुटेज में होटल में कार्यरत एक वेटर किसी अज्ञात युवक को इशारा करता हुआ नजर आया। इसके कुछ ही क्षणों बाद वह युवक बैग उठाकर वहां से तेजी से निकल गया।घटना की सूचना मिलते ही बारादरी पुलिस मौके पर पहुंची और होटल के सीसीटीवी फुटेज देखे। पुलिस ने संदेह के आधार पर वेटर को हिरासत में लिया और उससे पूछताछ शुरू कर दी।

हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब बारादरी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठे हैं। क्षेत्र में चोरी और लूटपाट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस अब तक इन पर पूरी तरह से अंकुश लगाने में नाकाम रही है। स्थानीय निवासियों और पीड़ित परिवार का कहना है कि पुलिस यदि मुस्तैदी दिखाती तो आरोपी मौके पर ही पकड़ा जा सकता था। अब जबकि वेटर हिरासत में है, उम्मीद की जा रही है कि वह अपने साथी के बारे में जानकारी देगा और जल्द ही चोरी का माल बरामद हो सकेगा।

संविधान सबका प्रयास यात्रा के तहत सांसद ने किया जनसंपर्क

देवरिया। सदर सांसद शशांक मणि के नेतृत्व में चल रही संविधान सबका प्रयास यात्रा के चौथे दिन पथरदेवा विधानसभा के तरकुलवा मंडल के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर संविधान के प्रति लोगो को जागरूक किया गया।इस दौरान सदर सांसद ने बारईपट्टी में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य संविधान के प्रति लोगों को जागरूक करने और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने पर केंद्रित है। संविधान की मूल भावना और प्रस्तावना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हम लोग गांव गांव जा रहे हैं और लोगों से संपर्क कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि अपनी सत्ता बचाने के लिए कांग्रेस ने देश पर आपातकाल थोपा। लोकतंत्र, संविधान और मीडिया का गला घोंटा। संविधान में बार-बार संशोधन कर संविधान को कमजोर किया। कांग्रेस की सरकार ने अदालत के आदेश के बावजूद तुष्टिकरण की राजनीति के कारण तीन तलाक को खत्म नहीं किया। इस दौरान यात्रा के संयोजक कृष्णनाथ राय, जिला महामंत्री रविंद्र कौशल, रामाशीष प्रसाद, मंडल अध्यक्ष दुष्यंत राव, जीवनपति त्रिपाठी, राजू भारती, अंबुज शाही सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

शादी अनुदान योजना पुनः शुरू, पात्र परिवारों को मिलेगा 20 हजार रुपये का अनुदान

देवरिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित ऑनलाइन शादी अनुदान योजना को पुनः शुरू कर दिया गया है। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति, जनजाति और सामान्य वर्ग के गरीब परिवारों की पुत्रियों के विवाह के लिए ?20 हजार का अनुदान दिया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत विवाह की तिथि से 90 दिन पहले और 90 दिन बाद तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन प्रक्रिया पूरी करने के लिए ३३स्र२://१ँल्लि४ल्लि.४स्र१ूं.ङ्म५.ल्ल वेबसाइट पर पंजीकरण अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद उसकी हार्ड कॉपी संबंधित विकास खंड या तहसील कार्यालय में जमा करनी होगी। अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

जिला स्तरीय उद्योग बंधु एवं कानून सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

देवरिया,। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में विकास भवन के गांधी सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु एवं कानून सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से आए उद्यमियों ने अपनी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों के त्वरित समाधान और लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में गए औद्योगिक आस्थान में भूमि आवंटन को लेकर चर्चा की गई। राजकीय औद्योगिक आस्थान, देवरिया में सफाई व्यवस्था को लेकर व्यापारियों ने मुद्दा उठाया, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका को तत्काल आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के तहत बाउंड्री वॉल, इंटरलॉकिंग, मुख्य द्वार और पार्क सौंदर्यीकरण के लिए इस्टीमेट तैयार कराने को कहा गया। साथ ही, औद्योगिक आस्थान के मूल नक्शे को अपग्रेड करने की आवश्यकता जताई गई, जिस पर अधिकारियों ने बताया कि यह प्रस्ताव आयुक्त एवं निदेशक, उद्योग को भेजा गया है और मार्गदर्शन प्राप्त होते ही कार्यवाही की जाएगी। मिनी औद्योगिक आस्थान, पथरदेवा में विद्युत आपूर्ति कराए जाने का मुद्दा उठाया गया, जिस पर बताया गया कि इसे सुनिश्चित करने के लिए आगणन स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भेजा गया है। वहीं, उद्यमियों ने उसरा बाजार औद्योगिक संस्थान में अग्निशमन केंद्र की स्थापना की मांग रखी, जिस पर जिलाधिकारी ने स्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर, मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय, पूर्व विधायक एवं उद्यमी रविन्द्र प्रताप मल्ल सहित अन्य अधिकारी और उद्यमी उपस्थित रहे।

जल का संरक्षण सबकी जिम्मेदारी: डीएम

बहराइच। बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला जल संरक्षण समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि मानव जीवन के लिए जल है सभी को जल संरक्षण का संकल्प लेना होगा। डीएम ने कहा कि पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए जन सामान्य की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु सभी सम्बन्धित विभाग प्रयास करें तथा इस कार्य में गैर-सरकारी संगठनों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों का भी सक्रिय सहयोग प्राप्त किया जाय।सरकारी एवं व्यावसायिक भवनों में वाटर रिचार्ज अवसंरचनाओं की स्थापना की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि सतही एवं भूमिगत जल के संरक्षण के लिए आवश्यक है कि सभी भवनों में वाटर रिचार्जिंग व्यवस्था के प्रबन्ध अवश्य किये जायें। डीएम ने कहा कि वाटर रिचार्जिंग से भूगर्भीय जल के स्तर में गिरावट को रोका ने कटान के भी जल स्रोतो एवं नदियों में से वाटर रिचार्जिंग में बाधा उत्पन्न होती है।

वांछित अभियुक्त को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला करने वाले आधा दर्जन गिरफ्तार

देवरिया। जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र के सुरौली गांव में बुधवार की शाम वांछित अभियुक्त को पकड़ने गई पुलिस टीम पर कुछ लोगों ने हमला बोल दिया। जिसमें दरोगा और सिपाही घायल हो गए। हमला करने के बाद आरोपी को छुड़ाकर ग्रामीण लेकर चले गए। पुलिस टीम पर हमला होने की सूचना पर देर रात पहुंची भारी पुलिस बल ने कई लोगों को हिरासत में लेने के साथ ही पांच ट्रैक्टर और लोडर को कब्जे में ले लिया। पुलिस टीम पर हुए हमले के मामले में सब इंस्पेक्टर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। बरियारपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अहिलवार का रहने वाला पंकज गुप्ता मिट्टी खनन का कार्य करता है। किसी व्यक्ति से रुपया लेने के बाद चेक दिया था, वह चेक बाउंस हो चुका है। इस मामले में पीड़ित ने न्यायालय में मुकदमा दर्ज कराया है। उस मामले में पंकज गुप्ता वांछित चल रहा है। बुधवार की शाम बरियारपुर थाने के सब इंस्पेक्टर वरुण सिंह और सिपाही

अमर सिंह सुरौली में उर्मिला देवी के किसी मामले की जांच करने जा रहे थे, सुरौली के पास पंकज गुप्ता दिख गया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। इस बीच पंकज गुप्ता के समर्थक मौके पर पहुंच गए और दारोगा और सिपाही पर हमला बोल दिया।

साथ ही आरोपी पंकज गुप्ता को छुड़ाकर लेकर चले गए। ग्रामीणों ने हमले में दोनों पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। देर रात थानाध्यक्ष कंचन राय के साथ पुलिस टीम पहुंची और घर के कई लोगों को हिरासत में लेने के साथ ही वाहनों को कब्जे में ले लिया। एएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर पुलिस ग्राम अहिलवार में बुधवार को वारंटी पंकज कुमार गुप्ता को गिरफ्तार करने गई थी।

मगर वहां मौजूद कुछ लोगों ने इसका विरोध किया। सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में पुलिस ने दरोगा वरूण सिंह की तहरीर पर 11 नामजद तथा 20 से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस ने चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान

देवरिया। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने समस्त थाना प्रभारियों / थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि जिले के विभिन्न बैंकों, ग्राहक सेवा केंद्रों, ए.टी.एम., और पेट्रोल पंपों की सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए।इस अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों पर अपराधों की रोकथाम, कानून व्यवस्था को बनाए रखना, और नागरिकों के बीच सुरक्षा का अहसास बढ़ाना।अभियान के तहत सभी थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले बैंक, ए.टी.एम. और ग्राहक सेवा केंद्रों के साथ-साथ पेट्रोल पंपों की चेकिंग की गई। अभियान में पुलिस ने विशेष ध्यान केंद्रित किया कि बैंक और ए.टी.एम. के आसपास किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधियाँ न हों। इसके साथ ही बैंक परिसर में सुरक्षा गार्ड्स और सीसीटीवी कैमरों ठीक से कार्य कर रहे है।देवरिया पुलिस ने इस अभियान में विशेष रूप से स्थानीय लोगों को सहयोग देने के लिए प्रेरित किया और उन्हें विश्वास दिलाया कि पुलिस प्रशासन उनकी सुरक्षा के लिए लगातार काम कर रहा है। पुलिस प्रशासन ने यह भी अपील की है कि अगर किसी को इन स्थानों पर कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे या वे किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि से अवगत हों, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। नागरिकों का सहयोग इस प्रकार के अभियानों की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है।

अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन तिथि बढ़ी, परीक्षा 09 मार्च को

देवरिया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशि सिंह ने बताया है कि अटल आवासीय विद्यालय, सहजनवां (गोरखपुर) में कक्षा-6 एवं कक्षा-9 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 20 फरवरी 2025 कर दी गई है। प्रवेश परीक्षा अब 09 मार्च 2025 को आयोजित की जाएगी।

अटल आवासीय विद्यालय में नामांकित विद्यार्थियों को निःशुल्क आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती है। साथ ही स्मार्ट क्लास की सुविधा, छात्रावास, पाठ्यपुस्तकें, स्कूल ड्रेस, भोजन, खेल-कूद और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

कोरोना काल में अनाथ हुए बच्चों, जो मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अंतर्गत पंजीकृत हैं, और ऐसे श्रमिकों के बच्चों का नामांकन किया जाएगा, जिनके अभिभावक उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में 30 नवंबर 2024 तक तीन वर्ष की सदस्यता पूर्ण कर चुके हैं।

इच्छुक अभ्यर्थी श्रम विभाग, विकास भवन परिसर, देवरिया से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं और वहीं आवेदन जमा कर सकते हैं।

गन्ने की उपज, मिठास बढ़ाने के लिए दो बोरा पोटाश किसान को निःशुल्क दे रही ढाढ़ा चीनी मिलः करण सिंह

कुशीनगर। न्यू इंडिया शुगर मिल हाटा, कुशीनगर के अधिशासी अध्यक्ष करन सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक कर मिल परिक्षेत्र में गन्ने की गन्ना क्षेत्रफल, उत्पादकता, चीनी परता बढ़ाने, गेट क्षेत्र में बढ़ाने को लेकर किए जा रहे कार्य की समीक्षा की। श्री सिंह ने गन्ने की बुवाई एवं बीज

- गन्ने में प्याज रोपाई के लिए पौधा उपलब्ध है: ओमप्रकाश गुप्ता

गन्ना की उपलब्धता कीटनाशक, भूमि उपचार एवं बीज गन्ना उपचार की समीक्षा की। उन्होने बताया कि सबसे अधिक उपज देने वाली गन्ना प्रजाति जिसके एक गन्ने का वजन 2 से 3 किलो का है को.15023 प्रजाति की बुवाई करने पर दो बोरा पोटाश अवध शक्ति निशुल्क दी जाएगी। श्री सिंह ने प्रधान प्रबंधक गन्ना श्री अवधेश गुप्ता को निर्देश दिया कि सभी गन्ना विकास कर्मचारियों, ब्लाक इचार्जों से उनकी मांग नोट करें कि किसी कर्मचारी को कितने बोरा बायो पोटाश चाहिए। जिससे किसान को बुवाई के समय उपलब्ध करा दिया। साथ ही निर्देश जारी करें कि भूमि उपचार के लिए बिना ट्राइकोडर्मा प्रयोग की गन्ने की बुवाई नहीं होगी। अधिशासी अध्यक्ष ने गन्ना किसान संस्थान के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता से विचार विमर्श किया कि प्रत्येक कृषि प्रशिक्षण गोष्ठी में कृषि यंत्रों के प्रयोग से लाभ, भूमि व बीज गन्ना उपचार कैसे करें। ऑटोमेटिक और प्लांटर से गन्ने की बुवाई, संतुलित उर्वरको का प्रयोग, गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाने, गन्ना फसल में कीट रोग नियंत्रण तथा पेड़ी गन्ना फसल से अधिक उपज कैसे लें। पूर्व निदेशक गुप्ता ने अधिशासी अध्यक्ष को बताया कि गन्ने के साथ प्याज की रोपाई करने के लिए ग्राम शिवराजपुर में किसान उमेश मौर्य तथा ग्राम कोटवा अनिरुद्धवां हेतिमपुर के किसान भभूति कुशवाहा के पास प्याज की नर्सरी में पौध तैयार है। कोटवा के भभूति कुशवाहा के पास 25 डेसिमल 6 कट्ठा में नर्सरी में पौध तैयार है जो 5 फरवरी से बेचेंगे। प्याज की रोपाई करने से 80 से 100 कुंतल गन्ने का औसत ऊपज निश्चित बढ़ जाएगा। दूसरा लाभ गन्ने में लगने वाले सबसे हानिकारक कीट पिहिका, अंकुरबेधक का शतप्रतिशत नियंत्रण होगा। पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने प्याज अनुसंधान संस्थान राजगुरूनगर पुणे, महाराष्ट्र जाकर फसल को देखा और प्रशिक्षण लिया। सभी ब्लॉक इंचार्ज अपने-अपने सर्किल में कम क्षेत्रफल में इसका प्रदर्शन कराये जिसको देखकर अगले वर्ष अधिक किसान इसका लाभ ले सकें।

मिल परिक्षेत्र में गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाना, ऑटोमेटिक केन प्लांटर से बुवाई करना, गन्ने की एक आंख करोपाई कर छिलाई, लदाई आधुनिक कृषि यंत्र से गांव-गांव में कराया जा रहा है। गांव-गांव में विशेष प्रशिक्षण गोष्ठी अभियान फोटोग्राफ दिखाकर जानकारी दे रहे हैं।

पारिवारिक मामलों को चिन्हित कर निस्तारण करें: प्रधान न्यायाधीश

देवरिया। अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बद्री विशाल पाण्डेय के अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में पारिवारिक वादों के अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण हेतु प्री-ट्रायल बैठक आहूत किया गया। माननीय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय देवरिया श्री बद्री विशाल पाण्डेय के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 08.03.2025 के सफलता हेतु प्री-ट्रायल बैठक में परिवार न्यायालयों में अधिक से अधिक संख्या में पारिवारिक वादों को चिंन्हित कर निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया। उनके द्वारा पारिवारिक वादों से संबंधित वादों पर चर्चा कर उसके निस्तारण हेतु बल दिया गया है जिससे पत्रावलियों को संबंधित न्यायालय में प्रार्थना पत्र के माध्यम से लगवाकर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण कर लाभ उठाया जा सकें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वादों का निस्तारण पक्षकारों के साथ आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जायेगाा बैठक में अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय श्री विकास कुमार उपस्थित रहै।

जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठक संपन्न

जिला संवाददाता(vol)

कुशीनगर। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में जनपदीय स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गई। बैठक में सर्वप्रथम गत बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सब की जिम्मेदारी है, ऐसे में सभी संबंधित स्वास्थ्य केंद्र पर दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी व डिप्टी सीएमओ को निर्देशित किया कि विभाग अन्तर्गत संचालित हो रहें विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा करें, जिन कार्यक्रमों के संचालन में कोई कमी पायी जाये उस पर विशेष जोर देकर कमियों को दूर कराया जाये। संचालित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों की रेण्डम चेकिंग भी करायी जाये, तथा अपने अधीनस्थ कर्मियों के साथ संवाद स्थापित करें। जिलाधिकारी ने सुपरवाइजरी विजिट बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुपरवाइजरी विजिट बढ़ाने से न

केवल विभिन्न कार्यक्रमों को प्रभावी रूप में संचालित किया जा सकेगा, बल्कि लापरवाही अथवा क्षेत्र में सही कार्य न करने वालों की भी मॉनिटरिंग हो सकेगी। जिलाधिकारी ने सीएचसी, पीएचसी पर संस्थागत प्रसव बढ़ाने, हाईरिस्क प्रसव की लगातार मानीटरिंग करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि जननी सुरक्षा योजनान्तर्गत संस्थागत प्रसव लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत कराया जाये, इस कार्य में लापरवाही करने वालों पर आवश्यक कार्यवाही की जाए, एसएनसीयू के अन्तर्गत सभी आवश्यक व्यवस्थाऐं दुरूस्त रहे, फैमली प्लानिंग, आभा आईडी आदि का कार्य लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण किया जाये, गर्भवती महिलाओं व बच्चों के शत प्रतिशत टीकाकरण किया जाये, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आरबीएसके टीम कमजोर बच्चों का चिन्हांकन करे। सीडीपीओ, एमओआईसी आपस में समन्वय कर एक दूसरे को डाटा शेयर कर प्रभावी कार्यवाही करें। बैठक में टीकाकरण, टीबी, तम्बाकू उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम आदि की समीक्षा कर दिशा निर्देश दिए गए। अंत में तृतीय पक्ष डब्ल्यू एचओ, यूनिसेफ द्वारा किए गए सर्वे की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिए गए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा, जिसके तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन, शपथ आदि कराया जायेगा। कुष्ठ रोगियों को चिन्हित कर दवा उपलब्ध करायी जायेगी। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 फरवरी को मनाया जायेगा, इसी दिन 01 से 19 वर्ष तक के बच्चों को सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों, प्राथमिक विद्यालयों स्कूलों/ कॉलेजों में दवा खिलायी जायेगी। छूटे हुए लोगों को 14 फरवरी को दवा दी जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम से सम्बन्धित अधिकारियों को समन्वय कर अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिये गये।100 दिन टीवी अभियान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को निक्षय मित्र बनाया जाये। सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी का डाटा भी पोर्टल पर फीड कराया जाये। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुरेश पटारिया, डिप्टी सीएमओ, सीएमएस, मेडिकल प्राचार्य सभी एमओआईसी आदि उपस्थित रहे।

पुलिस क्षेत्राधिकारी बलिया ने किया जी आर पी थाना भटनी का औचक निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)

भटनी(देवरिया)। स्थानीय राजकीय रेलवे पुलिस अनुभाग गोरखपुर क्षेत्राधिकारी बलिया रविरत्न गौतम ने औचक निरीक्षण कर रेलवे स्टशन पर महाकुंभ पर पुलिस व्यवस्था का अवलोकन किया ।रेलवे स्टेशन पर पहुँचते ही सबसे पहले थाना कार्यालय का रखरखाव व आवश्यक कागजातों का भी अवलोकन किया। महाकुंभ पर रेलवे स्टेशन पर भीड का भी निरीक्षण किया ।लगभग 2बजे प्लेटफार्म संख्या-1पर झुसी से प्रयागराज से अमृत स्नान कर श्रध्दालुओं से भरी स्पेशल के आते ही वहां मौजूद सी ओ रविरत्न गौतम ने थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह के साथ तीर्थयात्रियों से यात्रा के दौरान परेशानियों के बारे मे भी जानकारी ली ।और ट्रेन खुलते समय ट्रेन न चढने की सलाह दी ।इसके अलावे प्रयागराज से लौटे श्रध्दालुओं से भरे प्लेटफार्म की सुरक्षा के लिए मौजूद पुलिसकर्मियों को आवश्यक निर्देश भी दिया ।बृहस्पतिवार के दिन प्रयागराज जाने के लिए स्टेशन पर कोई यात्री या कोई स्पेशल ट्रेन नही आयी ।प्रयागराज से वापस आने वाले श्रध्दालुओं ने बताया की स्नान तो बहुत ढंग से हुई व्यवस्था भी बहुत अच्छी है लेकिन हृदयविदारक घटना का दुख भी है।

रोजगार मेले में 758 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

कुशीनगर। गुरुवार को श्री गाँधी इण्टरमीडिएट कालेज, खड्?डा, कुशीनगर के परिसर में जिला सेवायोजन कार्यालय, तथा मॉडल कॅरियर सेन्टर, कुशीनगर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कुल 35 (चेकमेट सिक्योरिटी, जीएस 4, बाम्बे इंटेलीजेन्स सिक्योरिटी (1) लि०, कॉसमोस मैनपावर सर्विस प्रा०लि०, डीसेट, ई-कार्ट, एल० आई०सी०, एस०बी०आइ० लाईफ, रेवेल इनफार्मेशन टेक्नोलाजी, क्वेस कार्प (टाटा मोटर्स), एम०आर०एफ० टायर, रिलायंस सोलर एनर्जी लि०, अशोक लीलैण्ड, एडिक्को इण्डिया प्रा०लि० इत्यादि) निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदो के लिए साक्षात्कार लिया गया। रोजगार मेलें में कुल 1563 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिनका कम्पनी के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से कुल 758 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों पर प्रारम्भिक चयन किया गया।

इस रोजगार मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मा० सांसद, कुशीनगर विजय कुमार दूबे जी एवं विशिष्ट अतिथि मा० विधायक खड्?डा विवेकानन्द पाण्डेय जी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया एवं उनके कर कमलों द्वारा विभिन्न निजी क्षेत्र की कम्पनियों में चयनित अभ्यर्थियों को उनके द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया तथा मां0 जनप्रतिनिधि गणों द्वारा परिसर में लगे निजी क्षेत्र के कम्पनियों की स्टाल का निरीक्षण भी किया गया। उक्त मेले में बी० जे०पी० के स्थानीय वरिष्ठ जनप्रतिनिधि गण व संजय कुमार, जिला सेवायोजन अधिकारी, शिशिर कुमार सिंह, सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी, क्षे० से०का०, गोरखपुर, अपूर्व रोहन सिन्हा, सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी, देवरिया, शाहनवाज आलम, सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी, कुशीनगर, अभय श्रीवास्तव, विनय पाण्डेय, राजेश कुमार, गौतम कुमार, श्री गाँधी इण्टरमीडिएट कालेज, खड्डा के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी गण के साथ-साथ अभिषेक मिश्रा, अनिल कुमार, व०स०, जितेन्द्र जायसवाल, प्रशान्त कुमार सिंह इत्यादि कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

सड़क हादसे ने दो की मौत,चार घायल

सीतापुर। दर्दनाक सड़क हादसे ने दो लोगों की जान ले ली। महाकुंभ में स्नान कर वापस लौट रहे मानवाधिकार सुरक्षा संगठन आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज मिश्रा समेत छह लोगों की कार लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे 30 पर जलालपुर के पास खड़े एक ट्रक से टकरा गई। बुधवार की देर रात हुए इस हादसे में कार चालक आयुष ने वाहन का नियंत्रण खो दिया, जिससे कार सीधे खड़े ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में पंकज मिश्रा सहित दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार में सवार राजेश वर्मा, आयुष लाल बहादुर वर्मा और अमित वर्मा समेत कुल छह लोग थे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। अन्य चार घायलों का इलाज जारी है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

दुष्कर्म के आरोपी कांग्रेस सांसद गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को गुरुवार दोपहर अपने लोहारबाग स्थित आवास पर प्रेसवार्ता कर रहे थे। तभी शहर कोतवाली पुलिस ने छापा मारकर उनको गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस सांसद को लेकर कोर्ट पहुंच गई है। सांसद की गिरफ्तारी के बाद कोर्ट परिसर में हलचल रही। कोर्ट ने सांसद को जेल भेज दिया है। गत 17 जनवरी को एक महिला की शिकायत पर

कोर्ट ने 14 दिन के लिए जेल भेजा

सांसद पर शहर कोतवाली में दुष्कर्म आदि धाराओं में केस दर्ज किया गया था। इस मामले में सांसद अग्रिम जमानत की कोशिश कर रहे थे। जिले की एमपीएमएलए कोर्ट से जमानत निरस्त होने के बाद उन्होंने हाइकोर्ट की लखनऊ बेंच में याचिका डाली थी, जो कि बुधवार को निरस्त कर दी गई है। कोर्ट से सांसद को सरेंडर करने के लिए कहा था। पीड़िता की अधिवक्ता डॉ. पूजा सिंह की दलील थी कि पीड़िता को बदनामी का डर दिखाया जाता था, इसी वजह से एफआईआर में

देरी हुई । लेकिन जब उसके परिजनों को घटना का पता लग गया तो उसने एफआईआर दर्ज कराई। अग्रिम जमानत का राज्य सरकार की ओर से अपर शासकीय महाधिवक्ता वीके शाही ने भी विरोध किया। सुनवाई के दौरान आरोपी संसद की तरफ से से आत्म समर्पण व नियमित जमानत के लिए समय देने की मांग करते हुए, अनुरोध किया गया कि उसके नियमित जमानत का त्वरित निस्तारण हो जाय तो वह 31 जनवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र में भाग ले सकेगा। उधर, बताया जा रहा है कि कोर्ट के सरेंडर करने के आदेश के बाद सांसद ने गुरुवार को मीडिया को बुलाकर अपने आवास पर ही सरेंडर किया है। आपको बता दें कि सीतापुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर एक महिला ने गंभीर लगाए थे। महिला ने शादी का झांसा देने और राजनीतिक कॅरियर में सहायता देने के आश्वासन के नाम पर बलात्कार किए जाने की तहरीर पुलिस को दी थी। आरोपों की जांच के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। महिला ने तहरीर में राजनीतिक सहायता देने और शादी करने का झांसा देने के आरोप में साक्ष्य भी दिए हैं। इसमें कॉल रिकार्डिंग और दूसरे इलेक्ट्रानिक साक्ष्य हैं,जिनकी पुष्टि करने के बाद रिपोर्ट दर्ज की गई है। इस सम्बंध में महिला का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया । साथ ही महिला ने अदालत में भी नियम 164 के तहत बयान में भी दुष्कर्म किए जाने की पुष्टि की है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने सांसद का डाक्टरी परीक्षण जिला अस्पताल में कराया। इसके बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया। गिरफ्तारी से पहले मीडिया बातचीत के दौरान कहा कि जो लोग मेरा पुतला फूंक रहे हैं, वो अपने बारे में सोचें। 90 हजार से हारने के बाद अब क्या पुतला फूंकेंगे। कुछ लोग धोखे से एक- दो बार सभासद बन गए हैं। वह मेरी सांसदी खत्म करने की बात कर रहे हैं। पहले सांसद लिखना सीखें, मिटाने की बात तो बहुत दूर है।सांसद ने कहा- कोर्ट ने मुझे कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के लिए दो हफ्ते का वक्त दिया था। मुझे पब्लिक और कानून पर भरोसा है। वहीं, महिला के रेप आरोपों पर उन्होंने कहा- मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इसलिए उस मसले पर कुछ कहना ठीक नहीं है।

सांसद की गिरफ्तारी पर किसान नेताओं ने सैकड़ों समर्थकों के साथ की नारेबाजी.फर्जी मुकदमे का आरोप

सीतापुर। कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की गिरफ्तारी के बाद मामला तूलपकड़ता जा रहा है। गुरुवार को सांसद के समर्थन में किसान नेता बृज बिहारीऔर शिव प्रकाश सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाएं और पुरुष सांसद आवासपर इकट्ठे हुए और जोरदार नारेबाजी की। बताते चले कि मामला 17 जनवरी कोदर्ज एक महिला नेता की शारीरिक शोषण की शिकायत से जुड़ा है। हाईकोर्ट कीलखनऊ बेंच ने बुधवार को सांसद की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी और14 दिन के भीतर निचली अदालत में जमानत के लिए पेश होने का आदेश दिया था।इसी क्रम में गुरुवार दोपहर को सांसद ने अपने आवास पर प्रेसवार्ता काआयोजन कियाए जहां से पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। किसान नेताओं काआरोप है कि यह एक राजनीतिक षड्यंत्र है और सांसद को फर्जी मुकदमे मेंफंसाया गया है। उन्होंने कहा कि राठौर ने उच्च न्यायालय का सम्मान करतेहुए स्वयं आत्मसमर्पण कियाए फिर भी पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर ले गई।समर्थकों में इस कार्रवाई को लेकर गहरा आक्रोश है। किसान नेताओं नेचेतावनी दी है कि वे जल्द ही सांसद के समर्थन में आंदोलन की अगली रणनीतिकी घोषणा करेंगे।

गुड़बेल स्वामी की मनमानी से हो रहे हादसे

सीतापुर। हरगांव क्षेत्र के झरेखापुर चैराहे पर सुबह होते ही घने कोहरे के बीच में अवैध तरीके से गन्ने के दलालों के द्वारा सड़क पर ट्रैक्टर ट्राली से यातायात मार्ग को अवरुद्ध कर दिया जाता है। गन्ना बेल वालों से मिली भगत से क्रय विक्रय किया जाता है। जिससे आए दिन हादसे होते हैं। परंतु इन गन्ना दलालों और गुड बेल मालिकों के ऊपर इसको लेकर कोई फर्क नहीं पड़ता। क्योंकि उन्हें सिर्फ और सिर्फ अपने व्यापार से मतलब है। किसी की जान की कीमत उनके लिए कुछ भी नहीं। झरेखापुर चैराहे पर ही कमाल नामक एक गुड बेल का व्यापारी है। जिसने अपने लाइसेंस के विपरीत अधिक मात्रा में गन्ने का स्टॉक कर रखा है। सुबह से गन्ने की खरीदारी करने लगता है। जिसके द्वारा ट्रालियां रोड से लेकर गुड़ बेल तक लाइन से खड़ी करवा देता है। इस समय कोहरे के बीच लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं।बताया जाता गुड बेल व्यापारी कमाल द्वारा एक्सीडेंट होने के बाद अपने ट्रैक्टर ट्राली को बचाने के लिए चोटिल को ही डराया धमकाया जाता है। दिनाक 30 जनवरी को सतेंद्र सिंह निवासी लखीमपुर अपने परिवार के साथ लखनऊ जा रहे थे। रास्ते मे उनकी कार इन्हीं कमाल की गुड बेल के सामने रोड पर खड़ी विपरीत दिशा में ट्रैक्टर ट्राली से घने कोहरे के कारण टकरा गई। चोटिल अपनी कार से किसी प्रकार से निकलता है और अपने परिवार को निकालता है। तब तक गुडबेल मालिक कमाल और कुछ अन्य लोग इकट्ठा हो जाते हैं और ट्रैक्टर ट्राली को भगा देते हैं। वही पीड़ित के द्वारा एक ट्रैक्टर को पकड़ लिया जाता है। जिसको छुड़ाने के लिए गुडबेल मालिक कमॉल के द्वारा चोटिल हुए सत्येंद्र सिंह व उनके परिवार के साथ मारपीट व गाली गलौज की । वही तब तक पुलिस के आ जाने पर उस ट्रैक्टर को पुलिस द्वारा चैकी पर ले जाया गया है। जहा पर पीड़ित द्वारा प्रार्थना पत्र भी दिया गया । क्षेत्र के लोगों की माने तो ऐसे हादसे हर दिन हो रहे हैं । हर दिन गुड़बेल मालिक द्वारा घायलों को ही धमकाया जाता है।

प्रशासन ने सड़कों को अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए चलाया अभियान

सीतापुर। बुधवार शाम को प्रशासन ने सड़कों को अतिक्रमण से मुक्त करने का अभियान छेड़ा। जिसके तहत दुकानदारों को हिदायत देते हुए सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने को कहा। बिसवां एसडीएम मनीष कुमार के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान की टीम सड़क पर उतरी। इस दौरान बड़ा चैराहा से पोस्ट चैराहा तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। बस स्टॉप से लहरपुर तिराहा गेट तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। बड़े चैराहे पर समापन किया। इस मौके पर एसडीएम मनीष कुमार ने कहा कि कस्बे को अतिक्रमण मुक्त होना चाहिए। जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना न करना पड़े। उप जिलाधिकारी मनीष कुमार व क्षेत्राधिकार पुलिस सतीश चंद्र शुक्ला के साथ जेई सईद, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली तेज प्रताप सिंह, कस्बा प्रभारी आशुतोष मिश्रा, अतुल वर्मा, सुधाकर सिंह, जगदंबा सिंह, कल्याण सिंह, कानूनगो देशराज वर्मा, सत्येंद्र वर्मा, लेखपाल शिवम सिंह, रामकुमार यादव सहित नगर पालिका राजस्व निरीक्षक आशीष यादव, सफाई निरीक्षक सौरभ शुक्ला आदि मौजूद रहे।

साइबर अपराध से बचने के तौर तरीके बताये

सीतापुर। थाना मछरहेटा टीम द्वारा क्षेत्र के जीएनडी इंटर कालेज तथा बंशीधर युव वन इण्टर कॉलेज कस्बा मछरेहटा में साइबर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। जबकि थाना नैमिषारण्य टीम द्वारा आचार्य स्वामी अचित्यानन्द विद्यालय में भी साइबर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में साइबर जागरुकता अभियान चलाकर आमजनमानसध्विद्यार्थियों को साइबरस्पेस में छिपे खतरों और जिम्मेदारी से कार्यध्प्रयोग करने के तरीके के बारे में बताया गया। जागरुक करने का प्रयास करते हुए बताया गया कि साइबर अपराध के मामलों में एक साइबर अपराधी किसी उपकरण का उपयोग उपयोगकर्ता की व्यक्तिगतध्गोपनीय जानकारी या किसी डिवाइस को अक्षम करने के लिये कर सकता है। सूचनाओं को ऑनलाइन बेचना या खरीदना भी एक साइबर अपराध है।

विभिन्न सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर लोग अपनी व्यक्तिगत जानकारियाँ साझा करते हैं, जिससे हैकर्स इन सोशल नेटवर्किंग एकाउंट्स को आसानी से हैक कर लेते हैं और फिर प्राप्त सूचना का दुरुपयोग करते हैं। साइबर अपराधियों द्वारा प्रयोग किये जाने वाले कुछ सामान्य तरीके साइबर बुलिंग, पहचान चुराना, द्वेषपूर्ण फाइल एप्लीकेशन, नौकरी से संबंधित जालसाजी, बैंकिंग फ्रॉड आदि के बारे में चर्चा करते हुए बच्चो को साइबर बुलिंग से बचने के तरीको जैसे- अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करने, निजी सूचना साझा न करने, प्राइवेसी सेटिंग बनाये रखने आदि के संबंध में बताया गया। साथ ही सोशल मीडिया फेसबुक ध्एक्सध्इंस्टाग्राम आदि पर किसी भी वायरल खबर की सत्यता परखे बिना उसे प्रसारित करने में सहयोग न करने हेतु प्रेरित किया। इसी तरह से कोतवाली लहरपुर टीम द्वारा बिसवां गेट पर, थाना सकरन टीम द्वारा सूर्य प्रताप इण्टर कॉलेज सुखदेव नगर गडोसा में, थाना तालगांव टीम द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परसेण्डी में, थाना हरगांव टीम द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कस्बा हरगांव तथा ओएनजीसी कम्युनिटी स्कूल पैंतला हरगांव में, थाना खैराबाद टीम द्वारा स्टडी प्वाइंट स्कूल कस्बा खैराबाद में, थाना इमलिया सुल्तानपुर द्वारा सेवा सदन इण्टर कॉलेज काजीकमालपुर में तथा थाना अटरिया टीम द्वारा पं0 दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इण्टर कॉलेज जजौर तथा स्वरचना स्कूल कन्टाइन अम्बरपुर में साइबर कार्यशाला आयोजित की गयी।

शहीद दिवस पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

उन्नाव। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीद दिवस के अवसर पर 30 जनवरी को उन्नाव शहर के पन्नालाल पार्क स्थित गांधी प्रतिमा पर रामधुन गाकर शहर के प्रबुद्ध जनों ने उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धा सुमन अर्पित करने से पहले गांधी और पूंजीवादी बाजार का भविष्य विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने भारत में बढ़ते पूंजीवाद के संकट पर गहरी चिंता प्रकट की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ रामनरेश, गिरिजेश जी, दिनेश प्रियमन,नसीर अहमद, संजीव श्रीवास्तव, रघुराज मगन, चंद्रभान, जब्बार अकरम, संजय जयसवाल, गौरव अवस्थी आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद थे।

सामूहिक विवाह में 127 जोड़ों ने लिए फेरे

सीतापुर। गुरुवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न कराए गए। कल 127 विवाहित जोड़ों ने फेरे लिए। मिश्रिख कस्बे में 77 जोड़ों ने फेरे लिए। मछरेहटा के 50 विवाहित जोड़े शामिल रहे। वैवाहिक कार्यक्रम वेदव्यास धाम नैमिषारण्य मिश्रिख मैं संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत नियम अनुसार उपहार दिए गए।

क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय के अंतर्गत ग्राम खरगवन खेड़ा मजरे चैनपुर में जय माँ बुढ़िया महारानी क्रिकेट क्लब सौजन्य से 9 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमे लगभग सोलह टीम ने प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता का फाइनल मैच कलईया खेड़ा रायबरेली व मोहकमपुर उन्नाव क्रिकेट टीम के मध्य खेला गया। जिसमें कलइया खेड़ा के टीम के कप्तान सचिन यादव ने टॉस जीतकर पहले बल्ले बाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 16 ओवर के खेल में पूरी टीम 188 रन बनाकर बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मोहकमपुर टीम 16 ओवर में 8 विकेट खोकर मात्र 127 बनाया। इस प्रकार कलइया खेड़ा की टीम ने 61 रनो से विजय हासिल की। प्रतियोगिता में कलइया के खिलाड़ी प्रदुम यादव मैच ऑफ दी मैच रहे। वही मोहकमपुर के रोमी सिंह मैच ऑफ दी सीरीज रहे जिन्हें एलईड़ी टीवी से पुरुस्कृत किया गया।

नवनिर्मित 20 एसएनसीयू वार्ड का फीता काटकर डीएम ने किया उद्घाटन

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बुधवार को जिला महिला चिकित्सालय में नवनिर्मित 20 एसएनसीयू वार्ड का फीता काटकर उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने नवजात शिशुओं को उपलब्ध कराये जा रहे चिकित्सा सुविधाओं, भर्ती नवजात शिशुओं एवं उपलब्ध मशीनों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि शिशुओं की सभी जाचों हेतु पैथालोजी का निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने सभी चिकित्सकों से कहा कि हम लोगों का लक्ष्य बेहतर होना चाहिये ताकि समय पूर्ण होने से पहले जन्में बच्चों की देखभाल एवं उपचार बेहतर मुहैय्या हो सके तथा शिशुओं के परिजन को जानकारी दें कि जो भी सुविधा यहां मुहैय्या करायी जा रही है, वह अन्य जनपदों में मुहैय्या करायी जायेंगी। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि तीमारदारों के ठहरने हेतु उचित व्यवस्था की जाये ताकि उनको किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डा. सुनीता कश्यप, एसएनसीयू वार्ड के नोडल अधिकारी डा0 प्रदीप कुमार मिश्रा, डा0 आरके0 शुक्ला सहित संबंधित चिकित्सक उपस्थित रहे।

अवैध अतिक्रमण को लेकर प्रशासन का गरजा बुलडोजर

महमूदाबाद/सीतापुर। कस्बे के मुख्य मार्गों के दोनों ओर फैले अवैध अतिक्रमण को लेकर प्रशासन का बुलडोजर गरजा। तहसील प्रशासन और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर विभिन्न मार्गों पर किये गये अतिक्रमण को ध्वस्त करते हुए दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी। प्रशासन की कार्रवाई के बाद कई मार्गों पर लोगों ने स्वतः अतिक्रमण हटा लिया।

प्रशासन द्वारा भविष्य में भी कार्रवाई जारी रखने की बात कही गई। बुधवार की दोपहर एसडीएम शिखा शुक्ला, तहसीलदार अनिल कुमार, ईओ शैलेन्द्र दुबे ने नगर के विभिन्न मार्गों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। रामकुण्ड चैराहे से टेलीफोन एक्सचेंज तक किये गये अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान व्यापारियों द्वारा फुटपाथ पर किये गये कब्जे को जेसीबी के माध्यम से तोड़ा गया और जब्त कर लिया गया। सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को चिन्हित कर शीघ्र ही अतिक्रमण हटा लेने की चेतावनी दी गई। टीम द्वारा बस स्टॉप पर फुटपाथ पर लगे ठेले खोमचे को हटवाकर अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कराया गया। ईओ शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि लोगों को बार-बार हिदायत दी जाती है कि वह सार्वजनिक स्थलों पर किसी तरह का अतिक्रमण न करें। लगातार अभियान चलाकर अतिक्रमण को हटवाया जा रहा है। कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

व्यापार को बढ़ाने के लिए सरकार ने दी कई योजनाएं: रविन्द्र जायसवाल

अयोध्या। भाजपा ने इनायतनगर स्थित आस्कर केरला पब्लिक स्कूल में व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया। अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के संयोजन में आयोजित सम्मेलन के मुख्य अतिथि स्टांप न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रविन्द्र जायसवाल ने कहा कि व्यापारी अपना पैसा लगाकर व्यापार करता है, और सरकार को टैक्स देता है। टैक्स से सरकार की आमदनी होती है। यह सड़क, अस्पताल बनाने व अनाज बांटने के काम में आती है। व्यापारी बिना तनख्वाह के काम करके सरकार को टैक्स देता है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने व्यापार को बढ़ाने के लिए कई योजनाएं दी है। अगर अयोध्या में कोई होटल खोलना हो तो स्टाम्प में छूट मिलेगी। इसके साथ में अनुदान भी मिलेगा।

युवाओं को पांच लाख का लोन चार साल के लिए बिना व्याज के मिल रहा है। जिसमें दस प्रतिशत सब्सिडी होगी। अगर व्यापार बढ़ेगा तो लोगो को रोजगार मिलेगा। जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि कानून व्यवस्था बेहतर हो तो व्यापार बढ़ता है। 2017 के पहले सपाई नारा लगाते थे कि जो जमीन खाली है वह जमीन हमारी है। गाजियाबाद से गोरखपुर तक गुंडे वसूली करते थे। लेकिन प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद किसी गुंडे की हिम्मत नहीं है कि वह व्यापारियों का शोषण कर ले, वसूली कर ले, जमीन कब्जा कर ले। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यापारियों के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। मुद्रा योजना के माध्यम से ठेला, पटरी दुकानदारों को लाभ दिया गया है। सरकार निरंतर व्यापारियों की उन्नति के लिए कार्य कर रही हैं। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद यहां के व्यापारियों का व्यापार कई गुना बढ़ा है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं जो व्यापारी परिवार से आते हैं उन्होंने बचपन में स्टेशन पर चाय बेचने का व्यवसाय किया। भाजपा नेता व पूर्व राज्यसभा सांसद विनय कटियार ने कहा कि मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर मिले निदेर्शों क्के पथ पर चलते हुए हम सबका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य की ओर अग्रसर है।

श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की

महमूदाबाद/सीतापुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि व मौनी अमावस्या जे मौके पर प्रयागराज स्थित संगम तट पर महाकुंभ हादसे में मौत का शिकार हुए श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना पहला के सरैयां रेलवे स्टेशन में गुरुवार को कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा की गई। कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राहुल रस्तोगी ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोक आस्था के पावन पर्व मौनी अमावस्या पर संगम प्रयागराज महाकुंभ में हुई भगदड़ से कई श्रद्धालुओं की मौत हो गई और सैकड़ो घायल हो गए। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देशन पर कांग्रेस कार्यकर्ता भगवान भोलेनाथ से मृतक आत्माओं की शांति की कामना करते हुए अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। इस मौके पर देशराज वर्मा, जयप्रकाश वर्मा, सुरेंद्र कुमार, राम कुमार यादव, संतोष कुमार वर्मा, मनोज यादव, शमशेर खां, मुन्ना मौर्य, मोहनलाल रावत, राजेश रस्तोगी, कमलेश कुमार, अमन कुमार, फणीश कुमार, कमलेश यादव, प्रवेश कुमार वर्मा, रामचंद्र रस्तोगी, प्रवेश कुमार, महेश रस्तोगी, अतुल कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

महमूदाबाद से बंद हुई ट्रेनों का संचालन पुनः शुरू करने की मांग

महमूदाबाद/सीतापुर। पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डा. अम्मार रिजवी ने रेलमंत्री को पत्र लिखकर महमूदाबाद से बंद हुई ट्रेनों का संचालन पुनः शुरू करने की मांग की है। रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव को लिखे गये पत्र में पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डा. अम्मार रिजवी ने कहा कि महमूदबाद के क्षेत्रवासी जिन ट्रेनों से सीतापुर, शाहजहांपुर, गोंडा, गोरखपुर आते-जाते थे। उन ट्रेनों को कोविड महामारी के दौरान बंद कर दिया गया था, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी में एक ट्रेन जननायक एक्सप्रेस भी है जिसका दो मिनट का स्टापेज महमूदाबाद में होता था। ट्रेन बंद हो जाने से छात्र-छात्राओं, कर्मचारियों, श्रद्धालुओं को समस्या हो रही है। पूर्व मंत्री ने सभी ट्रेनों का संचालन पुनः शुरू करने की मांग की है।

विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मूर्तियों की प्राण हुई प्रतिष्ठा

महमूदाबाद/सीतापुर। नगर के खुदागंज स्थित दीन दयाल मंदिर में गुरुवार को विधि-विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा हुई। मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष अशोक सिंह, एडवोकेट सुशील तिवारी व समाजसेवी अमित शुक्ल समेत कई अन्य श्रद्धालुओं द्वारा किया गया।

शहीदों को किया याद, दी श्रद्धांजलि

उन्नाव। शहीद दिवस पर डीएम गौरांग राठी के मार्गदर्शन में कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पन्नालाल सभागार में भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुनील कुमार गोंड द्वारा जानकारी दी गयी कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत 30 जनवरी से 13 फरवरी 2025 तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि सभी कुष्ठरोगियों की जल्द से जल्द पहचान कर जनपद को कुष्ठरोग से मुक्त बनाया जा सके। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों को जिलाधिकारी का संदेश पढ़कर सुनाया गया। जिलाधिकारी ने घोषणा की है कि जनपद के लोग और जिला प्रशासन ह्यह्यविकसित भारत

अभियान के अवसर पर जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग को पहचानना बहुत आसान है और यह साध्य है। जनपद के सभी कुष्ठ रोगियों को समस्त उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए जल्द से जल्द खोजने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति से कोई भेदभाव नहीं करेंगे और न ही किसी दूसरे व्यक्ति को कुष्ठ रोग प्रभावित व्यक्ति और उनके परिवार के सदस्यों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव करने देंगे। हम व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों से जुड़े कलंक और भेदभाव को समाप्त करने और उनको समाज की मुख्य धारा में लोने लिए अपना पूर्ण योगदान देंगे। उन्होने जनपदवासियों से सभी कलंक एवं भेदभाव के प्रति शून्य सहिष्णुता के लिए ह्यह्यआइए मिलकर जागरूकता फैलाऐं, भ्रांतियों को दूर भगायें, कुष्ठ प्रभावित कोई पीछे छूट न जायह्लह्ल की प्रतिज्ञा लेने को कहा है। इस मौके पर मुख्य चिक्सिाधिकारी डा0 सत्यप्रकाश द्वारा जानकारी दी गयी कि अगर किसी व्यक्ति को पंजे एवं उंगलियों में कमजोरी, आंख बन्द करने में परेशानी, शरीर पर सुन्न दाग, दाग में लालपन अथवा सूजन, तंत्रिकाओं में मोटापन, दर्द अथवा झनझनाहट एवं लेपरा रिएक्शन जैसे लक्षण अथवा कोई भी चिन्ह है तो तुरन्त जांच करवाएं। सभी सरकारी अस्पतालों में जांच व उपचार मुफ्त उपलब्ध है। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत आज 06 कुष्ठ प्रभावित लोगों को सेल्फ केयर किट उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी न्यायिक विकास कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजीव अधिकारी क्षमानाथ राय, सूचना अधिकारी सतीश कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

कई बार चालान के बावजूद रोड पर दौड रहे 59 वाहन काली सूची में, परमिट निरस्तीकरण की कार्यवाही होगी

उन्नाव। लगातर ओवरलोडिंग की मिल रही शिकायतों बाद प्रशासन लगातार कार्यवाही कर रहा है। इन दिनों एम चेक एप व चेक गेट के माध्यम से मानक विहीन वाहनों का चालान किया जा रहा है। पूर्व में दो या दो से अधिक बार चालान वाले कुछ वाहनों को नोटिस भी दिया जा चुका है। नोटिस के बावजूद वाहन स्वामी सुधरने का नाम नही ले रहे है। कहने का आशय यह है कि अधिरोपित रायल्टी, खनिज मूल्य एवं शमन शुल्क की धनराशि जमा नही कर रहे है। इसको लेकर विभाग लगातार सख्त कदम उठा रहा है। डीएम गौरांग राठी के निर्देश पर ऐसे 59 वाहनों को चिन्हित किया गया है। परमिट निरस्त किए जाने संबन्धी आदेश जिलाधिकारी कार्यालय ने जारी किया है। ऐसे वाहन जिनके उपर पूर्व से भी दो या दो से अधिक चालान पेंडिंग है। ऐसे वाहन को आवश्यक रुप से निरुद्ध करते हुए जनपदीय खान अधिकारी खान निरीक्षक द्वारा ऐसे वाहनों के सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी के माध्यम से परमिट निरस्तीकरण कराए जाने के निर्देश दिए। जिले में अन्य प्रदेशों व जनपदों से आने वाले उपखनिजों मौरंग बालू, गिट्टी आदि से लदे वाहनों से किए जा रहे अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए एम चेक एप एवं चेक गेट के माध्यम से आनलाइन चालान किए जा रहे है। उल्लेखनीय हो कि विभागीय पोर्टल पर मनमाना रवैया अपनाने वाले यानी चालान शुल्क जमा न करने वाले वाहनों को चिन्हित किए जाने की प्रक्रिया तेज है। ऐसे में दो या दो अधिक चालान वाले वाहनों को डिफाल्टर घोषित किया जा रहा है। ईनोटिस वाले ऐसे 59 वाहनों के कुल 124 चालान डिफाल्टर हो चुके है। वाहन स्वामियों ने काफी समय बीत जाने के बावजूद भी अधिरोपित रायल्टी, खनिज मूल्य एवं शमन शुल्क नही जमा किया। इससे कही न कही राजस्व की भारी क्षति हो रही है। ऐसे 59 वाहनों को काली सूची में डाल दिया गया है।

संक्षेप

दिव्यांगजनों को स्वावलम्बी और आत्मनिर्भर बनाना है उद्देश्य

ललितपुर। दिव्यांगजन के नेतृत्व क्षमता बढ़ाए जाने हेतु स्थानीय एसबीएम हॉस्पिटल में प्रोजेक्ट मैनेजर प्रदीप मसीह के निर्देशन में 15 ग्रामों में 8 ग्रामों की 30 दिव्यांगजन और उनके परिवार के सहयोगी कल 42 लोगों को इस कार्यक्रम में भागीदारी जताते हुए कार्यशाला को सफल बनाया। आज के इस कार्यक्रम को समिति का प्रगति भारत परियोजना अधिकारी हरेंद्र लाचारिया ने बताया लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के बारे में उपस्थित साथियों को बताया। एक दूसरे को मदद का भी आश्वासन दिया। इस दौरान दिव्यांग जन उपस्थित रही, जिनकी संख्या 42 बताई जाती है। इसी क्रम में गूंज संस्था के द्वारा दिव्यांग जनों को उपकरण सहयोग दिए गए हैं। वह आगे के लिए भी यह सहयोग अनवरत रूप से जारी रहेगा। स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ग्रामों में विकास की कार्य भी टीम गूंज के प्रबंधक सुशील कुमार यादव ने भी सहयोग करने पर आश्वासन दिया। नेत्र विभाग से सुरेश लालजी ने नेत्र रोग की रोकथाम और मोतियाबिंद ऑपरेशन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि क्या-क्या आहार विटामिन लेना है, दुर्घटना से बचाना है, नित्य दिव्यांग ना हो। वहीं दूसरी ओर प्रदीप मसीह ने कहा कि हम दिव्यांग भाई बहनों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देना और लाभ पहुंचाना है और उनका स्वावलंबी आत्मनिर्भर बनाना है।

शहीदों की याद में दो मिनट का मौन, श्रद्धांजलि

बांदा। जिले भर में शहीद दिवस व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्य तिथि के अवसर पर स्वतंत्रता के दौरान प्राणों की आहुति देने वालों की स्मृति में प्रातः 11 बजे दो मिनट का मौन रखा गया। कलक्ट्रेट में जिलाधिकारी जे0 रीभा, अधिकारियों और कर्मचारियों ने शहीद दिवस पर मौन रखा। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में गुरूवार को शहीद दिवस पर भारत के स्वतंत्रता संग्राम में प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में पुलिस लाइन और जिले के सभी थानों में दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। अन्य विभागों में भी शहीद दिवस पर दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की याद में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। बताते चलें कि यह परंपरा धीरे-धीरे क्षीण होती जा रही है। इसे देखते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार के निर्देश पर शहीद दिवस सामूहिक रूप से मनाये जाने की पहल के चलते आयोजित किए गये हैं।

बिना टोल दिये कार निकाल ले गया युवक, मुकदमा दर्ज

बहेड़ी, बरेली। एक कार चालक टोल प्लाजा पर टोल बचाने के लिये बूम तोड़कर भाग गया। जब चालक से टोल माँगा गया तो वह धमकी देने लगा और फिर बूम तोड़कर भगा गया। घटना के बाद टोल मैनेजर ने मामले की तहरीर पुलिस को दी जिसपर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुंडिया टोल प्लाजा पर आये दिन टोल को लेकर गाली गलोच व बूम तोड़कर गाडी निकाल ले जाने की घटनायें सामने आ रही हैं। मुंडिया टोल प्लाजा के मैनेजर सर्वेश शर्मा का थाने में दी गई तहरीर में कहना है कि बीती 27 दिसम्बर की रात को एक मारुती स्विफ्ट कार जिसका नंबर यूके 06 एसी 6600 है आई। आरोप है कि जब कार में सवार युवक से टोल माँगा तो वह गाली गलोच करने लगा। इसके बाद कार सवार युवक बूम तोड़कर बिना टोल दिये वहां से कार निकाल ले गया। टोल मैनेजर की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जिलाधिकारी को अनुपस्थित मिले अधिकारी, कार्रवाई के निर्देश

जिला संवाददाता(vol)

बांदा। विकास भवन स्थित कई कार्यालयों का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। उन्होने दिव्यांगजन विभाग कार्यालय के बाहर कम रोशनी और गंदगी मिलने पर लाइट की पर्याप्त व्यवस्था एवं सफाई के निर्देश दिए। डीएम जे0 रीभा ने जिला दिव्यांगजन अधिकारी को निर्देश दिए कि कार्यालय आने वाले दिव्यांगों की समस्या सुनकर तत्काल निस्तारण किया जाए। एक ही समस्या के लिए दोबारा नही आना पड़े। उन्होने समाज कल्याण, मनरेगा, आर ई एस, डी सी मनरेगा कक्ष, एआर कॉपरेटिव, सहायक निदेशक रेशम, मत्स्य, जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय तथा अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया और अधिकारियों व कर्मचारियों से विभागीय कार्यों के बारे में जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि सभी प्रातः 10 बजे कार्यालय में उपस्थित रहें। अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सहायक निदेशक रेशम, सहायक निदेशक मत्स्य, आर ई एस के ए ई, जे ई, दुग्ध विकास अधिकारी, एक्सिएन जल निगम, युवा कल्याण अधिकारी, अनुपस्थित मिले। उन्होने अधिकारियों से स्पष्टीकरण देने एवं उनके विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को विकास भवन में बेहतर सफाई रखने, जिला पंचायत राज अधिकारी को शौंचालयों की प्रतिदिन पर्याप्त सफाई रखने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि दोबारा कार्यालय का निरीक्षण होगा तब तक सभी व्यवस्थाएं ठीक कर ली जाएं अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होने महिलाओं के लिए अलग महिला शौंचालय बनाने के निर्देश दिए। जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि जिन विभागों ने जरूरत से अधिक कमरे ले रखे हैं उन्हे खाली कराकर अन्य जरूरतमंद विभागों को उपलब्ध कराएं। कहा कि अधिकारी प्रतिदिन 10 से 12 बजे तक कार्यालय में जन समस्याओं का निस्तारण करें। जिससे लोगों को अनावश्यक परेशान न होना पड़े। निरीक्षण के दौरान सीडीओ वेद प्रकाश मौर्य, जिला विकास अधिकारी रमाशंकर व पीडी डीआरडीए तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सोने के अंगूठी की वापिस

ललितपुर। आज के भौतिक युग में जिला चिकित्सालय से 108 एम्बुलेंस गाडी में तैनात स्वास्थ्य कर्मी अपनी दिन-रात की मेहनत करके अच्छे काम कर रहे हैं, जो कि काफी सराहनीय भी है। एम्ब्युलेंस के स्वास्थ्य कर्मी गंभीर मरीजों को अस्पताल हर हाल में पहुंचाने का काम कर रहे है। बताया जा रहा है कि साफ-सफाई के दौरान एंबुलेंस के कर्मचारी को एक सोने की धातु का सामान मिला, जिसे उसने अंदाज लगाते हुये मरीज को कॉल किया, जहां उसने इस बात को बताया कि यह मेरा ही गिरा है। जिस पर उसने तत्काल प्रभाव से उसे महिला की सोने की धातु की सामान वापस किया। इस कार्य को लेकर स्वास्थ्य कर्मी की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। बताया जा रहा है कि महिला ललितपुर मेडिकल आई थी, जिसे एम्ब्युलेंस संख्या यू.पी.32 बी.जी. 8846 से सुबह एक मामले में करगन गांव में गए थे, जिसमें मरीज सचिन के पत्नी की हाथ की एक अंगूठी गाड़ी में गिर गई। मरीज की जिला अस्पताल में भर्ती करने के बाद गाड़ी की साफ सफाई के दौरान एमटी राजेंद्र और पायलट धर्मेंद्र को मिल गई, जिसे उसने ईमानदारी की मिशाल पेश करते हुए मरीज को कॉल करके वापस की और उनकी पत्नी को उनका सोने की अंगूठी वापस की। इस बात की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है।

पुलिस ने रिटायर्ड सैनिक के घर से चोरी की घटना का किया खुलासा

जिला संवाददाता(vol)

महोबा। एसओजी एवं थाना कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम ने रिटायर्ड सैनिक के घर में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण किया है, चोरी की घटना में संलिप्त आपराधिक प्रवृत्ति के 3 वांछित शातिर अभियुक्तों को मय चोरी की गयी सम्पत्ति, चोरी की गयी लाइसेंसी रिवाल्वर व कारतूस के अतिरिक्त अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

घटना के सफल अनावरण करने वाली पुलिस टीम को 10 हजार रुपए के नगद पुरस्कार की घोषणा की गयी है। घटनाक्रम के अनुसार दिनांक 19 जनवरी 2025 की रात्रि में थाना कोतवाली नगर महोबा के चौकी बजरिया क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला यशोदा नगर स्थित रिटायर्ड सैनिक लोकेन्द्र मिश्रा पुत्र नरेन्द्र कुमार मिश्रा के घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा लाइसेन्सी रिवाल्वर, कारतूस, जेवर व नगदी चोरी किये जाने की सूचना पर थाना कोतवाली नगर महोबा में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा घटना का तत्काल संज्ञान लिया गया, जिस पर पुलिस उच्चाधिकारियों द्वारा फारेंसिक टीम के साथ घटना स्थल का मौका मुआयना किया गया था, जिसके क्रम में उक्त चोरी की घटना के जल्द खुलासा किये जाने व इस घटना में संलिप्त अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी व चोरी की सम्पत्ति की बरामदगी सुनिश्चित किये जाने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक, वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय एसओजी एवं थाना कोतवाली नगर महोबा पुलिस की संयुक्त 5 टीमों का गठन किया गया था।

गठित पुलिस टीमों द्वारा साक्ष्यों का संकलन करते हुए विभिन्न सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया, पुलिस टीमों द्वारा किये जा रहे विभिन्न प्रयासों के क्रम में 30 जनवरी 2025 को मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र के नहर पुलिया पठा रोड महोबा के पास से उक्त चोरी की घटना में संलिप्त 3 अभियुक्तों आशाराम उर्फ अस्सू धोबी पुत्र ठाकुरदास उम्र 34 वर्ष निवासी हमीरपुर चुंगी न्यू सिटी महोबा, धनश्याम उर्फ घंसू पुत्र धनीराम पाल उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम सलारपुर थाना श्रीनगर जनपद महोबा, राजेश ढीमर पुत्र गडुवा उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम भड़रा थाना श्रीनगर जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से 2 तमंचा 315 बोर व 2 जिन्दा कारतूस अवैध बरामद किये गये साथ ही अभियुक्तों के कब्जे से एक लाइसेंसी रिवाल्वर,19 कारतूस 32 बोर, 19 कारतूस 315 बोर, कुल 2 लाख 25 हजार रुपये व लगभग तीन लाख की पीली धातु बरामद की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

सुम्मेरा तालाब के लिए 1.80 करोड़ रुपये स्वीकृत

ललितपुर। शासन द्वारा सुम्मेरा तालाब के सौन्दर्यीकरण के लिए एसएलटी के माध्यम से 1 करोड़ 80 लाख रूपए की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है, जिसके क्रम में नगर पालिका द्वारा वर्क ऑडर व एग्रीमेंट किया गया। जिसके क्रम में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा सुम्मेरा तालाब का निरीक्षण कर निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के अनुपाल में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल व ईओ दिनेश विश्वकर्मा ने कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान ठेकेदार को अनुबंध की शर्तो के अनुसार समयांतर्गत कार्य पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान ईओ द्वारा तालाब में जमा घास जलकुम्भी को हटवाया गया व ठेकेदार को कार्य की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए कार्य किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। वहीं सुम्मेरा तालाब की बाउण्ड्री पर अतिक्रमणकारियों द्वारा किये गये अतिक्रमण को 02 दिवस के अंदर स्वयं ही हटाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। ईओ द्वारा हिदायत दी गई कि जो भी तालाब की बाउण्ड्री पर छज्जा, सीढ़ी, पानी निकासी, खिड़की, दरवाजे एवं छत व बाथरूम का पानी तालाब में निकाल रहे है। वह स्वयं हटा ले, अन्यथा नगर पालिका द्वारा किये गये हटा दिया जाएगा एवं समस्त हर्जे-खर्चे की वसूली संबंधित से की जायेगी। इस दौरान कर अधीक्षक/प्रभारी सफाई निरीक्षक राजेश जैन, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, राजस्व निरीक्षक लिपिक सुधीर रावत, पार्षद रामकिंकर पटैरिया, ठेकेदार महेश श्रीवास्तव भैया, कमलेश चौधरी सहित पालिका के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

जामनी बांध की बाईं नहर से सिंचाई के लिए पानी दिलाने की गुहार

ललितपुर। इन दिनों तेज चटक धूप पड़ने के कारण किसानों द्वारा बोई गई फसल सूखने की कगार पर पहुंच रही है। जिले के कई ग्रामीण अंचलों तक सिंचाई के लिए बांधों के जरिए नहरों से पानी नहीं पहुंच पा रहा है। यही मलाल अब एक बड़ी समस्या बनती नजर आ रही है। इस सम्बन्ध में गुरूवार को तहसील महरौनी के बानपुर क्षेत्र से लगे हुये करीब आधा दर्जन से

● किसानों ने लामबंद होकर डीएम को भेजा पत्र, रबी की फसल सूखने की कगार पर

अधिक ग्रामीण अंचलों के किसानों ने अपनी समस्या जिला प्रशासन के समक्ष रखी है। अब किसानों को इंतजार है कि प्रशासनिक स्तर पर उन्हें कब तक और कितना पानी सिंचाई के लिए मुहैया कराया जाता है, या फिर किसानों के खेतों में तैयार हो रही रबी की फसल सूखने की ओर अग्रसर रहेगी। मामला तहसील महरौनी के बानपुर से जुड़े गांव कुआगांव, उदया, उमरी, अजनौरा, हसरईयन, सूरी, बडोखरा इत्यादि ग्रामीण अंचलों से आये किसानों ने डीएम को भेजे ज्ञापन में सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर जामनी बांध की बांयी नहर से पानी की आपूर्ति कराते हुये सूख रहीं फसलों को बचाये जाने की गुहार लगायी है।

किसानों ने डीएम को पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि यहां के किसानों ने बैंकों से कर्जा लेकर अपने-अपने खेतों में बड़ी ही उम्मींदों से रबी की फसल बोई है। अब जबकि फसल का बीज जमने पर आ रहा है तो तेज धूप के कारण फसल सूखने की ओर है। बताया कि यहां जामनी बांध की बांयी नहर से पानी की आपूर्ति सिंचाई के लिए की जाती है, लेकिन नहर में पानी न आने के कारण किसानों के माथे पर चिन्ता की लकीरें खिंचने लगी हैं। खेतों को पानी न मिलने से किसानों को भारी परेशानियां उठानी पड़ रहीं हैं। किसानों ने जिला प्रशासन से तत्काल कार्यवाही कराते हुये जामनी बांध की बांयी नहर से पानी को सिंचाई हेतु उपलब्ध कराये जाने की गुहार लगायी है। किसानों ने बताया कि पूर्व में भी जब अधिकारियों को पत्र दिया गया था तो उनके द्वारा आश्वासन तो दिया गया, लेकिन खेतों को अभी तक पानी उपलब्ध नहीं कराया गया। किसानों के अनुसार यदि समय से रबी की फसल को पानी नहीं मिला तो फसल सूख जायेगी, जिससे सैकड़ों किसान भुखमरी की कगार पर पहुंच जायेंगे। किसानों ने जिलाधिकारी से प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। ज्ञापन देते समय मुकेश, राजेन्द्र यादव, रत्तू, राजाराम, फेरन सिंह, कोमल, रमेश, अमोल सिंह, शिवचरन, बबलू, मोहन, रामपाल, लखनलाल, ग्यासीराम, भगवानदास, धनू, भग्गू, अजुद्दी, आशाराम, पप्पू, सुनील आदि है।

रोटी बैंक ने मरीजों को बांटे फल व बिस्किट

बांदा। रोटी बैंक सोसायटी की महिला टीम ने महिला जिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सुनीता सिंह की उपस्थिति में मरीजों और तीमारदारों को फल और बिस्किट बांटे। सोसायटी के संरक्षक शेख सादी जमा, सह संरक्षक चंद्रमौलि भरद्वाज के संरक्षण में महिला टीम अध्यक्ष तबस्सुम फात्मा, तरन्नुम फात्मा के नेतृत्व में अस्पताल में भर्ती प्रसूताओं व अन्य मरीजों को फल वितरित किए। इस दौरान उपाध्यक्ष तरन्नुम फात्मा और रेखा गुप्ता ने महिला मरीजों को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया। फल और बिस्किट पाकर मरीज और उनके तीमारदारों ने बांदा रोटी बैंक टीम को आशीर्वाद दिया। वितरण कार्यक्रम में रिजवान अली अध्यक्ष, उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, संगठन मंत्री सुनील सक्सेना, सचिव मोहम्मद इदरीस, मीडिया प्रभारी अब्दुल मुजीब, कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम, सोशल मीडिया प्रभारी रिचा रैकवार, नेहा खातून, हरजाना बेगम तथा अन्य महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं। बताते चलें कि रोटी बैंक सोसायटी प्रत्येक रविवार को ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब बेसहारा, बच्चों व महिलाओं को कपड़े, किताबें व अन्य जरूरी सामान वितरित करने का काम कर रही है।

धीमी प्रगति पर डीएम नाराज, टीकाकरण के निर्देश

बांदा। जिला स्वास्थ्य समिति एवं नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की बैठक हुई। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं की नियमित रूप से रक्त की जांच करायी जाए तथा एनीमिक महिलाओं की विशेष देखभाल की जाए। जिलाधिकारी ने टीबी रोग उन्मूलन के लिए टीबी ग्रस्त मरीज को पौष्टिक आहार दिए जाने के लिए पोषण किट का वितरण किया एवं टीबी ग्रस्त लाभार्थियों को प्रति माह 1000 रुपये की सहायता दिलाए जाने के निर्देश दिए। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बडोखर खुर्द की समीक्षा के दौरान प्रगति कम पाये जाने पर नाराजगी जताई और सुधार लाने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला महिला चिकित्सालय में जननी सुरक्षा का शत-प्रतिशत भुगतान कराये जाने के सम्बन्ध में आशाओं के सहयोग से इस कार्य को पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ई-संजीवनी पोर्टल के अन्तर्गत टेली मेडिसिन के द्वारा चिकित्सीय सहायता की सुविधा को बढाये जाने के साथ, संस्थागत प्रशव के अन्तर्गत जसपुरा एवं महुआ में वृद्धि लाने के निर्देश प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन आशाओं के द्वारा स्वास्थ्य सम्बन्धी कार्यों में प्रगति ठीक नही पायी जा रही है, उनकी नियमित समीक्षा करते हुए उनके विरूद्ध कार्यवाही करें। उन्होंने परिवार नियोजन कार्यों के प्रति महिलाओं में जागरूकता लाये जाने के निर्देश दिये। सभी बच्चों का टीकाकरण कराये जाने के लिए ड्यू लिस्ट एवं छूटे बच्चों को शत-प्रतिशत रूप से टीका लगाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने नियमित रूप से वीएचएनडी दिवसों का आयोजन कर गर्भवती महिलाओं एवं छोटे बच्चों के वजन व कुपोषित होने सम्बन्धी जांच कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि मिशन मोड पर टीकाकरण कार्य को शत-प्रतिशत रूप से पूर्ण करायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनिल श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक व अन्य स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।

अवैध खनन, ओवरलोडिंग जारी

जिला संवाददाता(vol)

बांदा। जिलाधिकारी के सख्त तेवरों के बावजूद कुछ बालू खदानों में नियमों को दर किनार कर अवैध खनन और ओवरलोडिंग जारी है। बांदा-फतेहपुर सीमा में बेंदाघाट बालू खदान में बड़े पैमाने पर अवैध खनन तथा

● बेंदाघाट खदान में राजस्व की भारी चोरी

ओवरलोड वाहन देखे जा रहे हैं। कमोवेश यही हाल सांड़ी व मड़ौली बालू खदान का है यहां भी जिला प्रशासन और एनजीटी के नियमों को ताक पर रखकर अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों की निकासी दिन-रात की जा रही है। बालू खदानो में अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए डीएम जे0 रीभा ने संयुक्त जांच टीम गठित की है। यह टीम यदा कदा खदानों की जांच व माप करती है लेकिन करोड़ों रुपये के अवैध खनन की जगह महज कुछ लाख जुमार्ने की नोटिस से ही मामले को निपटा दिया जाता है। बेंदाघाट बालू खदान से बड़े पैमाने पर रायल्टी की चोरी कर ओवरलोड ट्रक निकाले जा रहे हैं।

खनन माफिया इस बात का फायदा उठा रहे हैं कि खदान से कुछ सौ मीटर के बाद फतेहपुर जनपद की सीमा शुरू हो जाती है। इसी का लाभ लेकर रात के समय सैकड़ों की तादाद में ट्रकों की निकासी की जाती है। बालू के इस खेल से प्रदेश सरकार को लाखों रुपये राजस्व का नुकसान हो रहा है। खदानों से निकल रहे ट्रकों से उठ रहे धूल के गुबार से आस-पास के किसानों की फसलें भी चैपट हो रही हैं। खनन नियमों के अनुसार रास्ते में लगातार पानी की छिड़काव होना चाहिए लेकिन इस पर अमल नही किया जा रहा। इस मामले को लेकर किसानों ने काफी विरोध करते हुए जिला प्रशासन से पूर्व में शिकायतें की हैं लेकिन माफियाओं की दबंगई के चलते कोई कार्रवाई नही हो सकी है।

आइए मिलकर जागरूकता फैलाएं भ्रांतियों को दूर भगायें : डॉ इम्तियाज

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत कुष्ठ निवारण दिवस पर पी.एन. इन्टर कालेज विधायक रामरतन कुशवाहा ने हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया। विधायक ने बताया कि 30 जनवरी से 14 दिवसीय कुष्ठ पखवाडें का आयोजन स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के रूप में किया जा रहा है। उन्होनें जनमानस से कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करने की अपील की। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि कुष्ठ रोग के बारे में जागरूकता एवं ज्ञान का अभाव कंलक तथा भेदभाव की ओर ले जाता है, जिसके कारण कुष्ठ के संचरण और उपचार से संबंधित गलत धारणाएं समाज में फैलती है। कुष्ठ रोग से जुड़ें कलंक एवं भेदभाव की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से तथा जागरूकता बढ़ाने के लिए वर्ष 2017 में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान नामक राष्ट्रव्यापी अभियान षुरू किया गया था। इस वर्ष भी कुष्ठ निवारण दिवस पर 30 जनवरी से 14 दिवसीय कुष्ठ पखवाड़ें का आयोजन स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के रूप में किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत जनपद की सभी ग्राम सभाओं में बैठक का आयोजन करते हुये सभी के सहयोग व समन्वय से कुष्ठ रोग के उन्मूलन के लिये समाज में जागरूकता लाई जाएगी। इस वर्ष की थीम आइए मिलकर जागरूकता फैलाएं, भ्रांतियों को दूर भगाएं, कुष्ठ प्रभावित कोई पीछे छूट न जाए। इस दौरान सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, विद्यालयों, नगर पालिका, मेडिकल कॉलेज आदि में जिलाधिकारी का संदेश पढ़ा गया तथा कुष्ठ की रोकथाम हेतु शपथ ली गयी। जिला कुष्ठ अधिकारी डा.आशीष अग्निहोत्री ने बताया कि अभियान में कुष्ठ निवारण दिवस पर प्रत्येक ग्राम सभा में बैठक का आयोजन किया जाएगा। उप जिला कुष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुष्ठ रोग माइक्रोबैक्टिरियम लैप्रि नामक बैक्टिरिया के कारण होता है। कुष्ठ रोग के लक्षण त्वचा पर हल्के रंग के या तामई रंग के धब्बे, जिनमें संवेदनहीनता हो, हाथ या पैरों पर झनझनाहट, नसों में दर्द एवं नसों का मोटा हो जाना, हाथ पैर या पल्को की यदि किसी व्यक्ति में उपरोक्त लक्षण दिखते है तो उन्हें निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में लेना चाहिए, कुष्ठ का इलाज पूरी तरह सम्भव है एवं सरकारी संस्थानों में उपचार की मुफ्त सुविधा उपलब्ध है।

स्वतंत्रता संग्राम में प्राणों की आहुति देने वालों शहीदों को दी श्रद्धांजलि

महोबा। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में शहीद दिवस मनाया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश सहित अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम ,अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, डिप्टी कलेक्टर राजकुमार, कलेक्ट्रेट के नाजिर, प्रशासनिक अधिकारी सहित विभिन्न पटलों के कर्मचारियों ने 2 मिनट का मौन धारण कर शहीदों को याद किया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय में स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि 30 जनवरी शहीद दिवस के अवसर पर 2 मिनट का मौन धारण कर शहीदों का स्मरण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नियुक्त समस्त शाखा प्रभारी व पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

यातायात पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

ललितपुर। यातायात कृष्ण कुमार मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ने शहर के प्रमुख चौराहों, तिराहों, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ड्रिंक एण्ड ड्राइव, स्टंटिंग, मोडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ चलाया गया अभियान और वाहन चालकों/परिचालकों को यातायात के नियमों के बारे में विस्तार से बताया गया यथा- दो पहिया वाहन पर चालक और पीछे बैठी सावरी अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाएं, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन न चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, सीट बेल्ट अवश्य बांधे, न लगवाएं।

जिला जज व एसपी ने किया कारागार का निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। जिला जज आलोक कुमार पाराशर, एसपी मो.मुश्ताक, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एडीजे/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवन्त कुमार सरोज, सीजेएम विभान्शु सुधीर, सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने जिला कारागार के संयुक्त निरीक्षण में पुरूष बैरक, महिला बैरक, भोजन-शाला, अस्पताल का निरीक्षण किया। जेल में निरूद्ध बन्दियों से वातार्लाप किया गया तथा उनसे किसी भी प्रकार की समस्या तथा जेल प्रशासन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के बारे में पूंछा गया तो बन्दियों ने अवगत कराया जेल अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा अच्छा बर्ताव किया जाता है एवं कुछ बन्दियों द्वारा निशुल्क विधिक सहायता की मदद चाही गयी।

लीगल एड काउन्सिल सिस्टम को संबंधित बन्दियों की पैरवी हेतु निर्देशित किया गया। बन्दियों से निशुल्क अधिवक्ता हेतु अवगत कराया गया तथा बन्दियों को बताया गया कि यदि उन्हें निशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो कारागार में स्थापित लीगल एड डिफेंस काउन्सिल में अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकते है। भोजनशाला में साफ-सफाई की व्यवस्था सामान्य पायी गयी एवं सायं कालीन भोजन बनने की प्रक्रिया चल रही थी जो कि प्रदर्शित खाने की सूची के अनुसार थी। कारागार में स्थित अस्पताल का निरीक्षण किया गया और बीमार बन्दियों ने बताया कि उनका इलाज समय से हो रहा है। जिला कारागार में निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक लाल रत्नाकर सिंह, डिप्टी जेलर जीवन सिंह, उप कारापाल शंकुतला देवी, चिकित्साधिकारी डा.विजय कुमार द्विवेदी, फार्मासिस्ट विनोद कुमार, न्यायालय से अनवर खां स्टेनो उपस्थित रहे।

हादसे में दो की मौत कई घायल

बरेली। नवाबगंज पीलीभीत हाईवे पर बुधवार सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। इस हादसे में एक ईको कार और रोडवेज बस की जोरदार टक्कर हो गई, जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद ईको कार चालक मौके से फरार हो गया, वहीं टक्कर मारने के बाद रोडवेज बस भी भाग निकली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा, वहीं मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस घटना ने स्थानीय लोगों को झकझोर कर रख दिया, क्योंकि दुर्घटना इतनी भयावह थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। यह भीषण सड़क हादसा बुधवार सुबह करीब 8 बजे इनायत गांव के पास हुआ। बताया जा रहा है कि नवाबगंज पीलीभीत हाईवे पर एक तेज रफ्तार रोडवेज बस और ईको कार आमने-सामने भिड़ गए।

उत्तराखंड में यूसीसी

समान नागरिक संहिता, भारतीय जनता पार्टी और उससे पहले जनसंघ, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का एक प्रमख एजेंडा तो है ही लेकिन साथ ही यह संविधान का मैंडेड भी है कि देश में सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून हों। भाजपा को अयोध्या, जम्मू-कश्मीर में धारा 370 और समान नागरिक संहिता जैसे मुद्दों के कारण ही देश में एक लंबे समय तक सियासी छुआछूत का सामना भी करना पड़ा है। लेकिन इन्हीं मुद्दों के साथ भाजपा का उभार हुआ और जनमानस में धीरे-धीरे इनकी स्वीकार्यता भी बढ़ती जा रही है। यही कारण कि कभी असंभव सा लगने वाले अयोध्या विवाद पूरी तरह समाप्त हो गया है और वहां भव्य राम मंदिर आकार ले रहा है। जम्मू-कश्मीर से धारा-370 को मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने ऐसे ध्वस्त किया कि विरोधी टापते रह गये। इस तरह भाजपा अपने दो प्रमुख वायदों को पूरा कर दिया है और तीसरा प्रमुख वायदा समान नागरिक संहिता पर भी धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। तीन तलाक पर रोक लगाकर राष्ट्रीय स्तर पर इस दिशा में पहले ही आगे बढ़ चुकी थी, अब उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता को लागू भी कर दिया। उत्तरखंड शुरुआत है और अब मानने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि उत्तराखंड के बाद भाजपा धीरे-धीरे अपने शासन वाले अधिकांश राज्यों में यूसीसी को लागू करने की दिशा में आगे बढ़ सकती है। फिलहाल भाजपा ही नहीं, भारतीय जनसंघ का भी एक बुनियादी, वैचारिक एजेंडा लागू हो गया। समान नागरिक संहिता को कानूनन उत्तराखंड राज्य ने लागू किया है। अभी भाजपा शासित 6-7 राज्य और हैं, जहां समान नागरिक संहिता की दिशा में लगातार प्रयास जारी हैं। वहां से भी जल्द ही अच्छी खबरें आ सकती हैं। उत्तराखंड देश का सर्वप्रथम राज्य बन गया है जिसने अपने यहां यूसीसी को लागू कर दिया है। भाजपा और उससे पहले जनसंघ ने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने और तीन तलाक सरीखे मुद्दों को अपना वैचारिक एजेंडा तय किया था और उसी के आधार पर अपनी राजनीति को आगे बढ़ाया। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण भाजपा, संघ और विहिप का भी साझा एजेंडा था। आरएसएस अवैध घुसपैठ के भी खिलाफ है और उनको देश से बाहर करना चाहता है। दरअसल यही सब वास्तव में संघ परिवार के ही वैचारिक और राष्ट्रवादी मुद्दे हैं और इसी दिशा में ये संगठन काम करते हैं। बेशक समान नागरिक संहिता पर वह राज्यवार चलना चाहते हैं लेकिन उनका लक्ष्य संपूर्ण देश में यूसीसी लागू करना है। राज्य-दर-राज्य इस मुद्दे पर आगे बढ़कर शायद भाजपा बड़े स्तर पर साम्प्रदायिक तनाव नहीं पैदा करने चाहती है इसीलिए सुरक्षित रूप से एक-एक राज्य में यूसीसी लागू कर रही है। उत्तराखंड ने जो पहल की है, उसका भी त्वरित विरोध 'जमायत-ए-हिंद' ने किया है और समान संहिता को मुसलमानों के मजहबी अधिकारों में दखलअंदाजी माना है। उन्होंने इस कानूनी व्यवस्था को सर्वोच्च अदालत में चुनौती देने का भी ऐलान किया है। वैसे समान नागरिक संहिता भाजपा या संघ की ही सोच नहीं है। देश का संविधान बनाने वाले हमारे महापुरुषों ने भी अनुच्छेद 44 में यह प्रावधान निहित किया था कि केंद्र अथवा राज्य सरकारें समान नागरिक संहिता लागू कर है कि राज्य समान नागरिक संहिता लागू करने का प्रयास करेगा। देश की सर्वोच्च अदालत ने भी इसकी पक्षधरता अनेक अवसरों पर व्यक्त की है, तो यह बुनियादी निष्कर्ष तय है कि समान संहिता को लागू करना अवैध और असंवैधानिक नहीं है। यह भाजपा सरकार ने ही तय नहीं किया है, बल्कि सर्वोच्च अदालत की न्यायाधीश रह चुकीं जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई के नेतृत्व में 2.35 लाख लोगों से विमर्श किया गया। समान नागरिक संहिता के तहत सभी धर्मों के सभी लोगों को समान अधिकार देने की व्यवस्था की गई है। हमारा सवाल है कि अनुसूचित जनजातियों को भी इससे अलग क्यों रखा गया है? आदिवासी अब पूरी तरह कबीलाई नहीं हैं। वे भी सुशिक्षित हैं, सरकारी नौकरियां कर रहे हैं, आईएएस/आईपीएस अधिकारी भी हैं, धीरे-धीरे देश के सभी नागरिकों को एक समान कानून के दायरे में लाना जरूरी है। यह प्रक्रिया लंबी हो सकती है लेकिन इसमें कोई हर्ज नहीं।

समान नागरिक संहिता लागू करने का आदेश संविधान ने दिया है और देश की सर्वोच्च अदालत का भी यही मत है।

विचार

असफलता के विचार से सफलता का उत्पन्न होना उतना ही असंभव है जितना बबूल के पेड़ से गुलाब के फूल का निकलना।
—स्वेट मॉर्डेन.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।
—जैन धर्मग्रंथ.

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।
—फ्रेंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।
—ज्ञानेश्वरी.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।
—संत कबीर.

पेरिस जलवायु संधि को सफल बनाये दुनिया

शाहिद ए चौधरी

अमेरिका के जाने से अन्य देशों पर पेरिस समझौते को मजबूत करने का दबाव अवश्य बढ़ा है, लेकिन पृथ्वी व मानवता को बचाये रखने के लिए उन्हें अधिक जोश से पेरिस समझौते को सफल बनाने का प्रयास करना चाहिए, भले ही वर्तमान तनावपूर्ण और भविष्य खतरे से भरा प्रतीत हो रहा हो।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प ने 20 जनवरी 2025 को पद संभालते ही पहला काम यह किया कि पेरिस क्लाइमेट समझौते (2015) से अपने देश अमेरिका को अलग कर लिया। यह तीसरा अवसर है, जब अमेरिका यूनाइटेड नेशंस फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (यूएनएफसीसीसी) के तत्वावधान में गठित क्लाइमेट समझौते से अलग हुआ है। सबसे पहले उसने यह हरकत 2001 में की थी, जब राष्ट्रपति जॉर्ज डब्लू बुश ने 1997 के क्योटो प्रोटोकॉल से अमेरिका को अलग कर लिया था। वह समझौता महत्वपूर्ण था, क्योंकि पहली बार 37 औद्योगिक देशों ने कार्बन डाईऑक्साइड एमिशन को कम करने के लिए निश्चित लक्ष्य निर्धारित किया था। बुश ने यह कहते हुए कि इससे अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है, समझौते को छोड़ दिया था। यही कारण देते हुए 2017 में ट्रम्प ने पेरिस समझौते से अमेरिका को अलग कर लिया था। अब तीसरी बार अमेरिका ने यह हरकत की है। समझौते से अलग होने का अर्थ है कि अमेरिका एमिशन कम करने के लक्ष्यों को पूरा नहीं करेगा और 'ग्रीन क्लाइमेट फण्ड' में अपने हिस्से का पैसा नहीं देगा। यह फण्ड उन देशों की मदद करने के लिए है जो क्लाइमेट चेंज से प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन स्थिति से निपटने के लिए आर्थिक रूप से कमजोर हैं।

जब 2017 में अमेरिका पेरिस समझौते से अलग हुआ था तो वह तकनीकी रूप से अलग नहीं हुआ था क्योंकि समझौते की शर्तों में यह शामिल था कि सदस्य देश अपनी घोषणा के तीन वर्ष बाद ही अलग हो सकता था और इसके अतिरिक्त एक वर्ष संयुक्त राष्ट्र की प्रशासनिक ईकाई को बताने में लगेगा। इसका अर्थ यह था कि समझौते से अलग होना नवम्बर 2020 में ही प्रभावी हो सकता था, लेकिन उस समय तक जो बाइडेन अमेरिका के 46 वें राष्ट्रपति चुन लिए गये थे और जनवरी 2021 में पद संभालते ही उन्होंने अमेरिका को पुनः समझौते में शामिल कर दिया था। पेरिस समझौता इस बात के लिए समर्पित है कि सभी देश मिलकर तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस से आगे न बढने दें और उसे हर हाल में 2 डिग्री सेल्सियस तो कम रखें। ट्रम्प के 2017 के आर्डर के विपरीत, उनका नवीनतम आदेश अमेरिका को एक साल के भीतर पेरिस समझौते से अलग कर देगा। अमेरिका न सिर्फ संसार की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है बल्कि 2006 तक वह दुनिया में सबसे ज्यादा ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जित करता था।

ग्लोबल वार्मिंग

यूरोपीय यूनियन द्वारा समर्थित क्लाइमेट समझौतों पर उसका नजरिया यह प्रदर्शित करने का रहा है कि जैसे वह ही क्लाइमेट संकट का समाधान कर रहा है, लेकिन कानूनी तौर पर उसने कभी भी एमिशन कम करने की हामी नहीं भरी। बॉन में 1995 में हुई पहली कांफ्रेंस ऑफ पार्टीज से लेकर अब तक उसने यूएनएफसीसीसी के बुनियादी स्वतः सिद्ध सत्य के प्रति असहजता व्यक्त की है, जिससे क्योटो प्रोटोकॉल व पेरिस समझौतों जैसे प्रयासों को अर्थ मिलता है। चूंकि वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड की मात्रा ऐतिहासिक दृष्टि से विकसित देशों के एमिशन से बढ़ी है, इसलिए उनकी ही जिम्मेदारी है कि सफाई का अधिकतर खर्च भी वह ही वहन करें।

विकसित देशों की वजह से विकासशील देशों को भी फॉसिल-फ्यूल के मार्ग पर चलना पड़ा। चूंकि मुख्य फॉसिल-फ्यूल अर्थव्यवस्थाओं अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया व कनाडा ने असहजता व्यक्त की इसलिए संयुक्त रूप से कार्यक्रम को लागू करने जैसे विचारों ने जन्म लिया, जिनमें विकासशील देशों में क्लीन एनर्जी प्रोजेक्ट्स लागू करने के लिए देश क्रेडिट अर्जित करते हैं। अमेरिका क्लाइमेट समझौतों से वाक-आउट करने के बावजूद कांफ्रेंस में 'पर्यवेक्षकों' के तौरपर बड़े दल भेजता रहा और वार्ताओं में करीब से शामिल रहा। मोंट्रियल, कनाडा में 2005 में आयोजित कोप 11 में अमेरिकी दल ने वार्ता से वाक आउट किया बावजूद इसके कि अमेरिका उस समय क्योटो प्रोटोकॉल का हिस्सा नहीं था। अगर वर्तमान की बात करें तो अमेरिका में तेल व गैस उत्पादन को कम न करने के लिए द्विपक्षीय समर्थन है। बाइडेन प्रशासन के दौरान तेल व गैस का उत्पादन बढ़ा। अमेरिका विश्व में सबसे ज्यादा क्रूड आयल का उत्पादन करता है और 2023 में उसने रिकॉर्ड उत्पादन किया। अमेरिका गैस का भी सबसे बड़ा उत्पादक है और 2022 में वह लिक्विफाइड नेचरल गैस का संसार में सबसे बड़ा निर्यातक बना। ट्रम्प इसमें अतिरिक्त वृद्धि करने के लिए समर्पित हैं। इस सबके बावजूद अमेरिका ग्रीन हाउस गैस एमिशन टारगेट करने के संदर्भ में बहुत पीछे है। एमिशन कम करने का जो 2030 तक का लक्ष्य रखा गया है उसका अमेरिका ने 2022 तक केवल एक-तिहाई ही हासिल किया था। सवाल यह है कि अमेरिका के पेरिस समझौते से अलग होने का क्या प्रभाव पड़ेगा? ध्यान रहे कि अमेरिका पेरिस समझौते से अलग हुआ है न कि यूएनएफसीसीसी से। अनेक समीक्षकों का कहना है कि 2017 के बाद से रीन्यूएबल एनर्जी में निवेश बहुत अधिक बढ़ा है, जिसमें अमेरिका से निजी फाइनेंस भी शामिल है। कोयले पर निर्भर बड़ी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं - भारत, चीन व इंडोनेशिया- के विपरीत अमेरिका कोयले पर कम निर्भर है। क्लाइमेट वार्ताओं में अमेरिका ने हमेशा से ही यूरोपीय संघ के कोयला-विरोधी दृष्टिकोण का समर्थन किया है। लेकिन ट्रम्प का 'ड्रिल बेबी ड्रिल' नारा तेल व गैस की ड्रिलिंग को अधिक प्रोत्साहित करेगा, जिसे पिछली सरकारों ने मामूली तौर पर ही धीमा किया था। अमेरिका का पेरिस समझौते से अलग होने का अर्थ होगा कि विकासशील देश कम महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को ही प्राथमिकता देंगे। वैसे इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि क्लाइमेट लक्ष्यों से ग्लोबल एमिशन को कम नहीं किया जा सका है, इसलिए इस समय अमेरिका के अलग होने से कुछ खास फर्क पड़ने नहीं जा रहा है। तस्वीर का दूसरा रुख यह है कि पेरिस समझौते में लगभग 200 पार्टियां हैं जो औसत ग्लोबल तापमान 2 डिग्री सेल्सियस से कम रखने की इच्छुक हैं और कोशिश यह कर रही है कि तापमान को पूर्व-औद्योगिक स्तर यानी 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित कर दिया जाये।

रईस देशों ने वायदा किया है कि वह 2035 तक प्रति वर्ष 300 बिलियन डॉलर गरीब देशों को देंगे ताकि वह तापमान को कम करने में सहयोग कर सकें। यह नया वायदा तब हुआ है, जब रईस देश 2020 तक प्रति वर्ष 100 बिलियन डॉलर देने का वायदा दो वर्ष से पूरा न कर सके। चूंकि अमेरिका संसार की सबसे बड़ी औद्योगिक अर्थव्यवस्था है इसलिए ग्रीन फण्ड में उसे सबसे अधिक हिस्सा देना था, जो अब नहीं आयेगा। साथ ही ट्रम्प के 'ड्रिल बेबी ड्रिल' कार्यक्रम से अमेरिका 2030 तक जितनी कार्बन डाईऑक्साइड गैस निकलता अब उस समय तक उससे 4 बिलियन टन अधिक निकालेगा जिससे ग्लोबल वार्मिंग बढ़ेगी ही। अमेरिका के इस रवैय्ये से रईस देशों के प्रति अविश्वास में वृद्धि हुई है और संसार एकजुट होने की बजाय खेमों में विभाजित हुआ है। क्लाइमेट चेंज ग्लोबल समस्या है, जिसका समाधान एकजुट होकर ही निकाला जा सकता है। अमेरिका के जाने से अन्य देशों पर पेरिस समझौते को मजबूत करने का दबाव अवश्य बढ़ा है, लेकिन पृथ्वी व मानवता को बचाये रखने के लिए उन्हें अधिक जोश से पेरिस समझौते को सफल बनाने का प्रयास करना चाहिए, भले ही वर्तमान तनावपूर्ण और भविष्य खतरे से भरा प्रतीत हो रहा हो।

सोशल मीडिया

उत्तम नगर विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी पूजा बालियान के समर्थन में आयोजित विशाल सभा को संबोधित किया दिल्ली 5 तारीख को फिर झाड़ु चलेगी। संजय सिंह, आप.

आजादी के बाद भारत के दलितों आदिवासियों पिछड़ों अल्पसंख्यकों और गरीबों को संविधान द्वारा अधिकार मिले, लेकिन मोहन भागवत कहते हैं सच्ची आजादी वो नहीं थी। राहुल गांधी.

अस्पताल बनाने, यमुना को स्वच्छ करने और दिल्ली को कूड़ा मुक्त बनाने के बजाय 'शीश महल' बनवाने अरविन्द केजरीवाल के खिलाफ दिल्ली की आम जनता आक्रोशित है। अमितशाह.

दुष्ट से दूर रहिये

अंतर्दृष्टि

विचारधारा कालजयी होती है। मजबूत एवं स्पष्ट विचारों का दूसरों पर असर जरूर पड़ता है। अगर आप अपृ हों और आरम्भिक अभ्यास हों तो बुरे चरित्र और दुष्ट विचार वालों से दूर रहिए। उनके कार्यों में कोई दिलचस्पी मत लीजिए। हो सके तो अरुचि प्रकट कीजिए। इससे आप उनके संक्रामक असर से बचे रहेंगे। सत्संग की महिमा अपार है। श्रेष्ठ पुरुषों का साथ गंगा के समान है। जिसमें गोता लगाने से क्लेष कटने से श्रेष्ठ पुरुषों के साथ रहने से, उनके मौखिक या लेखबद्ध विचारों मनन करने से आत्मोत्थान होता है। यदि आप अपने को अत्यंत सुदृढ़ समझते हैं तो संसार की दृष्टि से बुरे विचार वाले को अपने साथ ले जा सकते हैं। परन्तु सावधान कहीं उसका उलटा असर आप पर न हो जाये। दूसरे के अवगुण देखना अपनी बुद्धि को दूषित करना है। फोटो खींचने के कैमरे के सामने जो चीज रखी जाती है उसी का अक्स भीतर प्लेट पर खिंच जाता है। यदि आप दूसरों की बुराइयां देखेंगे तो उनके चित्र अपने अंदर अंकित करके उन्हें खुद भी ग्रहण कर लेंगे। इसलिए दूसरों के सद्‌गुणों पर ही दृष्टि रखिये। सबमें परमात्मा का स्वरूप देखिये और उन्हें प्रेम की दृष्टि से देखिये, आपका हृदय प्रसन्न रहेगा। यदि किसी में बुराई दिखाई पड़े तो उससे घृणा मत कीजिए और जहां तक हो सके, सुधारने का प्रयत्न कीजिए। परदोष दर्शन के कारण जो घृणा और द्वेष मन में उत्पन्न होते हैं, वह भीतर ही भीतर अशान्ति उत्पन्न करके मन को निश्चित पथ से ढिगा देते हैं। साधना को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि किसी की गंदगी टटोल कर अपनी नाक को दुर्गंधित न किया जाये। अपने मजहब, विचार, या विश्वासों पर दृढ़ रहना उचित है। परन्तु दूसरों के विश्वासों को घृणा की दृष्टि से देखना या झूठा समझना अनुचित है। हम सब सत्य के आसपास चक्कर काट रहे हैं। किन्तु कोई पूर्ण सत्य तक नहीं पहुंच सका है। इसलिए हमें एक दूसरे के प्रति उदार होना चाहिए। दूसरों के दृष्टिकोण को ध्यान पूर्वक देखना चाहिए और सत्य को स्वीकार करने को उद्यत रहना चाहिए। कट्टरता ऐसा दुर्गण है जिसके कारण आदमी न तो अपनी बुराइयों को छोड़ सकता है और न अच्छाइयों को ग्रहण कर सकता है। आध्यात्मिक साधक का मार्ग अत्यंत दुर्गम है। यह मार्ग अनेक बाधाओं, समस्याओं तथा संशयात्मक भीषण अरण्यों से होकर जाता है। इसमें एक विरोधी तत्व यह है कि हमारा मन ही हमारा शत्रु है, जिसे हमारा मित्र बनना चाहिए था और सत् परामर्श देना चाहिए था।

तरह-तरह के समाज सेवक

व्यंग्यलोक

शहर में कई तरह के समाज सेवक घूम रहे हैं। वे अपने-अपने नेता का चरण चूम रहे हैं। समाज सेवा को आतुर ये सज्जन अपने वाहनों पर फ्री सेवा करने का बोर्ड टांगे हुए घूम रहे हैं। गलियों में, सड़कों पर! समाज सेवा के नाम पर फ्री का लंगर और फ्री यात्रा के कामों में लगकर अखंड जागरण कर रहे हैं। इन कार्यक्रमों में मनोरंजन के लिए नाच-गान, खेलकूद और जादू के शामियाने भी सजा रहे हैं। बड़े-बड़े ढोल नगाड़े कूट रहे हैं। नक्कारखाने में तूती के स्वर फूट रहे हैं। हर किसी के मन में सेवा का कीड़ा कुलबुला रहा है। समाज सेवा, लोक सेवा, जनसेवा, दरिद्र नारायण की सेवा, वृद्ध बुजुर्गों की सेवा, आवारा जानवरों की सेवा, सेवा करने वाले की सेवा जैसे होर्डिंग, पंपलेट, बैनर आदि चारों ओर सजे हुए हैं। हर एक सेवक हाथ जोड़े, कमर दुहराते सेवा करने के लिए जमीन में गड़े जा रहे हैं। कई-कई समाज सेवकों ने पशुओं की सेवा से लेकर भूत प्रेतों की सेवा करने के लिए बड़े-बड़े एनजीओ खोल रखे हैं। ये एनजीओ कमीशन, दलाली, काले को सफेद, सफेद को काला, दूर करो अपना दिवाला जैसे मंत्र बुद-बुदाते राजधानी से लेकर गांव-गलियों तक पसारे पड़े हैं। देश सेवा को बेताब बेचारे एनजीओ को आदिवासी इलाकों से लेकर विदेशों तक हवाई यात्रा करनी पड़ रही है। मोटा माल बटोरने के बाद अपने शानदार आफिस में कागजों के घोड़े दौड़ाने में माहिर एनजीओ सर्वश्रेष्ठ समाजसेवी के रूप में प्रतिष्ठा पाता है। समाज सेवा, देश सेवा का कीड़ा इनमें कुलबुलाता हुआ, इन्हें हर बार मंत्री की सीढ़ी तक पहुंचा देता है। कर्मठ, योग्य, ईमानदार, जनसेवक, जनता के रहनुमा, दलित सेवक, पिछड़ों के दोस्त, गरीबों के मसीहा, आम आदमी के साथी निस्वार्थ जनसेवक डॉ. नागनाथ को वोट दीजिए जैसे पोस्टर दीवारों पर अटे पड़े हैं। नागनाथ की टक्कर में सांपनाथ भी अपनी टोपी लहराते हुए कुर्सी बाजार में उतर गए हैं। होली, दीपावली, नववर्ष, ईद, चौथ माता, अंतरराष्ट्रीय मूर्खता दिवस आदि की बधाइयों के पोस्टर शहर के तमाम सूचना बोर्डों पर चस्पा कर दिए हैं। शहर की दीवारें व गांव की गलियां शुभकामनाओं से लथपथ हो गई है। इस मामले में नागनाथ और सांपनाथ दोनों का बड़ा कंपटीशन है। समाज सेवा का यह खेल पोस्टर वार से यात्रा वार व रोड शो में बदल गया है। निस्वार्थ समाज सेवा का लंबा सा बिल्ला अपने गले में टांगे सांपनाथ और नागनाथ जी कुर्सी साधना करने के लिए अखाड़े बाजी कर रहे हैं। महीनों से हर त्यौहार पर बधाई, शुभकामनाएं देते पोस्टरों पर लाखों खर्च करने वाले इन भावी विधायकों, पार्षदों व पंचों ने जरूरतमंदों की सेवा पर हजारों खर्च करने का दावा किया है। चुनावी रात में इनकी सेवा चरम पर होती है। सावधान आगे खतरनाक समाज सेवक खड़े हैं।

रामविलास जॉंगिड़

महाकुंभ के दौरान घटती हैं अद्भुत अलौकिक घटनाएं

धर्म/आध्यात्म

कुंभ क्षेत्र में कुछ रातें गुजारने वाले एक दो नहीं हजारों साधु-संन्यासियों, पत्रकारों, आम भक्तों और यहां तक कि ड्यूटी में मौजूद पुलिसवालों व विदेशों से कुंभ की अलौकिकता देखने और अध्ययन करने आये शोधकों को भी कई तरह की अलौकिक घटनाओं का एहसास हुआ है। माना जाता है कि कुंभ के दौरान कुंभ स्नान का जो मूल क्षेत्र होता है। वहां अलौकिक शक्तियों का वास हो जाता है। यह भी मान्यता है कि कुंभ के दौरान रात्रि 1 बजे से 4 बजे तक या ब्रह्म मुहूर्त के पहले तक यहां देवता स्नान करने के लिए आते हैं। अगर हम साधु-संन्यासियों से सुनी ऐसी कहानियों की अनदेखी भी कर दें, तो यहां ड्यूटी करने वाले पुलिसवाले और विदेशी देशों से आये कुंभ पर शोध अध्ययन करने वालों को भी कुछ अव्यक्त घटनाओं का एहसास हुआ है और इससे डरकर उनके रोंगटे भी खड़े हुए हैं। वैसे सामान्य दिनों में भी माना जाता है कि गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में एक चुंबकीय ऊर्जा का केंद्र है। लेकिन कुंभ के दौरान जब सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति विशेष स्थिति में होते हैं, तो इसे अतिरिक्त ऊर्जा का महाकेंद्र बना देते हैं। यही वजह है कि कुंभ स्नान करने गये हर व्यक्ति को कुंभ में दिव्य ऊर्जा का अनुभव होता है। चूंकि कुंभ क्षेत्र में इस दौरान हजारों साधु और योगी, साधनारत होते हैं। अपनी ओघड़ तपस्या में लील होते हैं, इस कारण यह आध्यात्मिक ऊर्जा केंद्र और ज्यादा सुचालक व मजबूत बन जाता है।

आधुनिक वैज्ञानिक भी इस अलौकिक शक्ति का एहसास करते रहे हैं और इसे सामूहिक मानवीय चेतना और भावनाओं का परिणाम बताते रहे हैं। महाकुंभ के दौरान कई ऐसी कहानियां सुनी और देखी गई हैं, जब कई नागा साधु पानी पर चलते हुए देखे गये हैं। चारो तरफ भयानक आग के बीच में बैठकर तपस्या करते तो लोगों ने साक्षात साधुओं को देखा ही है और कई विदेशियों को यह भी कहते और स्वीकार करते पाया गया है कि भभूत लगाने के बाद उन्हें जबर्दस्त ऊर्जा का एहसास हुआ। कुंभ मेले के दौरान ऐसी सैकड़ों कहानियों को संग्रहित किया गया है, जब लोगों ने बताया है कि उन्होंने आधी रात के बाद 2 और 3 बजे के दौरान संगम में डुबकी लगाने के लिए देवताओं की टोली आते जाते देखी है। एक कैमरामैन ने तो आसमान से रथ में उतरते हुए देवताओं की तस्वीर भी खींची थी, लेकिन वह तस्वीर बहुत धुंधली थी, लेकिन कहते हैं जब उस तस्वीर को ऐसे लोग देखते थे, जिनमें दिव्य ऊर्जा के कुछ अंश थे, तो उन्हें वह आसमान से उतरते हुए देवताओं की तस्वीर ही लगती थी। बहरहाल ये मनोवैज्ञानिक भ्रम भी हो सकते हैं, लेकिन इस बात को तो मनोवैज्ञानिकों ने रिकॉर्ड किया है कि कुंभ के दौरान इस क्षेत्र में एक विशिष्ट ऊर्जा का बहाव रहता है, जो आपको ज्यादा सक्रिय और ज्यादा सचेत बनाती है। वैज्ञानिक पहले इस तरह की घटनाओं और कहानियों को कपोल कल्पनाएं मानते थे, लेकिन अब वैज्ञानिकों का एक हिस्सा मानता है कि करोड़ों लोगों के एक साथ किसी जगह पर उपस्थित होने से मानव मस्तिष्क पर उसका गहन प्रभाव पड़ता है। इसे न्यूरो साइंटिस्ट सामूहिक ऊर्जा का प्रस्फुटन परिणाम मानते हैं। ..और हां, अब कॉस्मिक एनर्जी के विशेषज्ञ इस बात पर भी वैज्ञानिक नजरिया रखते हैं कि चूंकि कुंभ के दौरान सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति की विशिष्ट ज्योतिषीय स्थिति होती है, इसलिए लोग अलौकिक चुबंकीय ऊर्जा से भर जाते हैं, जो उनमें कई तरह की घटनाओं, दृश्यों और एहसासों को निर्मित करते हैं। कुंभ स्थल यानी संगम क्षेत्र को सामान्य दिनों में उस तरह का चुबंकीय क्षेत्र नहीं पाया गया, जिस तरह की चुबंकीय ऊर्जा यहां कुंभ के दौरान रिकॉर्ड की गई है। कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि यहां एकत्र लोगों की सकारात्मक ऊर्जा का चुबंकीय रूप है। यह कोई पहला मौका नहीं है बल्कि हजारों साल से साधु संन्यासी और आम गृहस्थ लोग भी कुंभ क्षेत्र को एक अलौकिक ऊर्जा का क्षेत्र मानते भी रहे हैं और महसूस भी करते रहे हैं। चूंकि यहां लोगों की मौजूदगी आध्यात्मिक वजहों से होती है, इसलिए नाम कुछ भी लिया जाए, मगर यहां अलौकिक ऊर्जा की मौजूदगी सच्चाई है। लेकिन जिन लोगों को इस सबके लिए धार्मिक आस्था पर अटूट भरोसा है, उनके मुताबिक अमृत कलश से छलककर गिरी बूंदों के चलते वो सभी जगहें जहां एक निश्चित अवधि के बाद महाकुंभ का आयोजन होता है, वे सब अलौकिक ऊर्जा के केंद्र हैं और यहां मौजूद होने पर दिव्यता का एहसास होता है।

एन. के. अरोड़ा.

आपकी बात

छोटे उद्यमों की बड़ी भूमिका

छोटे उद्योग रोजगार, समृद्धि और देश की तरक्की के लिहाज से बहुत अहम हैं। देश की इतनी बड़ी आबादी को नौकरी देना किसी के लिए संभव नहीं है, लेकिन अगर इतनी बड़ी आबादी सिर्फ सिर गिनने के लिए न हो बल्कि सिर से दुगुने हाथ बन जायें तो फिर रोजगार की कमी भी नहीं रहेगी। प्रदेश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है। प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये हैं तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है। लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं। हाल के वर्षों में जिस तरह सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं बनिस्पत रोजगार करने के। युवाओं की यह मनःस्थिति जब तक बदलेगी नहीं तब तक यह शायद ही कौशल विकास मिशन का लाभ मिले। सरकार को हर युवक को रोजगार से जोड़ने की पहल करनी चाहिए। जो सरकारी नौकरियों में चयनित हो जाते हैं उनसे वहां बेहतर काम लेना चाहिए। लेकिन सरकारी नौकरी में प्रवेश की उम्र सीमा घटानी चाहिए। अभी सरकार ने अधिकतम उम्र सीमा चालीस वर्ष कर दी है। इसी तरह आरक्षित वर्ग को तीन से पांच साल की छूट मिलती है। ऐसे में अगर पैंतालिस साल का व्यक्ति सरकारी नौकरी में आवेदन डालेगा तो नौकरी मिल भी जाती है तो दो-तीन साल लग जायेंगे। अब पैंतालिस साल के बाद नौकरी मिल भी जाये तो भी महज दस-पन्द्रह साल में व्यक्ति रिटायर हो जायेगा। सरकारी नौकरी की उम्र सीमा बढ़ने के कारण बड़े पैमाने पर युवक नौकरी की आस में तैयारियां करते रहते हैं और जब वे चालीस पार कर जाते हैं तो फिर आगे कुछ करने का उत्साह कम हो जाता है। इसलिए सरकार को ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए कि 25 साल के अंदर ही युवक सरकारी नौकरी, प्राइवेट नौकरी या फिर कोई उद्यमिता अपना लें। ऐसा करने से राष्ट्र के निर्माण में युवाओं का अधिक योगदान हो सकेगा। युवाओं में कौशल विकसित करने से इनको रोजगार से जोड़ा जा सकता है।

कृष्ण कुमार सिंह, हरदोई.

महिलाओं के खिलाफ अपराध

महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं। जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए सुरक्षा पहली शर्त है। दरअसल किसी भी सरकार का प्रथम दायित्व नागरिकों की सुरक्षा करना ही है। ऐसे में अपराध की बढ़ती घटनाएं, महिला संबंधी अपराधों का दिनोंदिन और क्रूर होते जाना न सिर्फ चिंता की बात है बल्कि इस बात पर भी सवाल उठाता है कि सरकारें महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों को रोकने लिए कितना गंभीर हैं?

मदन मोहन श्रीवास्तव, लखनऊ.

संक्षेप

4 फरवरी तक कृषि यंत्रों की बुकिंग कर सकते हैं कृषक

बहराइच। उप निदेशक कृषि ने बताया कि एस.एम.ए.एम. योजनान्तर्गत कृषि यन्त्रो जैसे रोटावेटर, पावर आपरेटेड वेफ कटर, कम्बाईन हारवेस्टर विद एस.एम.एस., हैरो, कल्टीवेटर, स्ट्रारीपर, किसान ड्रोन, कस्टम हायरिंग सेन्टर की खरीद पर ग्रामीण उद्यमी को 40 प्रतिशत तथा फार्म मशीनरी बैंक एफ.पी.ओ. को 80 प्रतिशत अनुदान देय है। इसी प्रकार इन सीटू योजनान्तर्गत ग्रामीण उद्यमी को कस्टम हायरिंग सेन्टर की खरीद पर 80 प्रतिशत तथा सुपर सीडर, बेलिंग मशीन, स्ट्रारेक, सेल्फ प्रोपेल्ड रीपर कम बाईन्डर परच्छुक व्यक्ति विभागीय पोर्टल एग्रीदर्शन डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर 04 फरवरी 2025 तक बुकिंग कर सकते हैं। पोर्टल पर जनपदवार व ब्लाकवार लक्ष्य प्रदर्शित हो रहा है। उप निदेशक कृषि ने बताया कि इच्छुक कृषक लैपटॉप, डेस्कटॉप, ऐण्ड्रायड मोबाइल अथवा किसी भी जनसेवा केन्द्र के माध्यम से विभागीय पोर्टल पर जाकर में जाकर सेलेक्ट करते हुए कृषि यंत्र का चुनाव कर बुकिंग कर लाभ उठा सकते है।

रात में ही श्रद्धालुओं से फुल हो गई अयोध्या

भोर में स्नान के बाद शुरू हुआ राम मंदिर व हनुमान गढ़ी में दर्शन का सिलसिला

अयोध्या। मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में पुण्य की डुबकी लगाने के बाद शाम से ही श्रद्धालुओं के अयोध्या आने का शुरू हुआ सिलसिला गुरुवार दोपहर बाद तक जारी रहा। आलम यह रहा कि रातों-रात अयोध्या की सड़कें श्रद्धालुओं से खचाखच भर गईं। भोर होते ही जय श्रीराम के जयकारों से अयोध्या गुंजायमान हो गई। जानकारों के मुताबिक 96 घन्टे में करीब 65 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंच चुके हैं। उधर, बढ़ती भीड़ देखकर नगर के वरिष्ठ अधिकारियों ने मोर्चा संभाल लिया। रातभर पैदल निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर स्नान करने के बाद श्रद्धालु सीधे रामनगरी पहुंच रहे हैं। आंखों में श्रद्धा व सिर पर गठरी लिए श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा है। भोर में चार बजे से सरयू के घाटों पर स्नान शुरू हो गया। इसके बाद श्रद्धालुओ ने हनुमानगढ़ी व राम मंदिर का रुख किया। रामपथ और भक्तिपथ पर श्रद्धालुओं का सैलाब देख हर कोई अचंभित दिखा। आराध्य के दर्शन पाने को श्रद्धालु देर रात तक कतार बद्ध दिखे। एक अनुमान के मुताबिक राममंदिर में रोजाना तीन लाख व हनुमानगढ़ी में श्रद्धालु दर्शन को पहुंच रहे हैं। इसके लिए मंदिर में दर्शन का समय बढ़ाकर लगभग 18 घण्टे कर दिया गया है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या में जिला प्रशासन को समय-समय पर निर्देशित भी कर रहे हैं। इसका नतीजा यह है कि अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक श्रद्धालु की सेवा में जुटे हुए हैं। श्रद्धालुओं को राम जन्मभूमि परिसर में पुलिस की तरफ से पानी पिलाया जा रहा है। इसके अलावा सेहत का ख्याल रखने के लिए मंदिर परिसर में मेडिकल कैंप की भी व्यवस्था की गई है। राम मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी और वालंटियर श्रद्धालुओं की सेवा में तैनात कर दिए गए हैं। अयोध्या आने वाले मुख्य मार्ग के थाने और चैकियों के साथ रेलवे से संपर्क कर श्रद्धालुओं की संख्या का पूवार्नुमान भी लगाया जा रहा है।

- सुरक्षा के लिहाज से अर्धसैनिक बलों को उतारा गया

रामनगरी में लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

गोंडा, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर और लखनऊ रोड होल्ड़िंग एरिया बना दिया गया है, ताकि भीड़ बढ़ने पर श्रद्धालुओं को वहां रोका जा सके। वहीं केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, गोवा, महाराष्ट्र और गुजरात से बड़ी से संख्या में श्रद्धालु दर्शन को अयोध्या पहुंच रहे हैं। महाकुंभ से भारी संख्या में रेलमार्ग से भी अयोध्या में श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है।

अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा शाम को रेलवे स्टेशन कैंट के आस-पास और गुरु गोविंद सिंह चैराहे पर लाउड स्पीकर के माध्यम से अपील की गई है कि वे रेलवे स्टेशन कैंट के निकट बने आश्रय स्थल में ही ठहरें। यह अनुरोध श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक स्थान प्रदान करने के उदेश्य से किया गया।

जिले के वरिष्ठ अधिकारी ग्राउंड जीरो पर मौजूद हैं। लगातार समुचित दर्शन की व्यवस्था बनाए हुए हैं। शहर में एडीजी जोन लखनऊ एसबी शिरोडकर आईजी प्रवीण कुमार और कमिश्नर गौरव दयाल जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह, एसएसपी राजकरण नैयर ने कमान संभाल रखी है। राम जन्मभूमि परिसर में एसपी सुरक्षा बलरामचारी ने मोर्चा संभाल रखा है। उन्होंने बताया कि राम मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षा मानकों के अनुसार दर्शन कराया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से सिविल पुलिस, पीएसी के अलावा अर्धसैनिक बलों को लगाया गया है। एडीजी जोन, मंडलायुक्त व आईजी बिरला धर्मशाला से लता चैक तक पैदल चलकर श्रद्धालुओं से बातचीत की व सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

विकास वर्मा बने जन व्यापारी उद्योग व्यापार मण्डल नगर अध्यक्ष

बाराबंकी। जन व्यापारी उद्योग व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष अंकुर जैन ने व्यापारी विकास वर्मा को नगर अध्यक्ष पद मनोनीत किया। जन व्यापारी उद्योग व्यापार मण्डल जिला कार्यालय पर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री रोहिताश्व दीक्षित ने नगर अध्यक्ष श्री वर्मा को मनोनयन पत्र सौपा। तथा फूल माला व मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री श्री दीक्षित ने कहा कि श्री वर्मा एक प्रतिष्ठित व्यापारी होने के साथ-साथ समाजसेवी भी है। जो समय-समय पर समाज व व्यापारियों के हित में कार्य करते रहते हैं। आशा है कि संगठन में कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करते हुए व्यापारियों की भलाई का कार्य करेंगे। जिलाध्यक्ष श्री जैन ने मनोनीत नगर अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि यह संगठन हमेशा से सक्षम स्तर पर व्यापारियों की आवाज को उठाता रहा है। तेज तर्रार व्यापारी नेता को नगर अध्यक्ष बनने से व्यापारियों जहां संगठन को मजबूती मिलेगी वहीं व्यापारियों की एक आवाज पर यह खड़े दिखाई देंगे ऐसी हमें आशा है। मनोनीत नगर अध्यक्ष ने कहा कि जिलाध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री ने जो जिम्मेदारी सौंपी है। मैं उसका ईमानदारी से निर्वहन करूंगा। बधाई देने वालो मे हिमांशु अवस्थी समेत अन्य व्यापारी नेता मौजूद रहे।

टैक्स के बडे बकायेदारो से मिले सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक

बाराबंकी। परिवहन विभाग में चल रही एकमुश्त समाधान योजना का अंतिम दौर चल रहा है। जिसके अन्तर्गत बकाया टैक्स पर लगी पेनाल्टी (शास्ति) पर 100 प्रतिशत छूट का लाभ जनपद मे पंजीकृत व्यवसायिक वाहनो को दिया जा रहा है। जिसको लेकर परिवहन विभाग लगातार वाहन स्वामियो से दूरभाष एंव घर-घर दस्तक देकर बकाया टैक्स जमा करने हेतु प्रेरित करता हुआ नजर आ रहा है। इस विषय पर जानकारी लेने पर सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव ने बताया कि जिन वाहनो पर शास्ति (पेनाल्टी) आरोपित है। उन सभी प्रकार के वाहनों पर (मांग पत्र प्रेषित वाहन, वसूली प्रमाण पत्र (आरसी) निर्गत वाहन तथा अन्य वाहनों को शत-प्रतिशत शास्ति (पेनाल्टी) में छूट प्रदान की गयी है। एकमुश्त समाधान योजना अब 5 फरवरी तक है। निर्धारित अवधि में कोई भी वाहन मालिक कार्यालय उप सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय मे जल्द से जल्द आवेदन पत्र प्रस्तुत कर योजना का लाभ उठाये। आरआई श्री यादव ने बताया कि बड़े.बकायेदारों से मिलकर उन्हे योजना के अन्तर्गत पेनाल्टी (शास्ति) पर 100 प्रतिशत छूट की जानकारी देकर बकाया टैक्स जमा करने हेतु प्रेरित किया गया है।

महाकुंभ से श्रद्धालुओं को लेकर आ रही बस दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत, नौ घायल

अयोध्या। प्रयागराज में महाकुंभ से श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या आ रही एक निजी बस पूराकलंदर थाना क्षेत्र के नौवां कुआ के निकट गुरुवार तड़के दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि नौ घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी श्रद्धालु तेलंगाना के बताए जा रहे हैं। यह हादसा घना कोहरा होने के कारण हुआ। बताया जा रहा है कि कोहरे के कारण बस पीछे से एक डंपर में जा टकराई। पुलिस के अनुसार महाकुंभ से लक्ष्मी टूरिस्ट पैलेस लखनऊ की एक बस महाकुंभ से 20 श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या आ रही थी। करीब चार बजे पूराकलंदर थाना क्षेत्र के नौवां कुआ के निकट बस चालक घने कोहरे के कारण आगे जा रहे एक डंपर से टकरा गई, जिससे बस का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसा में मौके पर आगे बैठे एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि नौ लोग घायल हो गए। पुलिस ने तत्काल रेस्क्यू करते हुए घायलों को जिला अस्पताल भेजा और अन्य श्रद्धालुओं को सुरक्षित अलग वाहन से अयोध्या के लिए रवाना किया। दुर्घटना के बाद डंपर चालक गाड़ी छोड़ मौके से फरार हो गया। नौ में से दो घायलों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल से लखनऊ ट्रामा रेफर कर दिया है। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और मृतक श्रद्धालु के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। दोनों वाहनों को पुलिस ने कब्जे में लिया है और आगे की कार्रवाई की जाएगी। जिला अस्पताल द्वारा जारी सूची के अनुसार मृतक रामन अनजनेलू पुत्र अज्ञात (42) निवासी मल्लापुर थाना नाचाराम मिरचिल तेलंगाना के रूप में हुई है।

सपा के लिए परिवार और भाजपा के लिए देश पहलेः डिप्टी सीएम

मिल्कीपुर-अयोध्या। कुचेरा बाजार के एसआरएम पब्लिक स्कूल में पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी के संयोजन में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा सरकार में हर जिले में मिनी सीएम हुआ करते थे। गुंडे अपराधियों का बोलबाला था। कहा कि समाजवादी पार्टी जाति की राजनीति करती है। अयोध्या में रामभक्तों पर गोली सिर्फ इसलिए चलवाई गई ताकि एक वर्ग विशेष का वोट हासिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने अपनी सरकार में सैफई को गांव से ब्लॉक बना दिया। सैफई में हवाई पट्टी, पीजीआई बना दिया। सैफई महोत्सव के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च करके नाच गाना देखा गया। लेकिन अयोध्या में सपाइयों ने क्या किया। केवल रामभक्तों पर गोली चलवाकर सरयू की धारा को रामभक्तों के खून से लाल करने का काम सपा सरकार में हुआ। विकास की हर योजना से अयोध्या को वंचित रखा गया। उन्होंने सम्मेलन में उपस्थित प्रबुद्ध वर्ग के नागरिकों से अपील की कि वे सपाइयों से पूछे कि उन्होंने अयोध्या और मिल्कीपुर के विकास के लिए क्या किया। डिप्टी सीएम ने समाजवादी पार्टी पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि इनके परिवारवाद का ताजा उदाहरण मिल्कीपुर है। पिता सांसद बन गए तो बेटे को टिकट दे दिया गया। क्या ये ठीक है। क्या सपा में कोई और कार्यकर्ता नहीं है। उन्होंने कहा सपा के लिए परिवार पहले है और भाजपा के लिए देश पहले है पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू ने कहा डबल इंजन की सरकार में बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ सभी पात्रों को दिया गया है। परिवार वाद तथा जातिवाद से उपर उठकर हमें विकास वाद को चुनना है। 8 फरवरी को मिल्कीपुर में भगवा लहराना है। भाजपा नेता करूणाकर पाण्डेय ने कहा कि सरकार की हर योजना में जनकल्याण की भावना निहित है। सभी वर्गों का सम्मान भाजपा में ही है। मौके पर जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, केशव प्रसाद शर्मा, भवानी मिश्रा, राकेश तिवारी शत्रुघ्न पांडे, शीतल बाजपेई, विजय शुक्ला प्रधान, उपेंद्र शुक्ला, अजय विक्रम सिंह मौजूद रहे।

- कुचेरा बाजार में आयोजित हुआ प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन

देश की एकता और अखण्डता का नाम है महात्मा गांधीः मो. मोहसिन

बाराबंकी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने जीवन के 40 वर्ष इस देश की आजादी के लिये समर्पित कर दिया। बीते कुछ दिनों से उन्हें कमतर दिखाने की एक साजिश चल रही है। लेकिन महात्मा गांधी का नाम मिटाने का प्रयास करने वालों को यह नही मालूम कि गांधी कोई व्यक्ति नही विचारधारा का नाम है। मानवता का नाम है। देश की एकता और अखण्डता का नाम है। उक्त उद्गार जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीद दिवस पर कमेटी कार्यालय में आयोजित श्रद्वांजली समारोह में व्यक्त किये। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, अजीत वर्मा, रामहरख रावत, प्रशान्त सिंह, शबनम वारिस, प्रीती शुक्ला, सना चैधरी, तस्लीमन खान, शईस्ता अख्तर, संजीव मिश्रा, मोईनुद्दीन अंसारी, माता प्रासाद मिश्रा, कौशल किशोर वर्मा, श्रीकान्त मिश्रा आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

कार्यालय देर से आने वाले कर्मियों के डीएम ने कसे पेंच, दी सख्त चेतावनी

बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट परिसर के विभिन्न अनुभागों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कई विभागों के रजिस्टर अपने कार्यालय में मंगवाकर देर से आने वाले कर्मचारियो की वास्तविक उपस्थिति का समय डलवाते हुए कड़ी नसीहत के साथ रजिस्टर पर हस्ताक्षर करवाये और नियमित समय से कार्यालय आने की सख्त चेतावनी दी।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कर्मचारी ससमय कार्यालय पहुँचे और समयांतर्गत अपने कार्यो का संपादन करें। किसी भी दशा में कार्य पेंडिंग न होने पाए। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने ई-डिस्ट्रिक्ट कार्यालय की व्यवस्थाओं को देखा और ई-डिस्ट्रिक्ट प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग और खनन विभाग का निरीक्षण कर रजिस्टर और पत्रावलियों का अवलोकन किया। तथा परिसर में बने शौचालयों को नियमित साफ और स्वच्छ रखने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने एडीएम कोर्ट, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ कोर्ट कार्यालय व परिसर का निरीक्षण कर पत्रावलियों को देखा। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ और ईओ नगरपालिका को रविवार को विशेष अभियान चलाकर कार्यालयों और परिसर की साफ-सफाई कराई जाने हेतु निर्देशित किया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी इन्द्रसेन, प्रशासनिक अधिकारी गुरू सहाय निगम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

मिल्कीपुर में सपा की होगी ऐतिहासिक जीतः डिंपल यादव

जिला संवाददाता(vol)

मिल्कीपुर-अयोध्या। बृहस्पतिवार को स्टार प्रचारक मैनपुरी सांसद डिंपल यादव सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद के समर्थन 10 किलोमीटर लंबा रोड शो किया, दोपहर करीब 2:00 बजे रामायण कालीन मंदिर महर्षि बामदेव आश्रम पहुंची जहां उन्होंने ज्योतिर्लिंग पर जलाभिषेक किया, तथा हनुमान मंदिर में भी पूजा अर्चना की मंदिर में लगभग 10 मिनट उन्होंने पूजा किया। 2.20 बजे नगर पंचायत कुमारगंज पहुंची जहां पर नगर पंचायत अध्यक्ष विकास सिंह छोटू के नेतृत्व में हजारों समर्थकों ने फूल वर्षा की तथा उन्होंने भी हाथ हिलाकर समर्थकों का अभिवादन किया, लाल रंग की खुली जीप से उन्होंने रोड शो किया उनके साथ रथ पर प्रिया सरोज, जूही सिंह, रागिनी सोनकर प्रत्याशी अजीत प्रसाद, अवधेश प्रसाद मौजूद रहे सभी लोग जनता का अभिवादन कर रहे थे, कुमारगंज से निकलने में लगभग 30 मिनट लगा तेधां पहुंचने पर डिंपल यादव ने रोड के दोनों तरफ खड़ी जनता को संबोधित किया उसके बाद काफिला आगे बढ़ीं बड़ी नहर पर समाजवादी युवाजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अपने समर्थकों के साथ बड़ी माला के साथ स्वागत किया।

मिल्कीपुर पहुंचने पर उन्होंने जनता को सबोधित किया कहा कि मिल्कीपुर चैराहे पर स्टार प्रचारक सांसद डिंपल यादव ने लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह रोड शो और आपका उत्साह बता रहा है कि मिल्कीपुर में सपा की जीत होगी। मिल्कीपुर के रोड सोनी मैनपुरी के रोड शो को पीछे कर दिया है मिल्कीपुर में करहल को भी आप सब पीछे कर दोगे। 2024 के लोकसभा चुनाव में अयोध्या ने देश और प्रदेश को संदेश देने का काम किया है उसके लिए आप सभी का धन्यवाद अब दोबारा मिल्कीपुर जीतकर इतिहास दोहराएंगे। लोकसभा चुनाव में आप सब ने संविधान बढ़ाने की लड़ाई लड़ी। बाबा साहब ने हमें जो अधिकार दिया है भाजपा के लोग संविधान बदलना चाहते हैं लेकिन आप सब खड़े रहे और वह कामयाब नहीं हो सके। हम सब ने कई उपचुनाव देखे हैं शासन प्रशासन का रवैया जानते हैं आप लोग डरेंगे नहीं असली काम भूत का है विरोधी चालक है नए-नए हथकंडे अपनाता है पूरा देश और प्रदेश बदलाव चाहता है इसकी शुरूआत मिल्कीपुर से होगी बीजेपी आम आदमी की आवाज दबाना चाहती है आरक्षण नहीं देना चाहती। आज गुप्त नवरात्रि का पहला दिन है मां अंबे हमें जरूर आशीर्वाद देगी। चुनाव में हमारे प्रत्याशी अजीत की जीत होगी लेकिन अधिक से अधिक वोटो से जीत कर ऐतिहासिक जीत दर्ज कराया। मिल्कीपुर पेट्रोल पंप पर कार्यक्रम को वहां भी जनता को संबोधित किया, कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने किया। इस दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद रहे उन्होंने जनता से वोट करने की अपील की उन्होंने कहा कि लोकसभा की तरह विधानसभा में भी जिताकर इतिहास रचे।

प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के लिए 01 फरवरी से आवेदन प्रारम्भ

बहराइच। सहायक निदेशक मत्स्य डा. जितेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत वर्ष 2024-25 के लिए 23 विभिन्न मात्स्यिकी परियोजनाओं जैसे निजी भूमि पर तालाब निर्माण, इंसुलेटेड वैन, सजावटी मछली बिक्री केन्द्र, जीवित मछली बिक्री केन्द्र, मत्स्य बीज हैचरी, अंगुलिका संचय, फीडमील इत्यादि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक व्यक्ति 01 से 15 फरवरी 2025 तक विभागीय आनलाइन पोर्टल फिशरीज डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करते समय अभ्यर्थी को फोटो, शपथ पत्र, बैंक खाता, आधार कार्ड, खतौनी, जाति प्रमाण पत्र, मोबाइल नम्बर आदि अभिलेखों की आवश्यकता होगी। डॉ. कुमार ने बताया कि किसी भी कार्यदिवस में सहायक निदेशक मत्स्य बहराइच के कार्यालय से सम्पर्क विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को किया नमन

अयोध्या। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर उनके चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल तथा संचालन जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने किया। महात्मा गांधी को याद करते हुए महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा गांधी जी एक व्यक्ति नहीं विचार थे। वह भारत की आत्मा है तथा हर हिंदुस्तानी के हृदय में आज भी उनके सिद्धांत जीवन्त है। पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा ने कहा शहीद दिवस पर हम बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। वे हमारे राष्ट्र के मार्गदर्शक रहे। सत्य, अहिंसा और सर्वधर्म समभाव के उनके विचार हमारे मार्ग को प्रकाशित करते रहते हैं। हमें उन लोगों के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए जो समानता और सभी के उत्थान के उनके आदर्शों को नष्ट करना चाहते है। जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहा गांधीजी ने न सिर्फ आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई बल्कि समाज सुधार के लिए काम किया। उन्होंने भारतीय समाज में व्याप्त छुआछूत जैसी बुराइयों के प्रति लगातार आवाज उठाई। वो चाहते थे कि ऐसा समाज बने जिसमें सभी लोगों को बराबरी का दर्जा हासिल हो क्योंकि सभी को एक ही ईश्वर ने बनाया है। उनमें भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। नारी सशक्तीकरण के लिए भी वह हमेशा प्रयासरत रहे। सत्य के सिद्धांत का लोहा पूरी दुनिया ने माना। महात्मा गांधी की दुनिया भर में लोकप्रियता का अंदाजा कि गांधीजी अकेले ऐसे महापुरुष हैं जिनकी प्रतिमा सबसे अधिक देशों में हैं।

डीएम की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक संपन्न

बहराइच। उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति व व्यापारिक सुरक्षा फोरम तथा एम.ओ.यू..क्रियान्वयन इकाई की बैठक सम्पन्न हुई। एम.ओ.यू. क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2023 में जनपद बहराइच हेतु निवेशकों द्वारा कुल 224 एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित हुए हैं। जिसके सापेक्ष इन्वेस्ट यू.पी. द्वारा निवेश सारथी पोर्टल पर अद्यतन 2762.74 करोड़ लागत के 164 एम.ओ.यू. जी.बी.सी. हेतु रेडी किये जा चुके हैं।

उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी हेतु जनपद को आवंटित लक्ष्य रू. 2500.00 करोड़ के सापेक्ष अब तक रू. 2762.74 करोड़ के एम.ओ.यू. ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार हो गये हैं, जो कि लक्ष्य का 110 प्रतिशत है। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि 116 इकाईयां क्रियाशील हो गये हैं। डीएम मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि सम्बन्धित विभाग से समन्वय कर अवशेष को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार करें और जो एमओयू रेडी हैं, उनका क्रियान्वयन शीघ्र कराया जाय।

निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों पर चर्चा के दौरान बताया गया कि 01 अप्रैल 2024 से 29 जनवरी 2025 तक 3063 आवेदन निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त हुए है जिसके सापेक्ष 2774 आवेदन स्वीकृत, 200 आवेदन पत्र निरस्त एवं 50 आवेदन पत्र अण्डर क्वेरी तथा 38 आवेदन पत्र समय अन्तर्गत है तथा 01 आवेदन पत्र समयोपरान्त लम्बित हैं। डीएम ने निर्देश दिया कि प्रकरणों को लम्बित न रखा जाय। लम्बित आवेदनों के सम्बन्ध में क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोड, अयोध्या को निर्देश दिया गया कि शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराएं। डीएम ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि निवेश सारथी पोर्टल के माध्यम से अधिक से अधिक एम.ओ.यू कराए जाएं। उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया गया कि एम.ओ.यू. के माध्यम से जनपद में निवेश को बढ़ाया जाय।

जिला उद्योग बन्धु अन्तर्गत पोषक तत्वों के मिश्रण की प्रॉसेसिंग करके एफआरके (फोर्टिफाइड राइस कर्नेल) का निर्माण करने वाली इकाई श्याम जेपी शकुन्तला इंडस्ट्रीज, बहराइच को नान इनोवेटिव इकाई से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में उद्यान विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि चालू वित्तीय वर्ष में ही निस्तारण करा दिया जाएगा जिसके हेतु शासन स्तर पर कार्यवाही की जा रही हैं। बैठक के दौरान आबकारी, विद्युत एवं नगर पालिका परिषद बहराइच से सम्बन्धित प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के सम्बन्ध में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

उद्योग विभाग द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं पीएमईजीपी, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार व ओडीओपी वित पोषण योजना तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा के दौरान बताया गया कि पीएमईजीपी अन्तर्गत कोई लक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ है। जबकि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार अन्तर्गत वार्षिक लक्ष्य 138 के सापेक्ष प्रेषण 461, स्वीकृति 97 तथा 95 का वितरण किया गया है। इसी प्रकार ओडीओपी वित पोषण योजना वार्षिक लक्ष्य 100 के सापेक्ष प्रेषण 187, स्वीकृति 44 तथा 39 का वितरण किया गया है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान अंतर्गत वार्षिक लक्ष्य 1000 के सापेक्ष प्रेषण 302, स्वीकृति 104 तथा 14 का वितरण किया गया है। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि सीएम डैश पोर्टल पर दोनों स्कीमों में एड श्रेणी है। डीएम ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत वितरण प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए बैठक में उपस्थित एल.डी.एम. तथा अन्य बैंकों के जिला समन्वयकों को वितरण बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी, बहराइच, एसडीएम सदर पूजा चैधरी, ईओ प्रमिता सिंह, सीवीओ डॉ राजेश उपाध्याय व अन्य सम्बन्धित अधिकारी तथा उद्यमी गौरी शंकर भानीरामका, कूलभूषन अरोड़ा, बृजमोहन मातनहेलिया, अशोक मातनहेलिया, विजय केडिया, दीपक सोनी दाऊ जी, नवनीत अग्रवाल, आशीष कंछल व अन्य उद्यमी, व्यापारी, निर्यातक व सम्बन्धित निवेशक मौजूद रहे।

मत्स्य समिति की बैठक आयोजित

बाराबंकी। डीआरडीए स्थित गाँधी सभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मत्स्य समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 के 6 लाभार्थियों द्वारा उद्यमी एवं निजी फर्म की श्रेणी चयनित किये जाने पर मत्स्य निदेशालय द्वारा जिला स्तरीय समिति से पुनः सत्यापन कराकर उन्हें प्रथम किश्त का भुगतान किये जाने की संस्तुति पर चर्चा की गयी। जिस पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य ने जिला स्तरीय समिति को अवगत कराया कि उक्त 6 लाभार्थियों द्वारा जनसेवा केन्द्र से विभागीय पोर्टल पर आनलाइन प्रक्रिया में त्रुटिवश उद्यमी एवं निजी फर्म की श्रेणी के विकल्प चयन कर दिये जाने के कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई। जबकि वास्तव में वे मत्स्य पालन करना चाहते है। तथा वे उद्यमी एवं निजी फर्म की श्रेणी के नहीं है। 4 लाभार्थियों द्वारा 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण करा लिया गया है तथा शेष 2 लाभार्थियों द्वारा कार्य कराये जाने की सहमति दी गयी है। बैठक मे जिला स्तरीय समिति द्वारा समस्त 6 लाभार्थियों को प्रथम किश्त भुगतान किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी।

मौन धारण कर याद किये गये अमर सेनानी

बहराइच। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्य तिथि के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति एवं सम्मान में कलेक्ट्रेट सभागार में 02 मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर सहित कलेक्ट्रेट व कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

संक्षेप

दो बाइकों की भिड़ंत में दो घायल

महाराजगंज, रायबरेली। तहसील क्षेत्र के महराजगंज से हरदोई मार्ग स्थित गऊघाट चौराहे के पास दो बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी तेज थी की दोनों बाइकों पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए वही दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए लोगों की सूचना पर पहुंची डायल 108 एम्बुलेंस से उन्हें सीएचसी महराजगंज लाया गया जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देख प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। भदोखर थाना क्षेत्र के गांव छखरी के रहने वाले प्रिंस तिवारी 32 वर्ष बाइक से भटसरा गांव जा रहे थे तभी गऊघाट चौराहे पर सामने से आ रही दूसरी बाइक से उसकी बाइक से भिड़ंत हो गई जिससे दूसरी बाइक पर सवार अंकित 25 वर्ष पुत्र राम सुमिरन निवासी दरियावगंज थाना शिवगढ़ सहित दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें एम्बुलेंस से महराजगंज सीएचसी लाया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर ने बताया कि, दोनों की हालत गंभीर होने के चलते प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सैन्य सम्मान से नायक राजा को दी अंतिम विदाई

रायबरेली। भारतीय सेना के 17 राजपूताना राइफल्स में तैनात सेना के जवान नायक देव ललित सिंह उर्फ राजा सिंह चौहान जो मूल रूप से मिलीपुर बड़ी पनई भगवंत नगर उन्नाव के रहने वाले थे परंतु वर्तमान समय में पूरा परिवार रायबरेली के एफ सी आई निकट कल्लू का पुरवा में रहता था जिनका 27 जनवरी को छुट्टी आते समय हरदोई जनपद के बघौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत खजूरमई तिराहे के पास राष्ट्रीय राजमार्ग में उल्टा तरफ से आ रहे ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गए जिसमें सेना के जवान देव ललित सिंह एवं उनके दो वर्ष के बच्चे की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई उनकी पत्नी रेशु सिंह जो उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत है का उपचार लखनऊ के प्राइवेट हॉस्पिटल चल रहा है। जिस घटना से पूरा परिवार एवं रायबरेली शहर में सन्नाटा छा गया। 28 जनवरी को उनका पार्थिव शरीर रायबरेली आने के उपरांत पैतृक गांव मिलीपुर पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया। जिसकी सूचना उनकी यूनिट 17 राजपूताना राइफल्स को दी गई जिससे तुरंत वहां से सैन्य अधिकारी व जवान पारिवारिक सदस्यों को सांत्वना दी। 29 जनवरी को उन्नाव के बक्सर घाट में सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम विदाई दी गई।

राहुल गांधी के अधिवक्ता बीमार, सुनवाई टली, अगली पेशी 11 को

सुलतानपुर। रायबरेली से कांग्रेस सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के मुकदमे में अधिवक्ता के बीमार हो जाने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने अगली पेशी 11 फरवरी नियत की है। विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडेय ने बताया की सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा नेता विजय मिश्र ने राहुल पर पांच साल पहले विशेष न्यायालय में परिवाद दायर किया था। उनका आरोप है कि 15 जुलाई 2018 को पार्टी कार्यकर्ता अनिरुद्ध शुक्ल व दिनेश कुमार ने अपने मोबाइल पर एक वीडियो क्लिप दिखाया था। इसमें राहुल गांधी अमित शाह को हत्यारा कह रहे थे। बयान बेंगलुरु में हुई प्रेस कान्फ्रेंस में दिए थे, जो जज लोया की मृत्यु से जुड़े थे। इस मामले में राहुल गांधी पर मानहानि का मुकदमा चलाया जा रहा है। इसमें राहुल का बयान हो गया है जबकि, परिवादी से जिरह जारी है। राहुल के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल ने खुद के बीमार होने के आधार पर अवसर मांगा, जिसे स्वीकृत कर लिया गया है।

जगह जगह रोके जा रहे श्रद्धालुओं के वाहन

समाजसेवी व प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए रुकने का कराया प्रबंध

कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। मौनी अमावस्या के पर्व पर प्रयागराज की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पूरे जनपद का पुलिस प्रशासन लगा हुआ है। जिसकी बानगी प्रयागराज अयोध्या हाइवे पर नजर आ रही है। जहां अयोध्या से सटे कूरेभार थाना क्षेत्र में अयोध्या जाने वाले मार्गों पर जबरदस्त नाका बंदी है। राम लला के दर्शन के लिए अयोध्या की तरफ बढ़ रहे चार पहिया वाहनों के साथ-साथ रोडवेज की बसों को अयोध्या जाने से रोका जा रहा है या फिर रूट डायवर्ट कर दिया जा रहा है। कूरेभार थाना क्षेत्र के अंतर्गत अयोध्या बार्डर से सटे जमोली चेक पोस्ट, पटना चैराहा, कूरेभार चैक, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के टोल प्लाजा के समीप, कटका बाजार में वाहनों को कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इन जगहों पर पुलिस के जवान मुस्तेदी से डटे है। जिसके चलते अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओ के चक्के थम गई है। बहुत से श्रद्धालु ऐसे भी देखे गए जो पुलिस पर दवाव बनाकर आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे, जिन्हें पुलिस समझा बुझाकर शांत कर रही है। जिसके चलते कुछ श्रद्धाल जगह जगह खुद का लंगर डाल दे रहे है। जबकि कुछ वाहन गांव गली से अयोध्या की तरफ कूच कर रहे है। प्रशासन ने भी इन श्रद्धालुओ के रुकने के लिए कूरेभार क्षेत्र में दर्जनों स्थानो पर रुकने की व्यवस्था दे रहा है। जबकि क्षेत्र के समाजसेवी भी दूर प्रदेशों से पहुँच रहे श्रद्धालुओं जलपान के साथ अन्य व्यवस्थाएं भी दे रहे है। शाम लगभग 4 बजे एसपी कुँवर अनुपम सिंह ने हाइवे पर टोल प्लाजा मुजेश, कूरेभार चौक, जमोली बार्डर पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए जरूरी निर्देश दिया। इसके बाद प्रयागराज से लौट रहे श्रद्धालुओं के लिए हाइवे का रास्ता खोल दिया गया।

डीएम ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

सुलतानपुर। डीएम कुमार हर्ष ने सुलतानपुर-रायबरेली रोड स्थित अंकारीपुर, दूबेपुर में ईवीएम व वीवी पैट वेयर हाउस का जनवरी 2025 का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैलेट यूनिट, कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम, रिजेक्टेड यूनिट कक्ष, वीवी पैट कक्ष, सीसीटीवी कैमरा आदि का अवलोकन किया गया। उक्त वेयर हाउस में विस क्षेत्र- सुलतानपुर, सदर, लम्भुआ, कादीपुर, इसौली निर्वाचन क्षेत्र की ईवीएम एवं वीवी पैट मशीने लॉक के अन्दर संरक्षित हैं। उन्होंने सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाय। इस अवसर पर एडीएम गौरव शुक्ला, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा, एवं मान्यता प्राप्त समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व जिला निर्वाचन कार्यालय के स्टाफगण उपस्थित रहे।

राष्ट्रपिता के सपनों को साकार कर रही सरकार : डॉ. सीताशरण

- गांधी के आदर्शों ने पूरी दुनिया में मनवाया भारत का लोहा

सुलतानपुर (वीओएल)। भाजपाइयों ने महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें भारत के निर्माण के लिए प्रेरणा स्रोत बताया। गुरुवार को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ सीताशरण त्रिपाठी के नेतृत्व व नगर अध्यक्ष रीना जायसवाल के संयोजन में पार्टी पदाधिकारियों ने सुपर मार्केट परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी 77वीं पुण्यतिथि पर नमन किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ सीताशरण त्रिपाठी ने कहा भाजपा सरकार महात्मा गांधी के सपनों को साकार कर रहीं हैं। महात्मा गांधी सादगी की प्रतिमूर्ति थे। उनके आदर्शों ने पूरी दुनिया में भारत का लोहा मनवाया। उन्होंने कहा बापू के स्वदेशी व स्वावलंबन केंद्रित विचार, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के पथ प्रशस्त कर रहे हैं।

भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने कहा महात्मा गांधी की सत्य अहिंसा, और न्याय के उनके मूल्यों को आगे बढ़ाना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। नगर अध्यक्ष रीना जायसवाल ने कहा उनके जीवन आदर्श सम्पूर्ण मानवता को सदैव प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष साहू समाज संजय कुमार गुप्ता, डॉ राम चरित पाण्डे, मंजू तिवारी, सौरभ पाण्डेय और मनीष साहू, अनुज प्रताप सिंह, सभासद देवानंद, अरविन्द यादव, मोहित साहू, प्रदीप मिश्रा, अनुज श्रीवास्तव, शंकर दयाल अग्रहरि, उमाशंकर साहू, रामदेव अग्रहरि अशोक वर्मा आदि मौजूद रहे।

प्रयागराज हाईवे पर फिर लगा लंबा जाम, श्रद्धालुओं को राहत नहीं

अमेठी। प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं। बीते दिन काफी मशक्कत के बाद देर शाम हाईवे को खोला गया था, लेकिन आज फिर हाईवे पर लंबा जाम लग गया है, जिससे सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं। प्रशासन द्वारा हाईवे को धीरे-धीरे खोलकर वाहनों को निकाला जा रहा है।

हाईवे पर फिर जाम : अमेठी से अयोध्या-प्रयागराज हाईवे गुजरता है, जिसे कल प्रयागराज में भारी भीड़ के चलते बंद कर दिया गया था। देर शाम विरोध और प्रयासों के बाद हाईवे को दोबारा खोल दिया गया, जिससे हजारों वाहन प्रयागराज की ओर रवाना हुए। हालांकि, आज सुबह फिर से हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई।

रामगंज थाना क्षेत्र में वाहनों की लंबी कतार : रामगंज थाना क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर एक बार फिर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। दुगार्पुर बाजार से लेकर रामगंज बाजार तक सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं। प्रशासन की ओर से धीरे-धीरे वाहनों को निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

प्रशासन की सतर्कता : प्रयागराज में भारी भीड़ को देखते हुए यातायात को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन मुस्तैद है। श्रद्धालुओं को सुरक्षित प्रयागराज पहुंचाने के लिए वाहनों को धीरे-धीरे निकाला जा रहा है।

चेकिंग के दौरान तीन चोर गिरफ्तार

अमेठी। चेकिंग के दौरान पुलिस ने तीन शातिर अंतर्जनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया है.चोरों के पास से 1 लाख 40 हजार रुपए कीमत का प्लाईवुड और चोरी की घटना में प्रयोग की गई एक पिकअप गाड़ी बरामद हुई है. फिलहाल पुलिस ने सभी चोरों को संबंधित कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है । जनपद के मोहनगंज थाना क्षेत्र के 200 बेड अस्पताल के पास का है. जहां इसी थाना क्षेत्र के बहादुरपुर मजरे रस्तमाऊ गांव का रहने वाला राम मूर्ति सिंह बिल्डिंगों में शटरिंग लगाने का काम करता है. राम मूर्ति की शटरिंग 200 बेड के पास रजनपुर मोड पर लगा हुआ था जहां से 3 दिन पहले अज्ञात चोर 70 कीमती प्लाईवुड लेकर फरार हो गए.घटना के बाद पीड़ित ने पूरे मामले की शिकायत थाने में की जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई। देर शाम पुलिस ने कामापुर टोल प्लाजा के पास से चेकिंग के दौरान एक पिकअप संख्या यूपी 33 अळ 1450 को रोका तो उससे पर बड़ी मात्रा में चोरी की प्लाईवुड बरामद हुई।जबकि उस पर घटना को अंजाम देने वाले कल्लू पुत्र राम आसरे महाराजगंज रायबरेली, रामचंद्र पुत्र घनश्याम थाना मोहनगंज और अरविंद पुत्र सीताराम थाना मोहनगंज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. बरामद प्लाईवुड की कीमत करीब डेढ़ लाख रूपए है.इसके साथ ही पुलिस ने गाड़ी को भी सीज कर दिया है ।घटना में शामिल एक चोर कल्लू के ऊपर अमेठी और रायबरेली में कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं. फिलहाल पुलिस ने सभी चोरों को जेल भेज दिया है ।

फल, शाकभाजी व पुष्प प्रदर्शनी में प्रतिभाग के लिए पांच फरवरी तक करें आवेदन जमा

गौरीगंज, अमेठी। राजभवन प्रागंण, लखनऊ में 7, 8 व 9 फरवरी, 2025 को आयोजित होने वाली प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन प्रस्तावित है। जनपद के इच्छुक कृषकों द्वारा उत्पादित होने वाले उत्कृष्ट कोटि के नमूनों को प्रदर्शनी के नियम व दिशा-निदेशों के अनुसार उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु ऑनलाइन (http://upflowershowlko.com) पोर्टल पर शुल्क जमा करने के पश्चात प्रविष्टि कार्ड प्राप्त कर प्रविष्टि कार्ड के साथ 6 फरवरी को प्रातः 10 बजे तक प्रविष्टियां निर्दिष्ट स्थान पर सीधे राजभवन मे या जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय (कृषि भवन, ताला) को 5 फरवरी, 2025 को अपरान्ह 12 बजे तक उपलब्ध कराकर प्रदर्शनी में लगवा सकते हैं। लगाई गई प्रविष्टियों की जांच निर्णयकों द्वारा उसी दिन पूर्वान्ह 12 बजे प्रारम्भ की जायेगी।

जाम के झाम से निजात के लिए पुलिस के साथ लगे सामाजिक संस्था के कार्यकर्ता

गगोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। कटका क्लब सामाजिक संस्था और महाकाल परिवार संस्थान ने प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर कटका खानपुर में प्रशासन के साथ मिलकर बुधवार रात्रि भर जाम खुलवाने में लगे रहे। इस मौके पर उपस्थित कटका क्लब अध्यक्ष सौरभ मिश्रा विनम्र ने बताया कि पिछले कई दिनों से महाकुंभ के चलते अयोध्या प्रयागराज मार्ग पर श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते जाम की समस्या बनी हुई है, लेकिन बढ़ती भीड़ के कारण जाम की समस्या दूर नहीं हो पाई। जिस कारण से आम लोगों के साथ साथ दुकानदारों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में संस्था ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए जाम छुड़वाने में पुलिस प्रशासन की मदद करने का बीड़ा उठाया। महाकाल परिवार संस्थान के अध्यक्ष दुर्गेश मिश्र ने बताया कि एक जगह से दूसरी जगह आने जाने में ही काफी समय नष्ट हो जाता है। ऐसे में आम जनमानस को चाहिए की रोड पर उतर के नैतिक जिम्मेदारी निभाते हुए जाम को खाली करवाने का काम करें। जिसमें पुलिस प्रशासन हम सभी की पूरी मदद कर रहा है। कटका क्लब का मुख्य उद्देश्य है एंबुलेंस को रास्ता दें और हम सभी इस पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। इस मौके पर गोसाईगंज थाना प्रभारी अखिलेश सिंह, द्वारिकागंज चैकी प्रभारी द्रिबेश त्रिवेदी, मोनू यादव, आदर्श अग्रहरि, के साथ कई युवा जाम खुलवाने में लगे हुए थे।

छोटी जाति में जन्म, फिर भी बड़ा काम 18वीं शताब्दी में दिये धर्म के संदेश

- आरएसएस ने मनाया अहिल्याबाई होलकर का त्रिशताब्दी वर्ष

अमेठी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने गुरुवार को माता अहिल्याबाई होलकर का जन्म त्रिशताब्दी वर्ष मनाया। सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में आरएसएस के काशी प्रांत के बौद्धिक शिक्षा प्रमुख मिथिलेश नारायण मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। मिथिलेश नारायण ने अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला और लोगों को प्राचीन भारतीय संस्कृति के मूल्यों के अनुरूप आचरण और कार्य व्यवहार के संदेश दिए।

मिथिलेश नारायण ने बताया कि अहिल्याबाई का जन्म छोटी जाति में हुआ था, फिर भी मालवा के राजा ने उनसे शादी की। उन्होंने समाज के लोगों को आपस में ऊंच-नीच की भावना को त्यागकर एक साथ रहने का संदेश दिया था। महिलाओं को सामाजिक कार्यों से जोड़ने के लिए उन्होंने राष्ट्र सेविका

समिति नामक संगठन की स्थापना की थी। अपने शासनकाल के दौरान उन्होंने कई मंदिरों का निर्माण कराया। ध्वस्त हुए काशी विश्वनाथ मंदिर का भी निर्माण कराया। अहिल्याबाई होलकर को पूर्व जन्म में ब्रह्मा की मानस पुत्री माना जाता है। उन्होंने मालवा साम्राज्य के शासक के रूप में इंदौर में तीस वर्षों तक शासन किया और 18वीं शताब्दी में धर्म का संदेश दिया। कार्यक्रम में के पी एस स्कूल तारापुर, सरयू देवी सरस्वती विद्या मंदिर और डी पी एस पब्लिक स्कूल रामगंज की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में एक स्कूल के संचालक की पत्नी अर्चना पाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में महिला अभिभावकों की उपस्थिति अच्छी रखने के आयोजन समिति के प्रयास फेल रहे। मंच पर जिला सरसंघचालक रणजीत भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिपंअध्यक्ष राजेश अग्रहरि, भाजपा जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र, जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ल, आचार्य संजय सोनी, रवि प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

शिक्षकों का बीईओ रोहनिया ने किया सम्मान

- बीईओ रोहनिया की नई पहल स्टार टीचर आफ मंथ के शिक्षकों का बढ़ाया मान

रायबरेली। रोहनिया बीआरसी में गुरुवार को जनवरी 2025 की बीईओ हेडमास्टर बैठक का आयोजन किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी डा0 सत्य प्रकाश यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समस्त प्रधानाध्यापक उपस्थिति रहे। इस मौके पर बच्चों की शत उपस्थिति पर उन्हें सम्मानित किया गया। इसके साथ ही नई पहल के साथ में स्टार टीचर आफ मंथ के तहत सम्मानित किया है।

खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश यादव ने निपुण भारत मिशन पर समस्त प्रधानाध्यापकों से चर्चा की। निपुण डैशबोर्ड की सहायता से विद्यालयवार समीक्षा की गई और नेशनल डी वर्किंग डे 10 फरवरी को शत प्रतिशत लाभार्थी को एलबेन्डाजाल टैबलेट खिलाने के आवाहन किया गया। एआरपी विनोद कुमार तिवारी ने संदर्शिका आधारित शिक्षण, शिक्षक डायरी, ट्रैकर और शिक्षण अधिगम सामग्री के विद्यालय में नियमित प्रयोग पर चर्चा की। एआरपी अनुराग वर्मा ने माह फरवरी 2025 में प्रस्तावित निपुण एसेसमेंट की विद्यालय स्तरीय तैयारी और विद्या प्रवेश कार्यक्रम 2025 पर जानकारी साझा की। कम्प्यूटर ऑपरेटर उमेश कुमार ने यू डायस और अपार आई डी पर तकनीकी जानकारी साझा की। बैठक के अन्त में शत प्रतिशत छात्र उपस्थिति के लिए प्राथमिक विद्यालय छिपिया की प्रधानाध्यापक रेखा सिंह व स्कूल आफ मंथ के लिए अखिलेश कुमार तिवारी, विकास शुक्ला, यति राज सिंह, मोहम्मद अनवर, आशीष कमल, संदीप सिंह, कुलश्रेष्ठ सिंह और विवेक यादव को सम्मानित किया गया।

स्टार टीचर आफ मंथ के लिए विनय कुमार मिश्रा, शुभा तिवारी, शिवनाथ यादव, नीतू सिंह कुशवाहा, मंजू यादव, अमित कुमार शुक्ला, राजेश कुमार सिंह, राम शरण, रोहिणी शुक्ला, मनीष प्रताप सिंह, गौरव कुमार पांडेय और भानु प्रताप को सम्मानित किया गया।

शिक्षक समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन

जौनपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल शिक्षक समस्याओं को लेकर प्रदेश पदाधिकारियों प्रदेश संरक्षक रमेश सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर राकेश सिंह, प्रदेश मंत्री डॉक्टर प्रमोद कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिलाविद्यालय निरीक्षक से मिलकर शिक्षकों की समस्याओं सम्बंधित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि बीते 15 जनवरी को शिक्षक समस्याआं से सम्बंधित ज्ञापन की समीक्षा करते हुए जिलाविद्यालय निरीक्षक से जानना चाहा कि कितनी समस्याओं का समाधान अब तक करा दिया गया और कितना शेष है तथा कब तक शत प्रतिशत निस्तारण हो जाएगा।

जिलाविद्यालय निरीक्षक ने पटल सहायक को बुलाकर निर्देश देते हुए एक सप्ताह के अन्दर सभी समस्याओं का निराकरण कराने का आश्वासन संघठन को दिये। ज्ञापन को सौपते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर राकेश सिंह एवं प्रदेश मंत्री डॉक्टर प्रमोद कुमार श्रीवास्तव सहित जिलाध्यक्ष तेरस यादव ने अवगत कराया कि परिषदीय परिक्षाओं में सह केन्द्र व्यवस्थापक के रूप में तैनात शिक्षकों की ड्यूटी सुदूर विद्यालयों में लगा दी जाती है जिससे उन्हें बहुत ही परेशानी उठानी पड़ती है।

जिलाविद्यालय निरीक्षक सभी समस्याओ से अवगत होते हुए संघठन को आश्वस्त किये कि सभी समस्याओ का समुचित समाधान सुनिश्चित किया जायेगा। मण्डल अध्यक्ष सरोज कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अतुल कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी राजेश सिंह, कोषाध्यक्ष हसन सईद, ओमप्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

नगर पंचायत की स्थापना दिवस के पावन अवसर पर, हुए विभिन्न कार्यक्रम

लालगंज, रायबरेली। नगर पंचायत लालगंज के 90वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता के द्वारा शिव काशी जाप का आयोजन किया गया जिसमे पूजा पाठ के उपरांत प्रसाद वितरण कर नगर के चहुंमुखी विकास एवं नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य की मंगल कामना की गयी। कार्यक्रम के अवसर पर बोलते हुए अध्यक्ष श्रीमती गुप्ता ने कहा कि नगर की जनता की सेवा करना ही उनका पहला कर्तव्य है। नगर के सर्वांगीण विकास के लिए वह सदैव कटिबद्ध रहेगी। वास्तव में जब से श्रीमती सविता गुप्ता ने लालगंज नगर पंचायत की बागडोर संभाली है। महिला होने के बावजूद हुए स्वयं विकास कार्यों में रुचि ले रही हैं और हर कार्यक्रमों में उनकी सहभागिता रहती है। जहां तक लालगंज नगर के विकास की बात करें तो दशकों से खराब पड़ी दलित बस्ती बरदाही रोड का निर्माण शुरू करा कर अध्यक्ष श्रीमती गुप्ता ने सराहनीय कार्य किया है जिसकी दलित बस्ती के लोग मुक्त कंठ से सराहना कर रहे हैं। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपेंद्र कुमार गुप्ता ब्रांड एम्बेस्डर एस बी एम, भाजपा नेता रवीन्द्र सिंह, शिव शंकर मिश्रा, वीरेंद्र यादव, मनोज दीक्षित, सभासद बबलू तिवारी, दीपक मिश्रा, श्रीमती सीमा, अतुल शर्मा, कार्यालय कर्मचारीगण एवं जीतू सिंह, कुलदीप अग्रहरि आदि मौजूद रहें।

सीमेंट से लदा ट्रक पलटा, बाल-बाल बचे ड्राइवर व खलासी

नसीराबाद, रायबरेली। गुरुवार की सुबह करीब सात बजे सलोन-जायस मार्ग पर धरई चैराहे के समीप सीमेंट से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर रोड के किनारे खंथी में पलट गया। ड्राइवर व खलासी तथा लेबर बाल बाल बचे। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने राहत व बचाव कार्य किया। ट्रक नंबर यूपी 36 टी 0874 जैसे ही उनका ट्रक परसदेपुर से जायस सलोन मार्ग धरई चैराहे के पुल के पास पहुंचा तो परशदेपुर की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार पिकप को बचाने के चक्कर में रोड के किनारे खंथी में गिरकर पलटने से उसकी गाड़ी अनियंत्रित हो गई और पुल की रेलिंग तोडते हुए गहरी खंथी मे गिरकर कर पलट गया। डाईवर राजू ने बताया कि किसी तरह उन लोगों की जान बच गई है। सीमेट उतारने वाले मजदूर बाल बाल बच गए। थाना प्रमारी कमलेश कुमार ने बताया सीमेट लदा एक ट्रक पलट गया है, मौके पर पहुंचकर ड्राइवर व खलासी तथा लेबर की सहायता की गई।

कार्यकारी अधिकारी का जनपद भ्रमण आज

अमेठी। आईएएस मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. हीरालाल, स्टेट लेविल नोडल एजेन्सी भू-मित्र भवन, गोमती नगर लखनऊ का एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम 31 जनवरी को प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम के तहत जनपद अमेठी में 11 बजे से 1 बजे तक डब्लूडीसी-1 व 2 परियोजना क्षेत्र के तहत उप कृषि निदेशक, परियोजना प्रबन्धक/भूमि संरक्षण अधिकारियों एवं नियंत्रणाधीन कर्मचारियों के साथ परियोजनान्तर्गत कराये जा रहे विकास कार्यो के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक में सम्मिलित होंगे। तदोपरान्त 2 से 4 बजे तक परियोजनान्तर्गत कराये गये विकास कार्यो का स्थलीय निरीक्षण करने के उपरान्त जनपद अमेठी से जनपद लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

साक्षात्कार में पूछे जाने वाले प्रश्नों की दी जानकारी

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान में रज्जू भैया इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल साइंसेज के रसायन विज्ञान विभाग के डॉ. नितेश जायसवाल ने सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल और इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा आयोजित एक विशेष व्याख्यान में छात्रों को साक्षात्कार में पूछे जाने वाले प्रमुख प्रश्नों की जानकारी दी। सत्र अपरान्ह 3 बजे तक चला, जिसमें उन्होंने मौलिक, कार्बनिक, भौतिक और औद्योगिक रसायन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्नों पर चर्चा की। इसके अलावा, अनुसंधान, प्रयोगशाला तकनीकों और आधुनिक विश्लेषणात्मक विधियों जैसे कि स्पेक्ट्रोस्कोपी और क्रोमैटोग्राफी की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला। डॉ. जायसवाल ने छात्रों को व्यावहारिक कौशल, गहन अध्ययन और उद्योग आवश्यकताओं पर ध्यान देने की सलाह दी, ताकि वे साक्षात्कार में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस दौरान छात्रों ने अपने सवाल पूछे और करियर मार्गदर्शन प्राप्त किया। संस्थान के प्लेसमेंट सेल ने छात्रों की भागीदारी को सराहा और भविष्य में इस तरह के और सत्र आयोजित करने की बात कही। प्रो. अविनाश डी. पाथर्डिकर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने डॉ. नितेश जायसवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सत्र छात्रों के लिए अत्यंत लाभदायक रहा और भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता बनी रहेगी। कर्यालय प्रभारी श्याम त्रिपाठी एवम् प्लेसमेंट सेल के मुख्य छात्र सदस्य आदित्य पांडे, दिव्यांशु संजय, रुद्रांश चतुवेर्दी, श्रेया मिश्रा, शिवांश श्रीवास्तव, हरी ओम साहू, आर्यन पाण्डेय, आयुष गुप्ता एवम् आदि छात्र उपस्थित रहे।

राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

रायबरेली। न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शहीद दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने विद्यार्थियों व शिक्षकों के साथ महात्मा गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। छात्र अभिजीत ने अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी के जीवन दर्शन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि महात्मा गांधी ने देश की आजादी के लिए जीवन भर संघर्ष किया और अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को आजादी दिलाई, उन्होंने सर्वधर्म समभाव, समानता और सादगी का संदेश दिया। 30 जनवरी 1948 में एक प्रार्थना सभा के लिए जाते समय उन्हें गोली मार दी गयी, जिसके बाद से आज के दिन को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानाचार्य ने कहा कि देश ही नहीं पूरी दुनिया को सत्य और अहिंसा का सन्देश देने वाले

गांधी जी भारतवर्ष की आत्मा में बसे हैं, पूरा विश्व उनके आदर्शों से प्रेरणा लेता है। उन्होंने सत्य, अहिंसा और निडरता की शक्ति से हमें परिचित कराया जिससे बड़े से बड़े साम्राज्य की जड़ें हिलाई जा सकती हैं, साथ ही उन्होंने गांधी जी के तीन बंदरों की प्रतीकात्मक शिक्षा श्किसी की बुराई मत करो, किसी की बुराई मत देखो और किसी की बुराई मत सुनों श से प्रेरणा लेने की बात कही। आज के दिन हम सिर्फ महात्मा गाँधी को ही नही बल्कि उन शहीदों को भी याद करते है जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए और देश के लिए स्वतंत्रता, न्याय और समानता की लड़ाई लड़ी।

इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, पिंकी जायसवाल, अभिषेक, रश्मी साहू, अर्पणा बाजपेई, रश्मी सिंह, राममिलन, अतुल पांडेय, संकल्प मिश्रा, देवेंद्र तिवारी, अभिषेक भारद्वाज, आदित्य, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं ने गांधी जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करत्उनको सादर नमन किया। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका दिव्या बलेचा ने बापू जी के जीवन से संबंधित अनेक रोचक एवं प्रेरक प्रसंगों से बच्चों को अवगत कराते हुए कहा कि गांधी जी जैसा व्यक्तित्व शायद ही धरती पर कभी जन्म ले। जिन्होंने बिना अस्त्र-शस्त्र उठाए अहिंसा के बल पर देश की आजादी में अहम भूमिका निभाई। राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि को कांग्रेस ने शहीदी दिवस के रूप में मनाया, कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में उनके चित्र पर एवं महात्मा गांधी इंटर कालेज स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

संक्षेप

वैवाहिक समारोह से लौट रहे दो चचेरे भाइयों की मौत

मथुरा। कोसी-नंदगांव रोड पर गांव सुरवारी के समीप वैवाहिक कार्यक्रम से भाग लेकर लौट रहे बाइक सवार दो चचेरे भाई ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गये। हादसे में दोनो की दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंच गये। मिली जानकारी के अनुसार नंदगांव के ज्ञान का थोक निवासी शेर सिंह अपने चचेरे भाई राधेश्याम के साथ बुधवार देर शाम गांव हताना में एक वैवाहिक समारोह से भाग लेकर लौट रहे थे। जैसे ही वह नंदगांव रोड पर गांव सुरवारी के समीप पहुंचे तो उनकी बाइक एक ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना को देख वहां आसपास के लोग एकत्रित हो गए। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां दोनों ने दम तोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतकों के शवों का पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गये।

किशोरी की हार्ट अटैक से हुई मौत

मथुरा। थाना जैत के कस्बा चैमुहां में हाइवे स्थित आम्रपाली सोसाइटी में नहाते वक्त 16 वर्षीय किशोरी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मृतिका डीपीएस पब्लिक स्कूल की छात्रा थी। थाना जैत के कस्बा में आम्रपाली सोसाइटी में एक 16 वर्षीय किशोरी पिता ने जानकारी देते बताया की बेटी रितु वर्मा 16 वर्ष गुरुवार की दोपहर एक बजे मृतक छात्रा का की बाथरूम में नहाते वक्त हृदय गति फाइल फोटो रुकने से मौत हो गई। मृतक छात्रा के बाथरूम में नहा रही थी। नहाने के बाद जैसे ही वह बाहर निकली तभी अचानक गिर पड़ी। आनंद फानन में उसे केडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता बृजेश वर्मा संस्कृति विद्यालय में पुस्तकालय हेड लाइब्रेरी में नौकरी करते हैं। परिवार के साथ 3 साल पहले बच्चों के साथ अंबेडकर नगर गांव बबीना से मथुरा आए थे जहां उनकी बेटी रितु डीपीएस स्कूल में कक्षा 9 की छात्रा थी। जिसकी हार्ट अटैक से मौत हो गई। वहीं पुलिस ने गुरुवार 2.00 बजे शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

श्वेता गोस्वामी ने दिया महिलाओं को प्रशिक्षण

मथुरा। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र ने अवगत कराया है कि सीडीओ के निदेर्शानुसार जनपद मथुरा के कलेक्ट्रेट सभागार में निर्मल इनिशिएटिव वृन्दावन की अध्यक्ष सुश्री स्वेता गोस्वामी द्वारा महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम-2013 के अन्तर्गत कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम के संबंध में जनपद मथुरा के सरकारी कार्यालयों में गठित आंतरिक परिवाद समितियों के अध्यक्ष / समितियों के साथ एक दिवसीय कार्यशाला आयोजन किया गया। इस दौरान वहाँ उपस्थित अध्यक्ष / समितियों के सदस्यों को सरकारी कार्यालयों में गठित आंतरिक समितियों की क्षमता सम्वर्द्धन तथा पी. ओएसएच कानून का महत्व, आंतरिक शिकायत समिति का निर्माण, मीटिंग-रजिस्टर कैसे बनाए, शिकायतों को कैसे लिखा जाए, वार्षिक रिपोर्टिंग प्रणाली एवं लैंगिक पूर्वाग्रहों को कैसे चुनौती दी जाय आदि से सम्बन्धित विस्तृत प्रशिक्षण एवं जानकारी प्रदान की गयी है।

राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि पर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान शुरू

मथुरा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ हुआ। जागरूकता अभियान के तहत बृहस्पतिवार को सीएमओ कार्यालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा, डीसीपीएम डॉ. पारुल शर्मा व अर्बन कोऑर्डिनेटर फौजिया खानम ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कुष्ठ निवारण दिवस पर शुरू हुए अभियान में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने कुष्ठ उन्मूलन के लिए शपथ ग्रहण की। इसके बाद जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया साथ ही जिलाधिकारी का संदेश पढ़ा गया।

सीडीओ ने बताया कि स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा। इस वर्ष के लिये निर्धारित थीम आइए मिलकर जागरूकता फैलाऐं, भ्रातियों को दूर भगायें, कुष्ठ प्रभावित कोई पीछे छूट न जायेहै। कुष्ठ रोग के बारे में जागरूकता और ज्ञान का अभाव कलंक, भेदभाव की ओर ले जाता है जिसके कारण कुष्ठ के संचरण और उपचार से संबंधित गलत धारणाएं समाज में फैलती हैं। इस वर्ष भी कुष्ठ निवारण दिवस पर 14 दिवसीय कुष्ठ पखवाड़े का आयोजन स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के रूप में किया जाएगा। जागरूकता ही बीमारी से लड़ने का सबसे अच्छा तरीका है। सीएमओ ने बताया कि अभियान के तहत जनपद की सभी ग्राम सभाओं में बैठक का आयोजन करते हुए पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, महिला और बाल विकास, सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, समुदाय आधारित संगठन, गैर सरकारी संस्थान, स्वयं सहायता समूह के सहयोग व समन्वय से कुष्ठ रोग के उन्मूलन के लिए समाज में जागरूकता लाई जाएगी। नगर क्षेत्र में विद्यालयों, नगर निगम, आदि मेंडीएम का संदेश पढ़ा जाएगा। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. वीडी गौतम ने बताया माइकोबैक्टेरियम लेप्री नामक जीवाणु से कुष्ठ रोग होता है। इस रोग में मरीज के हाथों पैरों की परिधीय तंत्रिका, त्वचा, नाक की श्लेष्मा और ऊपरी श्वसन तंत्र प्रभावित होता है। डॉ. वी.डी गौतम ने बताया कि ने कि कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कुष्ठ मुक्त भारत का सपना साकार करने के लिए कुष्ठ रोगियों के परिवार के स्वस्थ व्यक्तियों व उसके आस-पास के 10 घरों के स्वास्थ व्यक्तियों को कुष्ठ रोग से सुरक्षित रखने के लिए रिफामपसिनकी सिगल सुपरवाइज्ड डोज देना प्रारंभ किया गया है।

राष्ट्रपिता की शहादत बन गयी है शक्ति : जिला अध्यक्ष कांग्रेस

मथुरा। जिला कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और कांग्रेसियों के द्वारा बताया गया की किस प्रकार से देश में अराजक शक्तियां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को चकनाचूर करने में लिप्त है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कार्यकारी जिला अध्यक्ष चैधरी भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की शहादत देशवासियों की शक्ति बन गई है वर्तमान में देश महात्मा गांधी के हत्यारे की मानसिकता के लोग सत्ता पर कायम है जिसके चलते देश में ना संविधान है और ना ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपने सच हो रहे हैं यह लोग संविधान को तो खत्म कर ही रहे बल्कि संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को भी खत्म करने का प्रयास कर रहे हैं उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसा कभी नहीं होने देगी वह पूरे 1 वर्ष के लिए पूरे जनपद में ऐसा अभियान चला रहे हैं कि जनपद का बच्चा-बच्चा भारतीय जनता पार्टी के दोहरे चरित्र को जान जाएगा। आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के नेता राजू अब्बासी की मां तथा जिला महामंत्री जयप्रकाश पाठक की

पुत्री एमबीबीएस की छात्रा स्नेहा पाठक को शोक श्रद्धांजलि दी गई इस दौरान कार्यक्रम में यह लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दुर्गेश बघेल चैधरी युद्धवीर सिंह रामबीर सिंह मास्टर लोकेश शर्मा अशोक शर्मा महेश चैबे दीपक पाठक डा विजय सिंह नारायन रोशन लाल बंन्टी सिद्दीकी गिर्राज सिंह छोकर अखलाक चैधरी सलमान चैधरी गुड्डू अब्बासी विजय सिंह लोधी चिरागबुद्दीन हर्ष चैधरी राखी चैहान, चैधरी भगवान सिंह वर्मा, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष, चन्द्र मोहन जयसवाल आदि मौजूद रहे।

जनसंघ के समय से जुड़े भाजपा कार्यकर्ता का किया स्वागत

टूंडला। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई का जन्म शताब्दी वर्ष अभियान उनके जन्मदिवस 25 दिसंबर 2024 से 25 दिसंबर 2025 तक मनाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में अटल जन्म शताब्दी वर्ष अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी जिला फिरोजाबाद के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने जनसंघ के समय से कार्य कर रहे पचोखरा मंडल के ग्राम कोटकी के निवासी श्याम सिंह पिप्पल का शॉल माला व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। स्वागत के समय जिला उपाध्यक्ष हनुमंत बघेल, भाजयुमो जिला अध्यक्ष आकाश शर्मा, वार्ड नंबर 18 से जिला पंचायत सदस्य सीमा धनगर पचोखरा मंडल प्रभारी वीरेंद्र प्रताप सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्प संख्यक मोर्चा सचिन जैन, उपेंद्र बघेल महावीर बघेल आदि लोग उपस्थित रहे।

गृहकर जमा न करने पर क्राइस्ट द किंग स्कूल के ऑफिस को किया सील

टूंडला। नगर के क्राइस्ट द किंग इंटर कॉलेज द्वारा गृहकर जमा न करने पर गुरुवार को एसडीएम टूंडला के निर्देश पर राजस्व टीम बकाया ग्रहकर वसूलने कॉलेज पहुंची जहां कॉलेज प्रिंसिपल ने राजस्व टीम की बातों को अनसुना कर दिया और गृहकर जमा नहीं कराया और स्कूल से चले गए जिस पर एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार टूंडला ने राजस्व टीम के साथ कॉलेज पहुंचकर कॉलेज के ऑफिस को सील किया गया। तहसीलदार ने बताया कि स्कूल पर लगभग 2लाख 81 हजार रुपए का गृहकर बकाया है। जिसे जमा करने को राजस्व टीम द्वारा बार बार अवगत कराया जा रहा था गृहकर जमा न करने पर गुरुवार को राजस्व टीम कॉलेज पहुंची पर प्रिंसिपल ने उनकी बातों को अनसुना कर दिया पुनः राजस्व टीम द्वारा स्कूल पहुंचने पर प्रिंसिपल स्कूल से नदारद हो गए जिसपर एसडीएम के निर्देश पर कॉलेज के ऑफिस को सील किया गया है। नगर के विख्यात कॉलेज द्वारा गृहकर जमा न करने पर तहसील प्रशासन द्वारा की गई इस कार्यवाही से नगर में खूब चर्चा रही।

गौरी रेस्टोरेंट पर नाबालिग की मां ने किया हंगामा, बिना आईडी दिया जाता है रूम

टूंडला। नगर में कुकुरमुत्तों की तरह जगह जगह संचालित होटलों में नियमों को ताक पर रखकर बिना आधार कार्ड के खुलेआम नाबालिग स्कूली छात्र छात्राओं को रूम उपलब्ध कराये जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला थाने से चंद कदम की दूरी पर स्टेशन रोड स्थित गौरी रेस्टोरेंट पर देखने को मिला जहां एक मां ने नाबालिग छात्रा लड़की को रेस्टोरेंट में फिरोजाबाद के नाबालिग लडके के साथ पकड़ा मां द्वारा होटल पर हंगामा करने पर होटल के कमरों से दो तीन जोड़े अन्य नाबालिग भी निकलते हुए देखे गए। गुरुवार दोपहर को एक नाबालिग लड़की फिरोजाबाद निवासी नाबालिग लड़के के साथ गौरी रेस्टोरेंट पर पहुंचे जिसकी सूचना किसी परिचित ने लड़की की मां को दी लड़की की मां गौरी रेस्टोरेंट पर पहुंची और लड़की को होटल से बरामद कर खूब हंगामा किया हंगामा होने पर होटल से अन्य नाबालिग जोड़े बाहर निकल भागते हुए दिखे लड़की की मां ने बताया कि उसकी नाबालिग लड़की हाई स्कूल की छात्रा है घर से ट्यूशन पढ़ने के लिए गई थी उसे लड़की के होटल पर लड़के के साथ आने की सूचना मिलने पर वह होटल आई जहां उसकी लड़की यहां मिली वहीं नाबालिग लडके ने बताया कि बिना आधार कार्ड के उन्हे रूम उपलब्ध कराया गया था। वहीं हंगामा होने पर रेस्टोरेंट के बाहर काफी भीड़ लगी रही जिसको लेकर नगर में काफी चचाएं हो रही है कुछ प्रत्यक्षदशीयो ने बताया कि नगर में जगह जगह खुले इन होटलों में नाबालिगों को पैसा लेकर बिना आईडी के रूम उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिससे युवा पीढ़ी गलत रास्ते पर जा रही है। मामले को लेकर थाना प्रभारी अंजिश कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है अगर कोई सूचना उनको मिलती है तो कार्यवाही की जाएगी।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति का आंदोलन पहुंचा निर्णायक दौर के प्रवेश द्वार पर

मथुरा। भगवान श्री कृष्ण के विशाल मंदिर को तोड़ करके मूल गर्भ गृह स्थल पर विधर्मियों ने बनाई मस्जिद को हटा कर फिर से एक भव्य नव्य मंदिर निर्माण का आंदोलन अपने निर्णायक दौर में प्रवेश करने के मुहाने पर आ गया। महाकुंभ नगर में एक फरवरी को श्रीमद् जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी राजेश्वरीमाऊली सरकार के सेक्टर-16 स्थित पंडाल में महासंवाद में एक बड़ा ऐलान भी हो सकता है। श्रीकृष्ण जन्म भूमि मुक्ति न्यास बैनर तले महाकुंभ में अब तक करीब सवा करोड़ लोगों ने अपने हस्ताक्षर किए हैं। यह अभी जारी है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष और श्री कृष्ण जन्मभूमि केस के वादी महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने बताया 11 जनवरी को भगवान श्रीकृष्ण के मूल जन्म स्थल (जहां पर वर्तमान में शाही ईदगाह मस्जिद बनी हुई है) को मुक्त कराने को जिस अभियान की शुरूआत श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मुख्य द्वार से की गई थी, वह तीर्थराज प्रयाग में चल रहे कुंभ में अपने चरम पर पहुंच गया। आज तक करीब सवा करोड़ लोगों ने अपने हस्ताक्षर कर श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति के लिए चलाए जा रहे आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन दिया है। यह सिलसिला यहीं पर ठहरने वाला नहीं है, न्यास के अपने लक्ष्य को हासिल करके ही थमेगा। इसी क्रम में एक फरवरी को श्रीमद् जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी राजेश्वरीमाऊली सरकार के सेक्टर-16 स्थित पंडाल में महासंवाद होगा। महाकुंभ में साधु महात्मा, महामंडलेश्वर, जगद्गुरु और शंकराचार्यों ने महासंवाद में शामिल होंगे। सभी से भेंटवार्ता कर महासंवाद के मूल विषय पर गहन मंथन किया गया है। संतो से भेंट वार्ता का क्रम जारी है। उन्होंने बताया, महाकुंभ में देश विदेश के संत इस महासंवाद में शामिल होंगे। महासंवाद में श्री कृष्ण जन्म भूमि की मुक्ति को लेकर कोई बड़ा ऐलान भी हो सकता है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने महासंवाद में श्री कृष्ण जन्म की मुक्ति के आंदोलन के अगले चरण का आधारशिला भी रखी जाएगी। उन्होंने बताया, जिन सवा करोड़ लोगों न अपने हस्ताक्षर किए हैं, उन्होंने यह भी संकल्प लिया है कि वह अपने अपने निवास और कार्यक्षेत्र में भगवान श्री कृष्ण जन्म भूमि की मुक्ति को जन आंदोलन खड़ा करने का कार्य करेंगे।

डीएम ने बसंत पंचमी व लट्ठामार होली को लेकर किया बरसाना का निरीक्षण

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बसंत पंचमी / आगामी होली तथा विश्व प्रसिद्ध बरसाना की होली / लट्ठमार होली के दृष्टिगत बरसाना का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने रंगीली चैक तथा आस पास की प्रमुख गलियों का जायजा लिया। उन्होंने रंगीली गली के आवागमन मार्गों का बारीकी से निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने रंगीली चैक में ब्रज की कला से संबंधित विभिन्न कलाओं से पेंटिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गलियों तथा रंगीली चैक को सजाने के साथ साथ नियमित पेंटिंग कराते रहे।

जिलाधिकारी रोप-वे के माध्यम से श्री राधा रानी जी मंदिर पहुंचे। उन्होंने श्री राधा रानी मंदिर के दर्शन किए तथा मंदिर की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सम्पूर्ण मंदिर का जायजा लिया। प्रवेश व निकास द्वारों को देखा। मंदिर को आने वाले विभिन्न मार्गों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने मंदिर के आस पास गंदगी देखकर नाराजगी जाहिर की। जिलाधिकारी ने मंदिर के आस पास के क्षेत्र में अभियान चलाकर सफाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी को बरसाना नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि पदम फौजी ने अवगत कराया कि मंदिर के आस पास जाली लगाने के कार्य का टेंडर हो गया है तथा शीघ्र जाली लगाने का कार्य प्रारम्भ हो जाएगा। जिलाधिकारी दर्शन के पश्चात सीढ़ियों के माध्यम से नीचे उतरे तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीढ़ियों के रास्ते पर आने वाली झाड़ियों तथा आस पास की झाड़ियों को साफ कराया जाए। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने अधिकारियों की निर्देश दिए कि आगामी पर्वों के दृष्टिगत स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की व्यवस्था को सुदृढ़ रखा जाए, जिससे आने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना न करना पड़े। बरसाना नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि पदम फौजी को निर्देश दिए कि बरसाना की विभिन्न प्राइवेट पार्किंग की साफ सफाई कराए तथा उन्हें समतल कराए। उप जिलाधिकारी गोवर्धन को निर्देश दिए कि सिंचाई विभाग से समन्वय कर नहर में जलकुंभी की सफाई कराई जाए। निरीक्षण में उप जिलाधिकारी गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव, सी.ओ. गोवर्धन आलोक सिंह, तहसीलदार गोवर्धन मनीष कुमार, बरसाना नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि पदम फौजी आदि उपस्थित रहे।

रिफाइनरी ने करवाया प्रा. विद्यालय का निर्माण

सी.एस.आर निधि से करवाया नवीन कक्षों का निर्माण

मथुरा। शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रिफाइनरी ने सी एस आर निधि से कस्बा बाद में प्राथमिक विद्यालय के लिए दो क्लास रूम का निर्माण करवाया है, इन कक्षाओं का उदघाटन आज श्री अजय कुमार तिवारी, कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख ने किया। इसके साथ ही बच्चों के विकास और तकनीकी ज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो कम्प्युटर भी स्कूल को भेंट किए।

कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए स्कूल की प्रधानाध्यापिका श्रीमति नीरज मथुरिया ने मथुरा रिफाइनरी की सराहना की और इस कार्य में स्कूल को दिये सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। विद्यालय के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सभी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। रिफाइनरी द्वारा प्रदत्त कंप्यूटर पाकर सभी बच्चे बड़े उत्साहित हुए और अपने अच्छे प्रदर्शन के लिए कटिबद्ध हुए। मथुरा रिफाइनरी ने हर कदम पर बृजवासियों का साथ दिया है और सदैव ही जिले के विकास कार्यों के लिए रिफाइनरी अग्रणी रही है। रिफाइनरी ने अपनी शुरूआत से ही पर्यावरण प्रबंधन और सामाजिक कल्याण के प्रति संकल्पित है और भविष्य में भी ये प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

24 अवतारों की कथा सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

वृंदावन। श्री राधा किशोरी सेवा धाम आश्रम में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन कथा वाचक महामंडलेश्वर स्वामी इन्द्रदेव महाराज ने शुकदेव जन्म, परीक्षित श्राप और अमर कथा का वर्णन करते हुए बताया कि नारद जी के कहने पर पार्वती जी ने भगवान शिव से पूछा कि उनके गले में जो मुंडमाला है वह किसकी है तो भोलेनाथ ने बताया वह मुंड किसी और के नहीं बल्कि स्वयं पार्वती जी के हैं। हर जन्म में पार्वती जी विभिन्ना रूपों में शिव की पत्नी के रूप में जब भी देह त्याग करती शंकर जी उनके मुंड को अपने गले में धारण कर लेते। शिव-पार्वती के अलावा सिर्फ एक तोते का अंडा था जो कथा के प्रभाव से फूट गया उसमें से श्री शुकदेव जी का प्राकट्य हुआ। वहां से शुकदेव जी व्यास जी के आश्रम में पहुंचे और उनकी पत्नी के गर्भ में प्रविष्ट हो गए। 12 वर्ष बाद श्री शुकदेव जी प्रकट हुए। उन्होंने बताया कि भगवान की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बताती है। राजा परीक्षित के कारण भागवत कथा पृथ्वी के लोगों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि भागवत के चार अक्षर इसका तात्पर्य यह है कि भा से भक्ति, ग से ज्ञान, व से वैराग्य और त त्याग जो हमारे जीवन में प्रदान करे उसे हम भागवत कहते है। इसके साथ साथ भागवत के छह प्रश्न, निष्काम भक्ति, 24 अवतार श्री नारद जी का पूर्व जन्म, परीक्षित जन्म, कुन्ती देवी सुख में भी विपत्ति की याचना करती है क्योंकि दुख में ही तो गोविन्द का दर्शन होता है। जीवन की अन्तिम बेला में दादा भीष्म गोपाल का दर्शन करते हुये अद्भुत देह त्याग का वर्णन किया। साथ साथ परीक्षित को श्राप कैसे लगा तथा भगवान श्री शुकदेव उन्हे मुक्ति प्रदान करने के लिये कैसे प्रगट हुये इत्यादि कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। भक्ति और मुक्ति प्राप्त कराता है। उन्होंने इस अवसर पर खुशी राम पांचाल बिमला देवी, सुरिंदर गर्ग, सुजाता दसवानी, गगन कुमार, दीपक महाराज, प्रेम सिंह, सोनू यादव, महेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

वैष्णो देवी मंदिर में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

टूंडला। थाना टूंडला क्षेत्र अंतर्गत उसायनी स्थित मां वैष्णो देवी धाम मंदिर में बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया जहां से अज्ञात चोर मंदिर के सोने के आधा दर्जन ताला तोड़कर मुकुट, आभूषण, चांदी की मूर्ति और कई दान पात्र ले उड़े चोरी की घटना की सूचना मिलने पर पुलिस के आला अधिकारी पुलिस फोरेंसिक टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुटी है। बुधवार रात्रि जनपद फिरोजाबाद के थाना टूण्डला क्षेत्रान्तर्गत उसायनी स्थित वैष्णो माता मंदिर पर हुई चोरी की घटना पर तत्काल उच्चाधिकारियों द्वारा मय फील्ड यूनिट टीम के मौके पर पहुँचकर भौतिक निरीक्षण करते हुए मंदिर कमेटी की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर घटना के खुलासे हेतु तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया जहां अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि घटना का सीसीटीवी फुटेज आदि के आधार पर चोरी की घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा। इस दौरान एसडीएम टूंडला सीओ टुंडला ने भी मौके पर पहुंचे और घटना का शीघ्र खुलासा करने की बात कही पूरी घटना को लेकर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के तहत पुलिस ने उतरवाये लाउडस्पीकर

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में ध्वनि प्रदूषण विनियमन एवं नियंत्रण नियम के तहत जनपद फिरोजाबाद में प्रभावी कार्रवाई की गई। इस अभियान के तहत लाइनपार पुलिस टीम द्वारा जामा मस्जिद, लेबर कॉलोनी से दो लाउडस्पीकर तथा अल्ताफ मस्जिद वेस्ट ग्लास से तीन लाउडस्पीकर हटवाए गए। इसके अलावा अन्य संवेदनशील स्थानों पर लाउडस्पीकर की ध्वनि तीव्रता को इस प्रकार नियंत्रित किया गया कि वह प्रतिष्ठान की सीमा से बाहर न जाए। अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि यह कार्यवाही ध्वनि प्रदूषण को कम करने और कानून का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है, यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा, ताकि ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण बना रहे और नागरिकों को शांतिपूर्ण वातावरण मिल सके। विशेष रुप से आगामी बोर्ड परीक्षों को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है, जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए एक शांत माहौल मिल सके उन्होंने जनपद के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियमों का पालन करें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग दें।

क्रूज और मोटर वोट संचालन का मथुरा में बढ़ा विरोध, आक्रोश

मथुरा। वृंदावन में क्रूज और मोटर बोट संचालन के विरोध में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है, मथुरा के विश्राम घाट के सामने यमुना घाट पर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता और निषाद समाज के नेता कुंवर सिंह निषाद के नेतृत्व में समर्थन सभा का आयोजन यमुना तट पर सैकड़ो की संख्या में निषाद मल्लाह समाज के लोगों ने किया। सभा को संबोधित करते हुए कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार नाव के माध्यम से अपनी आजीविका चलाने वाले नाविक समाज के लोगों का रोजगार छीन रही है, हमने अनेकों बार शासन प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से अपनी समस्या से अवगत कराया है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, यदि तत्काल प्रभाव से क्रूज और मोटर बोट बंद नहीं हुई तो किसी भी दिन हमारा धैर्य आक्रोश में बदल सकता है, जिसके लिए प्रशासन हमें मजबूर कर रहा है। श्री निषाद ने सभी नाविकों को सरकारी मनमानी के विरोध में नाविकों से हड़ताल करने का आह्वाहन किया। बलवीर निषाद ने कहा कि हम शांति पूर्वक अपना आंदोलन चला रहे हैं लेकिन फिर भी हमारे ऊपर झूठे मुकदमे लगाए जा रहे हैं हमारी रोजी रोटी पर संकट है हम अपनी जान दे देंगे लेकिन अपना हक किसी और को नहीं देंगे। रवि निषाद ने सभी नाविकों से नाव बंद हड़ताल करने का प्रस्ताव रखा जिसे सभी नाविकों ने एक स्वर में हाथ उठाकर समर्थन दिया और दिनांक 31 जनवरी से नाव बंद हड़ताल की घोषणा की। सभा के बाद देवेन्द्र निषाद ने समर्थन देने के लिए सभी नाविकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। समर्थन सभा में देवेंद्र निषाद, मक्खन निषाद, लेखू निषाद, लखन निषाद, रामनिवास निषाद, पप्पू निषाद, जयंती निषाद विष्णु निषाद, सोनू निषाद, ओमी निषाद, मनमोहन निषाद, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

महिला अस्पताल में खामियां मिलने पर सीडीओ नाराज

मथुरा। सीडीओ मनीष मीना ने आज जिला महिला चिकित्सालय मथुरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय मथुरा अनुपस्थित थीं। चिकित्सालय में तैनात स्टॉफ की उपस्थित पंजिका के अवलोकन से संज्ञान में आया है कि चिकित्सालय में तैनात कई कर्मचारी अनुपस्थित थे। उक्त के सम्बन्ध में चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय मथुरा को निर्देशित किया जाता है कि अनुपस्थित कार्मिकों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर उनके कार्यालय में पत्रावली पर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। विदित रहे कि सीडीओ द्वारा 23 सितम्बर2024 पूर्व में निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय मथुरा को निर्देशित किया गया था कि आयुष्मान मित्र को ओपीडी के पास बैठाया जाये, परन्तु वर्तमान निरीक्षण में भी आयुष्मान मित्र ओपीडी से अन्यत्र स्थान पर बैठा हुआ पाया गया। जिला शासी निकाय की बैठक में दिये गये निर्देश दिये जाने के उपरान्त भी निरीक्षण के समय पीकू वार्ड का प्रयोग में नहीं पाया गया। साथ ही पीकू वार्ड में रखे गये उपकरणों का भी प्रयोग नहीं किया जा रहा है। चिकित्सालय में बने ट्रोमा सेण्टर बन्द पाया गया। ट्रोमा सेण्टर का प्रयोग में नहीं

लाया जा रहा है। चिकित्सालय में ऑक्सीजन प्लान्ट होने के उपरान्त भी ऑक्सीजन सलैण्डर के द्वारा बाहर से आपूर्ति ली जा रही है। उक्त के सम्बन्ध में चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय मथुरा से बाहर से ऑक्सीजन सलैण्डर की आपूर्ति लेने का कारण पूछने एवं कब-कब कितने सलैण्डर की आपूर्ति बाहर से ली गयी है कि जानकारी करने पर उनके द्वारा कोई भी जवाब नहीं दिया गया।

चिकित्सालय परिसर में गन्दगी पायी गयी, जिसपर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अपने पूर्व निरीक्षण में भी चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय मथुरा को चिकित्सालय में पायी गयी गन्दगी को तत्काल साफ कराये जाने एवं चिकित्सालय परिसर में प्रतिदिन -सफाई कराने हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु इनके द्वारा चिकित्सालय में सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। महिला वार्ड में मरीजो से वार्ता करने पर संज्ञान में आया कि वार्ड में बने शौचालय काफी गन्दे है। मरीजो को शौचालय न जाना पड़े इसलिए वह खाना-पीना भी नहीं खाते हैं। वार्ड में बने दो शौचालय बन्द पाया गया, जिसको स्टोर बना रखा है। चिकित्सालय में संचालित ओपीडी के शौचालयों में अत्यन्त गन्दगी पायी गयी तथा एक शौचालय बन्द पाया गया। सीडीओ ने निरीक्षण के समय पाया कि रोगी कल्याण समिति की राशि का कोई सदुपयोग नहीं किया जा रहा है। उक्त के अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय मथुरा से रोगी कल्याण समिति की पत्रावली मांगी गयी, तो उनके द्वारा पत्रावली के बारे में भी कोई जानकारी नहीं दी गयी। आईसोलेशन वार्ड के पास बने कमरों का भी इनके द्वारा कोई प्रयोग नहीं किया जा रहा है, जबकि सीडीओ ने पूर्व निरीक्षण में भी चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय मथुरा को आईसोलेशन वार्ड के पास बने कमरों का प्रयोग में लाने हेतु निर्देशित किया था।

संक्षेप

टोयोटा हैकाथॉन 2025 का समापन

मुंबई। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज मुंबई में आयोजित 24 घंटे के अपने टोयोटा हैकाथॉन 2025 के सफल समापन की घोषणा की। 'सड़क सुरक्षा माह' (18 जनवरी - 17 फरवरी, 2025) के समय पर इस कार्यक्रम में मुंबई भर के 100 से अधिक स्कूलों के 400 से अधिक प्रतिभाशाली छात्रों ने हिस्सा लिया। इस तरह सड़क सुरक्षा चुनौतियों के लिए कार्रवाई योग्य महत्वपूर्ण समाधान विकसित करने के लिए एक मंच प्रदान किया गया। कार्यक्रम का समापन विद्यालंकार इंस्टीट्यूट, वडाला (पूर्व) में हुआ। इसके साथ ही कंपनी ने शिक्षा और सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। भारत में सड़क दुर्घटनाओं में हर साल होने वाली मौतों की संख्या दुनिया भर में सबसे ज्यादा है। हर साल, देश में सड़क दुर्घटनाओं के कारण 1,50,000 से ज्यादा मौतें होती हैं। इनमें 5-29 साल की उम्र के लोगों की मौत का सबसे बड़ा कारण सड़क दुर्घटनाओं में हताहत होना है।

इंडिया गेट बासमती राइस की नयी पैकेजिंग लॉन्च

नई दिल्ली। खाद्य उद्योग में अपनी मजबूत पहचान बनाने वाली केआरबीएल लिमिटेड ने अपनी नई पैकेजिंग लॉन्च करने की घोषणा की है। उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई इस नई पैकेजिंग का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर जानकारी देना और उन्हें अपनी प्राथमिकताओं के अनुसार सही उत्पाद चुनने में सक्षम बनाना है। नई पैकेजिंग उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों का समाधान कर हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि ग्राहक बासमती चावल को लेकर ज्यादा जागरूक हों। इसमें एआर-सक्षम क्यूआर कोड से लेकर वैरिएंट-विशिष्ट प्रोफिक्स जैसी विशेषताएं जोड़ी गई हैं, जो ग्राहकों की खरीदारी प्रक्रिया को सरल और अधिक लाभकारी बनाएंगी।

बीओबी का मुनाफा बढ़ा

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 5.6 प्रतिशत बढ़कर 4,837 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 4,579 करोड़ रुपये रहा था। बैंक की ब्याज आमदनी भी दिसंबर तिमाही में बढ़कर 30,908 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 28,605 करोड़ रुपये थी। बैंक का परिचालन लाभ समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 7,664 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 7,015 करोड़ रुपये था।

एलएंडटी को सुविधा के लिए मिला ठेका

नयी दिल्ली। अवसंरचना क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसकी एक सहायक इकाई ने खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) क्षेत्र में माल ढुलाई संभालने की सुविधा स्थापित करने के लिए एक महत्वपूर्ण ठेका हासिल किया है। एलएंडटी ने शेयर बाजार को बताया कि उसकी खनिज और धातु शाखा ने जीसीसी में एक प्रमुख रेलवे कंपनी से ठेका हासिल किया है, जिसकी महत्वाकांक्षी क्षमता विस्तार योजनाएं हैं।

कोका-कोला लेबल अब हिंदी में आया

मुंबई। कोका-कोलाइंडिया ने अपने उपभोक्ताओं से सार्थक स्थानीय तरीके से जुड़ने के एक साहसिक कदम उठाया है। पहली बार प्रतिष्ठित कोका-कोला लेबल अब हिंदी में है, जिसमें ब्रांड का नाम देवनागरी लिपि में लिखा गया है। यह विशेष संस्करण पैकेजिंग, उपभोक्ताओं के साथ और भी अधिक गहराई से जुड़ने के कोका-कोला के नए दृष्टिकोण का हिस्सा है, जिससे ब्रांड और अधिक व्यक्तिगत और स्थानीय बन जाएगा। हिंदी में अनुवाद करके कोका-कोला भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को अपना रहा है, साथ ही अपनी समृद्ध विरासत और परम्परा के प्रति भी सच्चा बना हुआ है।

सेंसेक्स में 227 अंकों की उछाल

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन बृहस्पतिवार को तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 227 अंक और चढ़ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक जैसे बड़े शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 226.85 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,759.81 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 429.92 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 86.40 यानी 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,249.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस, नेस्ले, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। बजाज फाइनेंस का वित्तीय परिणाम आने के बाद कंपनी का शेयर दो प्रतिशत चढ़ा। कंपनी का दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत बढ़कर 4,308 करोड़ रुपये रहा है। वहीं, टाटा मोटर्स का शेयर सात प्रतिशत से अधिक नीचे आया। कंपनी का दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही में लाभ 22 प्रतिशत घटकर 5,578 करोड़ रुपये रहा है। मुख्य रूप से यात्री और वाणिज्यिक वाहन खंड से आमदनी कम होने से कंपनी का लाभ कम हुआ। इसके अलावा, आईटीसी होटल्स, बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, जोमैटो और कोटक महिंद्रा बैंक में भी गिरावट रही। उतार-चढ़ाव के बावजूद घरेलू शेयर बाजार लाभ में बंद हुए। अमेरिका में तेल भंडार बढ़ने के साथ तेल कीमतों में गिरावट और 10 साल के बॉन्ड पर प्रतिफल कम होने से एफआईआई की निकासी में कुछ कमी आ सकती है...। शनिवार को पेश होने वाला बजट महत्वपूर्ण है। बजट में वृद्धि और खपत को बढ़ाने वाली नीतियों की उम्मीद है। इससे बाजार में जो नाकारात्मक रुख है, उसमें बदलाव आएगा। वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के निपटान के अंतिम दिन बाजार में उतार-चढ़ाव रहा। हालांकि बाजार लगातार तीसरे दिन बढ़त बनाये रखने में कामयाब रहा। शुरूआती तेजी के बाद निफ्टी में दोपहर कारोबार में मुनाफावसूली देखने को मिली और अंत में बढ़त में बंद हुआ। शनिवार को बजट पेश कियो जाएगा। इसको देखते हुए बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। छोटी कंपनियों से संबंधित बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.02 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों के शेयरों से जुड़ा मिडकैप सूचकांक 0.04 प्रतिशत नुकसान में रहा।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे टूटकर 86.64 पर

मुंबई। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख के बीच मजबूत अमेरिकी मुद्रा से बृहस्पतिवार को रुपया नौ पैसे कमजोर होकर 86.64 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी तथा विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की व्यापक मजबूती के कारण रुपये पर दबाव जारी है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया कमजोर रुख के साथ 86.58 पर खुला और सत्र के दौरान अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 86.56 के उच्चतम स्तर तक गया और 86.65 के निचले स्तर तक आया। रुपया अंत में 86.64 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे की गिरावट है। बुधवार को रुपया अपनी शुरुआती गिरावट से उबरकर सकारात्मक रुख के साथ दो पैसे बढ़कर 86.55 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 107.98 पर रहा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख के कारण डॉलर में तेजी आई। बुधवार को फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक में फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों को 4.25-4.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों को स्थिर रखा, लेकिन अपने दृष्टिकोण में वह आक्रामक रहा। दरें लंबी अवधि तक ऊंची रहेंगी, जिससे भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कम हो गईं। चौधरी ने कहा, हमारा अनुमान है कि अमेरिकी डॉलर में मजबूती और एफआईआई की निकासी के दबाव के कारण रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। आयातकों की ओर से मासांत की डॉलर मांग भी रुपये पर दबाव डाल सकती है। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76.09 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 226.85 अंक की तेजी के साथ 76,759.81 अंक पर और एनएसई का निफ्टी 86.40 अंक चढ़कर 23,249.50 अंक पर बंद हुआ।

रूस की समूह वीजा-मुक्त यात्रा के लिए भारत के साथ बातचीत

मुंबई। रूस समूह वीजा-मुक्त व्यवस्था के लिए भारत सरकार के साथ बातचीत कर रहा है। इसके तहत समूह में यात्रा करने वाले पर्यटकों की एक निश्चित संख्या को बिना वीजा के रूस में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी। मॉस्को सिटी टूरिज्म कमेटी के चेयरमैन एवगेनी कोजलोव ने बुधवार शाम को एक कार्यक्रम के दौरान पीटीआई-भाषा को बताया, पर्यटकों के एक समूह में रूस की यात्रा करने पर, यात्रा को वीजा मुक्त बनाने के लिए दस्तावेज में एक विशेष संख्या का उल्लेख किया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए, चीनी दस्तावेज में समूह में 10-20 लोग होने चाहिए। हम इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए भारतीय विदेश मंत्रालय के साथ बातचीत कर रहे हैं, ताकि एक समूह में शामिल लोगों की संख्या पर अंतिम समझौता किया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि भारत एक महत्वपूर्ण देश है और चीन के बाद दूर के देशों में स्रोत बाजार के मामले में दूसरे स्थान पर है। कोजलेव ने कहा कि भारत हमारे लिए एक प्राथमिकता वाला बाजार है। हमारे लिए दूर के देशों में चीन पहले स्थान पर है, उसके बाद भारत है। भारतीय यात्रा करते समय काफी खर्च करते हैं। वे प्रति व्यक्ति, प्रति यात्रा पर लगभग 2,000 अमेरिकी डॉलर खर्च करते हैं। नौ महीनों यानी जनवरी-सितंबर के दौरान मास्को में 61,000 भारतीयों सहित 1.97 करोड़ मेहमान आए।

जीडीपी में हिस्सेदारी बढ़ा सकता है चीनी उद्योग

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि चीनी उद्योग में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर तीन प्रतिशत करने की क्षमता है। फिलहाल जीडीपी में इसकी हिस्सेदारी 1.0 से 1.15 प्रतिशत है।

उन्होंने गन्ने का प्रति एकड़ उत्पादन बढ़ाने की जरूरत भी बतायी। भारतीय कृषि क्षेत्र लगभग 42.3 प्रतिशत आबादी को आजीविका प्रदान करता है और मौजूदा कीमतों पर देश की जीडीपी में इसकी हिस्सेदारी 18.2 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि भारतीय चीनी उद्योग देश की जीडीपी में तीन प्रतिशत योगदान देने की क्षमता रखता है। गडकरी ने कहा कि सरकार ने देश में वैकल्पिक ईंधन के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए बहुत कुछ किया है। सरकार अब एथनॉल के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कदम उठा रही है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को आपूर्ति वर्ष 2024-25 के लिए सी श्रेणी के शीरे से प्राप्त एथनॉल की कीमत (एक्स-मिल) 1.69 रुपये बढ़ाकर 57.97 रुपये प्रति लीटर करने को मंजूरी दी। जबकि अन्य कच्चे माल के लिए दरों को अपरिवर्तित रखा। चीनी उद्योग के उप-उत्पादों से एथनॉल उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह मूल्यवृद्धि ऐसे समय में की गई है, जब देश 2025-26 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रयास कर रहा है। मंत्री ने कहा कि चीनी के निर्यात को नियंत्रित करने की सरकार की नीति फायदेमंद और नुकसानदायक दोनों है, ऐसे में चीनी उद्योग को नए नजरिये से फिर से देखने की जरूरत है। देश में सत्ता में कोई भी पार्टी हो, भारतीय नीति निर्माताओं की मानसिकता शहरी केंद्रित है।

केंद्र ने मेघालय में 10 साल बाद कोयला खनन शुरू करने के लिए समझौते किये : सीएम

शिलांग। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य की कोयला खनन करने वाली तीन कंपनियों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, ताकि कम से कम दो जिलों में वैज्ञानिक तरीके से कोयला खनन शुरू किया जा सके।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने 10 साल पहले मेघालय में अवैज्ञानिक तरीके से किए जा रहे खनन और कोयले के परिवहन पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि, बाद में उच्चतम न्यायालय ने खनन किए जा चुके कोयले के परिवहन की अनुमति दी थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि समझौतों पर हस्ताक्षर करना एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि राज्य सरकार कोयला खनिकों को एनजीटी प्रतिबंध से बाहर आने में सहायता कर रही है। संगमा ने पीटीआई-भाषा को बताया, भारत सरकार के कोयला नियंत्रक और परियोजना प्रस्तावकों के बीच तीन एस्क्रो समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जो पश्चिम खासी हिल्स जिले के पिंडेंगशालांग और पूर्व जयंतिया हिल्स जिले के सैरिंखम और लुमियाखी वाहसरांग खनन स्थलों के लिए गए हैं। एस्क्रो करार इकाइयों के बीच एक कानूनी अनुबंध होता है। इसके तहत वे नियम और शर्तें तय की जाती हैं, जिसमें शर्तों के पूरा होने तक संपत्तियां तीसरे पक्ष द्वारा रखी जाती हैं।

भारत अपना खुद का एआई मॉडल तैयार करेगा: वैष्णव

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को देश की एआई (कृत्रिम मेधा) महत्वाकांक्षाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत आने वाले महीनों में अपना खुद का आधारभूत मॉडल तैयार करेगा।

उन्होंने कहा कि भारत स्टार्टअप और शोधकर्ताओं के उपयोग के लिए 18,693 ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) द्वारा संचालित सबसे सस्ती कॉमन कम्प्यूट सुविधा तैयार करेगा, जिसकी मदद से चैटजीपीटी, डीपसीक आर। और ऐसे ही दूसरे एआई मॉडल को टक्कर दी जा सकती है। भारत का यह साहसिक कदम ऐसे समय में सामने आया है, जब चीनी कंपनी डीपसीक ने अपने एआई मॉडल से लोगों का ध्यान खींचा है। डीपसीक ने एआई के क्षेत्र में अमेरिकी कंपनियों के प्रभुत्व को चुनौती दी है। वैष्णव ने भरोसा जताया कि भारत एक ऐसा आधारभूत मॉडल बनाएगा, जो विश्वस्तरीय होगा और दुनियाभर के सर्वश्रेष्ठ मॉडल के साथ मुकाबला कर सकेगा। भारत ने बृहस्पतिवार को अपने एआई मसौदे में अगले चरणों की घोषणा की, जिसमें शामिल बोलीदाताओं (जियो प्लेटफॉर्म्स, सीएमएस कंप्यूटर, टाटा कम्युनिकेशंस, ई2ई नेटवर्क, योटा डेटा सर्विसेज और अन्य शामिल हैं) ने 18,693 जीपीयू की पेशकश की। इसके अलावा आठ परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गई। आईटी मंत्री वैष्णव ने भारत को वैश्विक एआई केंद्र में लाने का वादा करते हुए कई घोषणाएं की और कहा कि एक एआई सुरक्षा संस्थान शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा, आधुनिक तकनीक को सभी के लिए सुलभ बनाना, यही हमारे प्रधानमंत्री की आर्थिक सोच है... इस समय हमारे पास सबसे सस्ती कंप्यूटिंग सुविधा है। डीपसीक को लेकर गोपनीयता संबंधी चिंताओं के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि भारत गोपनीयता संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए इसे भारतीय सर्वर पर होस्ट करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार भारत का आधारभूत मॉडल विकसित करने के लिए प्रस्ताव भी मांग रही है जो भारतीय संदर्भ, भारतीय भाषाओं, संस्कृति से जुड़ा होगा, और जहां आंकड़े हमारे देश के लिए, हमारे नागरिकों के लिए होंगे। वैष्णव ने भरोसा दिया कि सामान्य कंप्यूट सुविधा (18,693 जीपीयू द्वारा संचालित) वैश्विक लागत मानक के मुकाबले बहुत कम होगी। यह कंप्यूट सुविधा सबसे सस्ती होगी। इसकी 40 प्रतिशत लागत सरकार वहन करेगी, जिसके बाद इसे एक डॉलर प्रति जीपीयू घंटा से भी कम कीमत पर उपलब्ध कराया जाएगा। मंत्री ने कहा कि कम से कम छह प्रमुख डेवलपर्स और स्टार्टअप हैं, जो अगले 8-10 महीनों में या इससे भी पहले आधारभूत मॉडल बना सकते हैं। इंडियाएआई मिशन के तहत सरकार ने भारत के एआई पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए 10,372 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी थी।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत छतों पर लगाये जा रहे सौर संयंत्रों की संख्या 20 लाख पहुंचने की उम्मीद

नयी दिल्ली। केंद्रीय बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री श्रीपाद येसो नाइक ने बृहस्पतिवार को कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत छतों पर लगाये जा रहे सौर संयंत्रों की संख्या अक्टूबर 2025 तक 20 लापहुंचने की उम्मीद है।

उन्होंने यहां उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के डिस्कॉम सम्मेलन में कहा कि मार्च तक छतों पर लगभग 10 लाख सौर संयंत्र स्थापित होने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना छतों पर सौर प्रणाली लगाने की दुनिया की सबसे बड़ी पहल है। इस योजना के तहत मार्च, 2027 तक एक करोड़ घरों की छतों पर सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। नाइक ने कहा कि योजना के तहत मार्च तक सौर प्रणाली की संख्या 10 लाख का आंकड़ा पार कर जाने और अक्टूबर तक यह संख्या दोगुनी होकर 20 लाख हो जाने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा कि योजना के तहत मार्च, 2026 तक यह आंकड़ा 40 लाख तक और अंततः मार्च, 2027 तक एक करोड़ तक पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 15 फरवरी, 2024 को 75,021 करोड़ रुपये के बजट व्यय के साथ शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य छतों पर सौर प्रणाली लगाने को सुगम बनाकर घरों को मुफ्त बिजली प्रदान करना है।

पेज एक का शेष

बापू के जीवन

तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे... जैसे गीतों को मधुर स्वर में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के बाद सीएम योगी ने बच्चों के साथ फोटो भी खिंचाई। इस दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, राजेश्वर सिंह, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य लाल जी प्रसाद निर्मल आदि गणमान्य लोगों ने भी बापू को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की है।

अमेरिका : यात्री

वालों का एक समूह, उनके प्रशिक्षक और परिवार के सदस्य शामिल थे, जो विचिटा में अमेरिकी फिगर स्केटिंग चैंपियनशिप के बाद आयोजित प्रशिक्षण शिविर से लौट रहे थे। यूएस फिगर स्केटिंग ने एक बयान में कहा, हम इस अकल्पनीय त्रासदी से स्तब्ध हैं और पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। क्रेमलिन ने विमान में सवार कोच में से दो की पहचान रूसी फिगर स्केटर एवगेनिया शिश्कोवा और वादिम नाओमोव के रूप में की, जिन्होंने 1994 के विश्व चैंपियनशिप में युगल खिताब जीता था और दो बार ओलंपिक में भाग लिया था। बोस्टन स्केटिंग क्लब ने उन्हें कोच के रूप में सूचीबद्ध किया है और उनका बेटा, मैक्सिम नॉमोव, अमेरिका के लिए एक प्रतिस्पर्धी फिगर स्केटर है। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने बताया कि यह टक्कर पूर्वी मानक समयानुसार (ईएसटी) रात लगभग नौ बजे उस समय हुई, जब कंसास के विचिटा से उड़ान भरने वाला एक क्षेत्रीय विमान हवाई अड्डे के रनवे पर पहुंचते समय एक सैन्य ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर से टकरा गया। हेलीकॉप्टर ने प्रशिक्षण उड़ान भरी थी। यह घटना विश्व के सबसे अधिक सुरक्षा वाले हवाई क्षेत्र में घटी, जो व्हाइट हाउस और कैपिटल से लगभग तीन मील दूर दक्षिण में स्थित है।

महाकुम्भ में

लोग घायल हो गए। घायलों को इन्हें मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जिसमें 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। महाकुंभ स्नान पर्व पर भीड़ का दबाव बढ़ने पर बैरिकेंडिंग टूट गई थी। इसके बाद लोग तेजी से आगे बढ़ने लगे, इस दौरान ब्रह्म मुहुर्त पर स्नान करने के इंतजार में बैठे श्रद्धालुओं के ऊपर से भीड़ का रेला गुजर गया। इसमें 90 घायल श्रद्धालुओं को एंबलुेंस से मेडिकल कालेज ले जाया गया। इसमें 30 की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मृतकों में गुजरात के एक, कर्नाटका के चार, असम के एक श्रद्धालु शामिल हैं। घायलों में कुछ को लेकर उनके परिजन घर चले गए। अभी 36 घायलों का इलाज मेडिकल कालेज में चल रहा है। स्थिति अब सामान्य है।

सुप्रीम कोर्ट से

के तहत वकील विशाल तिवारी द्वारा दायर याचिका में भगदड़ की घटनाओं को रोकने और अनुच्छेद 21 के तहत समानता व जीवन के मौलिक अधिकारों की रक्षा करने की मांग की गई है। याचिका में केंद्र और सभी राज्यों को पक्षकार बनाते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक रूप से काम करने का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत यह याचिका दायर की जा रही है जिसमें महाकुंभ में भगदड़ की घटनाओं से बचने के लिए राज्य सरकारों को दिशानिर्देश देने का अनुरोध किया गया है। इसके अलावा याचिका में संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत समानता और जीवन के मौलिक अधिकारों की सुरक्षा, व्यवहार्यता आदि सुनिश्चित करने के लिए मूल्यांकन निर्धारित करने और एक स्थिति रिपोर्ट मांगने का अनुरोध किया गया है।

अमृत व प्रमुख

के स्नानों पर श्रद्धालुओं को प्रस्तावित भारी भीड़ के बीच लोगों से धैर्य बनाए रखने की विनती करते हुए इन तिथियों व इसके आसपास लोगों को इन तिथियों पर ऐहतियात बरतने की अपील भी की गई है।

सीतारमण आज

हैं। वित्त मंत्री शनिवार को नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा बजट पेश करेंगी। बजट सत्र शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के साथ शुरू होगा। सत्र का पहला भाग 13 फरवरी को समाप्त होगा और दूसरा भाग 10 मार्च को शुरू होगा और सत्र चार अप्रैल को समाप्त होगा।

लिव-इन

के कारण उन्हें अपने परिवारों तथा समाज के अन्य लोगों से खतरा है। इसलिए वह लोग रिट याचिका दायर कर अदालतों से अपने जीवन और स्वतंत्रता की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। अदालतों में ऐसी याचिकाओं की बहुतायत है। ऐसे जोड़ों के समक्ष आने वाले खतरों से उनके जीवन और स्वतंत्रता की सुरक्षा की इसी तरह की प्रार्थना वाली दर्जनों याचिकाएं प्रतिदिन प्रस्तुत की जा रही हैं।

उत्तराखण्ड : शिक्षण

और प्रभावी प्रयास किये जाये। कूड़े का डोर टू डोर कलेक्शन शत प्रतिशत किया जाए। गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग रखने के लिए लोगों को और जागरूक किया जाए। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वच्छता के क्षेत्र में और तेजी से कार्य हों, इसके लिए निकाय चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारियों की शपथ के बाद जल्द उनके साथ एक बैठक की जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी नगर निगमों में लीगेसी वेस्ट का कार्य जल्द पूर्ण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्य से गंगा नदी में स्वच्छ जल जाए। इसके लिए गंगा की सहायक नदियों में भी स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। स्वच्छता सर्वेक्षण में निकायों की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छता के मानकों की घोषणा की व्यवस्था की जाए। राष्ट्रीय खेलों के दौरान भी स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर ओपन जिम की राज्य सरकार की योजना पर और प्रभावी तरीके से कार्य किये जाएं। फिट इंडिया के तहत व्यापक स्तर पर अभियान चलाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ उत्तराखण्ड के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित जागरूकता कैम्प लगाये जाएं। लोगों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि फिट इंडिया मूवमेंट के तहत प्रदेश में संतुलित आहार के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए। स्वस्थ आहार और जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाए। जंक फूड से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। राज्य के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मिलावटखोरी पर रोक लगाने के लिए प्रदेशभर में सघन अभियान चलाया जाए और मिलावटखोरों पर सख्त कारवाई की जाए। इस अवसर पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव शैलेश बगोली, नितेश झा, रविनाथ रमन, चंद्रेश यादव, विनय शंकर पाण्डेय, डॉ. आर. राजेश कुमार, अपर सचिव विजय जोगदंडे, निदेशक शहरी विकास नीतिका खण्डेलवाल, अपर निदेशक डॉ. ललित नारायण मिश्रा उपस्थित थे।

एक आईएएस के साथ चार पीसीएस अफसरों की हुई तैनाती

लखनऊ। महाकुंभ में मौनी अमावस्या के अवसर पर मची भगदड़ के बाद यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार एक्शन में हैं। गुरुवार को महाकुंभ की व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए एक आईएएस के साथ ही चार पीसीएस अधिकारियों की तैनाती कर दी। ये अधिकारी 15 फरवरी तक प्रयागराज में उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने में सहयोग देंगे। इससे पहले बुधवार को प्रयागराज में बतौर मंडलायुक्त सेवा दे चुके आशीष गोयल और एडीए के वीसी रहे भानु गोस्वामी की तैनाती की गई। दोनों प्रयागराज पहुंच भी गए हैं। इसके अलावा विशेष सचिव स्तर के पांच अधिकारियों को भी भेजा है। जिस संगम नोज पर हादसा हुआ था वहां पर भी नए मजिस्ट्रेट समेत अन्य अफसरों की तैनाती कर दी गई है। आईएएस अधिकारी खाद्य एवं रसद विभाग के विशेष सचिव अतुल सिंह और पीसीएस अधिकारियों में युवा कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक अशोक कुमार, कानपुर के अपर जिलाधिकारी (नागरिक आपूर्ति) आशुतोष कुमार दुबे, हरदोई के अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी व बस्ती के अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) प्रतिपाल चौहान को लगाया गया है। गौरतलब है कि बुधवार को मौनी अमावस्या पर संगम नोज पर हुई भगदड़ में तीस श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 60 से अधिक घायल हैं। सीएम योगी ने मामले की न्यायिक जांच का कल ही आदेश देते हुए तीन सदस्यीय कमेटी भी गठित कर दी है। मेला क्षेत्र को 25 सेक्टरों में विभाजित कर पुलिस और प्रशासनिक अफसरों की तैनाती की गई है। संगम नोज जिस सेक्टर में है, उसमें बतौर सेक्टर मजिस्ट्रेट विनय कुमार को तैनात किया गया है। इस सेक्टर में दो सीओ हैं, सीओ संगम घाट प्रथम भास्कर कुमार और द्वितीय विशाल चौधरी तैनात किए गए हैं। संगम थाना का प्रभार नागेंद्र कुमार नागर के पास है जबकि संगम चौकी में बतौर प्रभारी एसआई सुनील कुमार तैनात हैं। मंगलवार रात संगम नोज पर भीड़ का दबाव बढ़ने लगा तो कमिश्नर विजय विश्वास पंत श्रद्धालुओं से स्नान कर आगे बढ़ने की अपील करने लगे लेकिन लोग रात 12 बजे के बाद ही स्नान करने पर अड़े थे। कमिश्नर की अपील अनसुनी रह गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जिस वक्त घटना हुई, उस वक्त पुलिस वाले कम थे। सेंट्रल फोर्स के जवान जरूर दिखे।

आज से शुरू

व्यक्त करने के लिए एक प्रस्ताव लाने का आग्रह किया। इससे पहले, राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता प्रमोद तिवारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) संसद के बजट सत्र में सभी मुद्दों को उठाएगा। सर्वदलीय बैठक के बाद तिवारी ने महाकुंभ के राजनीतिकरण की भी आलोचना की और कहा कि महाकुंभ के दौरान अतिविशिष्ट लोगों की आवाजाही से आम आदमी के लिए मुश्किलें पैदा हो रही हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इस धार्मिक आयोजन के सत्तारूढ़ भाजपा से जुड़े वीआईपी लोगों की सभा बनने के मुद्दे को उठाएगी।

यूपी : सड़क

की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं महेश तिवारी, विद्यावती सिंह तथा किरन देवी तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गईं। इन सभी को सतहरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत देख चिकित्सक ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं फर्रुखाबाद जिले के मोहम्मदाबाद क्षेत्र में बृहस्पतिवार को गैस सिलेंडर लदे ट्रक और सामने से आ रहे डंपर की जबरदस्त टक्कर में ट्रक चालक अभिमन्यु (42), डंपर चालक राहुल (40) और रामकिशोर (55) नामक एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना में चार अन्य लोग भी घायल हो गए।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

फिनिशिंग भारत की चिंता का सबब

चौथा टी20: रफ्तार के खिलाफ सैमसन की कमजोरी

पुणे। तेज रफ्तार के सामने संजू सैमसन की कमजोरी और रिंकू सिंह का खराब फॉर्म और फिटनेस इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार को चौथे टी20 मैच से पहले भारतीय टीम प्रबंधन की चिंता का सबब होगा। राजकोट में तीसरा मैच हारने के बाद भारतीय टीम के पास मुंबई में दो फरवरी को होने वाले आखिरी मैच से पहले श्रृंखला जीतने का एक और मौका है। सूर्यकुमार यादव की टीम ने कोलकाता और चेन्नई में पहले दो मैच जीते थे। केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज सैमसन ने टी20 सत्र की शुरूआत बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन शतक के साथ की। मौजूदा श्रृंखला में उनका स्कोर 26 , 5 और तीन रहा है जो चिंता की बात है।

वह 145 किमी की रफ्तार से अधिक वाली गेंदों का सामना नहीं कर पा रहे। बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने तसकीन अहमद, तंजीम हसन शाकिब की गेंदें खेलीं थी जबकि दक्षिण अफ्रीका के एंडिले साइमलेन और लुथो सिपाम्ला की गेंदों का उन्होंने सामना किया। ये बहुत खतरनाक तेज गेंदबाज नहीं हैं और सैमसन ने उन्हें बखूबी खेला। वहीं इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड 145 से 155 किमी की रफ्तार से गेंद डालते हैं जिनकी गति सैमसन के लिये परेशानी का कारण बन गई है। तीनों मैचों में वह फिल साल्ट को कैच देकर पवेलियन लौट गए। सैमसन मुख्य कोच गौतम गंभीर के पसंदीदा खिलाड़ियों में से है और समझा जा रहा है कि अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए वह उन पर भरोसा बनाये रखेंगे। लेकिन उन्हें तकनीकी कमियों से पार पाना होगा। रिंकू सिंह की कमर की तकलीफ के कारण सातवें नंबर पर ध्रुव जुरेल को उतारा गया लेकिन वह इस प्रारूप में फिट नहीं हो पा रहे। रिंकू पहले मैच में खेले थे और फिर उन्हें अगले दो मैचों में आराम दिया गया लेकिन सहायक कोच रेयान टेन डोयशे ने मैच पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में शुक्रवार के मुकाबले के लिए उन्हें फिट घोषित कर दिया। वैसे रिंकू भी अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। गंभीर जब कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर बने तब रिंकू को 2024 आईपीएल में कुल 70 गेंद खेलने को मिली और वह टी20 विश्व कप टीम में जगह नहीं बना सके। अपनी गेंदबाजी के दम पर शिवम दुबे को टीम में जगह मिली थी। भारतीय मध्यक्रम भी इंग्लैंड के स्पिनर आदिल रशीद को नहीं खेल पा रहा है और ऐसे में देखना है कि क्या दुबे को मौका मिलता है। तीसरा विकल्प रमनदीप सिंह है जो फिनिशर होने के साथ दुबे से बेहतर तेज गेंदबाज है। लेकिन बेहतरीन तेज गेंदबाजों के सामने उनकी भी परख नहीं हुई है। मोहम्मद शमी काफी समय बाद टीम में लौटे हैं और राजकोट में उन्होंने अच्छी वापसी की। देखना यह है कि जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में क्या भारत के सर्वश्रेष्ठ टी20 गेंदबाज अर्शदीप सिंह को जगह मिलती है तो पावरप्ले में सफलता दिला सकते हैं।

टीमें :

भारतः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रमनदीप सिंह, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल।

इंग्लैंडः जोस बटलर (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, साकिब महमूद, फिलिप साल्ट, मार्क वुड।

मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे से शुरू होगा।

महाराष्ट्र ने छह पदक जीतकर राष्ट्रीय खेलों की ट्रायथलॉन में दबदबा बनाया

देहरादून। महाराष्ट्र के एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बृहस्पतिवार को यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों की ट्रायथलॉन स्पर्धा में दो स्वर्ण, दो रजत और इतने ही कांस्य से छह पदक अपने नाम किए। महाराष्ट्र ने डुआथलॉन (व्यक्तिगत) स्पर्धा में एक रजत और एक कांस्य जीता जिससे उसके पदकों की संख्या में इजाफा हुआ।

अन्य राज्यों में मध्य प्रदेश ने तीन पदक (एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य) जीते जबकि मणिपुर ने व्यक्तिगत ट्रॉयथलॉन में दो स्वर्ण पदक हासिल किये। छत्तीसगढ़ के भारोत्तोलक विजय कुमार ने गुरुवार को यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों में पुरुषों के 55 किग्रा भार वर्ग के क्लीन एवं जर्क में राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं विश्व कप की पूर्व विजेता नर्मदा नितिन राजू ने बृहस्पतिवार को यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान एशियाई खेलों की पदक विजेता रमिता जिंदल और ओलंपियन इलावेनिल वालरिवन सहित कई मजबूत निशानेबाजों को मात देते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करने से महज मामूली अंतर से चूक गईं। अन्य नतीजों में हरियाणा के 2022 विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता अनीष भानवाला ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में 31 हिट से स्वर्ण पदक जीता। सेना के गुरप्रीत सिंह 28 हिट से दूसरे और पंजाब के विजयवीर सिद्धू 26 हिट से तीसरे स्थान पर रहे। तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व कर रहीं नर्मदा ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 254.4 के स्कोर के साथ पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल किया तथा महाराष्ट्र की आर्या बोरसे (252.5) और रमिता (230.4) को पछाड़ा। इस प्रक्रिया में उन्होंने ओलंपियन अपूर्वी चंदेला के नयी दिल्ली में 2019 विश्व कप में बनाए गए 252.9 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इस स्पर्धा का विश्व रिकॉर्ड 254.5 अंक का है जो पिछले साल नयी दिल्ली में आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में चीन की हुआंग युटिंग ने बनाया था। नर्मदा ने 2023 काहिरा विश्व कप में रुद्राक्ष पाटिल के साथ मिलकर 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था और इसी साल भोपाल में विश्व कप में कांस्य पदक जीता था। इसके बाद से यह 23 वर्षीय निशानेबाज की इस स्पर्धा में यह तीसरी सबसे बड़ी उपलब्धि है। नर्मदा बुधवार को क्वालीफिकेशन दौर में तीसरे स्थान पर रही थीं। आत्मविश्वास से भरी इस निशानेबाज ने फाइनल में अपने अधिक प्रतिष्ठित प्रतिद्वंद्वियों पर दबदबा बनाने के लिए शानदार स्कोर बनाए।

विराट कोहली की एक झलक पाने दिल्ली के रणजी मैच में उमड़ी भीड़

नयी दिल्ली। विराट कोहली का खुमार भारतीय क्रिकेटप्रेमियों के सिर चढकर बोलता है और इसकी झलक यहां बृहस्पतिवार को दिल्ली और रेलवे के बीच रणजी ट्रॉफी मैच में देखने को मिली जब उनका नाम सुनते ही दर्शकों रोमांच के मारे चिल्लाने लगे और अभूतपूर्व भीड़ के कारण डीडीसीए को ऐन मौके पर अतिरिक्त इंतजाम करने पड़े। कोहली 13 साल बार रणजी ट्रॉफी मैच खेल रहे हैं। डीडीसीए ने कोहली की घर वापसी वाले मैच में करीब दस हजार दर्शकों के आने का कयास लगाया था जो रणजी ट्रॉफी मैच में एक रिकॉर्ड है। कोहली का जादू ऐसा है कि सारे कयास धरे रह गए और इससे कहीं अधिक संख्या में लोग आये। खेल 9.30 पर शुरू होना था और इससे काफी पहले से दर्शकों की कतारें लगनी शुरू हो गई थी। भीड़ को देखते हुए 11000 की क्षमता वाला बिशन सिंह बेदी स्टैंड खोलना पड़ा।

लोकतंत्र महापर्व गणतंत्र दिवस की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
डा. इम्तियाज अहमद
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
ललितपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. एस.के. वर्मा
नाक, कान, गला स्पेशलिष्ट, बहराइच
मोनिका रानी
जिलाधिकारी
बहराइच

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. प्रभाकर मिश्रा
सीनियर फिजीशियन
जिला हास्पिटल बहराइच
मोनिका रानी
जिलाधिकारी
बहराइच

गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शमशेर बहादुर सिंह
प्रभारी निरीक्षक
थाना दरगाह शरीफ
रामनयन सिंह
एसपी बहराइच

जनपद वासियों को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रदीप कुमार
आर.आई. जनपद बहराइच
परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश
अवधेश प्रसाद गुप्ता
पीटीओ
परिवहन विभाग जनपद बहराइच
ओम प्रकाश सिंह
ए आरटीओ परिवर्तन
परिवहन विभाग जनपद बहराइच
राजीव कुमार
ए आरटीओ प्रशासन
परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश

गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हरेन्द्र कुमार मिश्रा
प्रभारी निरीक्षक
थाना कैसरगंज, बहराइच
रामनयन सिंह
एसपी बहराइच

बहराइच वन प्रभाग, बहराइच
जनपद वासियों को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
-: जनपद वासियों से अपील :-
1- वन एवं वन्यजीवों की रक्षा करें।
2- जंगलों में आग लगने की घटना होने पर तत्काल सम्बन्धित रेंज कार्यालय एवं डी.एफ.ओ. कार्यालय को सूचित करें।
3- जंगलों में आग की घटनायें होने पर आग बुझाने में वन विभाग का सहयोग करें।
आग की घटनाये होने पर निम्न मोबाइल नम्बरों पर सूचित करे :-
1- क्षेत्रीय वन अधिकारी, अब्दुल्लागंज 9717313666
2- क्षेत्रीय वन अधिकारी, रूपईडीहा 9936486623
3- क्षेत्रीय वन अधिकारी, चकिया 9918855556
4- प्रभागीय कार्यालय बहराइच 9919516596
(अजीत प्रताप सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी,
बहराइच वन प्रभाग, बहराइच

कार्यालय नगरपालिका परिषद, बहराइच
नगरपालिका परिषद, बहराइच गणतन्त्र दिवस (26 जनवरी, 2025) के शुभ अवसर पर अपने नगर वासियों का हार्दिक अभिनन्दन करती है तथा इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है, साथ ही नगरवासियों से अपेक्षा करती है कि-
1- घर-घर कचरा संग्रहण की प्रक्रिया में जनता अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें एंव घर में सूखा-गीला कचरा अलग-अलग करके सूखा कचरा नीले व गीला कचरा हरे पात्र में ही डाले।
2- जल ही जीवन है, उसे बर्बाद एंव दूषित न करें, नलों को खुला न छोडे।
3- जन्म-मृत्यु का पंजीकरण अवश्य करायें।
4- पालिका/सार्वजनिक/सरकारी भूमि/सम्पत्ति पर स्थाई/अस्थाई अतिक्रमण/कब्जा न करें।
5- सफाई कर्मी के आने से पूर्व ही अपने घरों का कूडा आदि निर्धारित स्थान पर ही डालें, ताकि सफाई कार्य में सहयोग मिल सके। सडकों, नालियों एंव रास्तों पर कूडा-करकट न डालें।
6- भवन निर्माण से पूर्व भवन के मानचित्र की एन.ओ.सी. कराना सुनिश्चित करें।
7- शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक / पालीथिन का उपयोग प्रतिबंधित है। जनहित में इसका उपयोग न करें।
8- नगर में निर्मित सामुदायिक शौंचालयों, सार्वजनिक शौंचालयों/ यूरिनल निर्मित पिंक शौंचालय का सदैव प्रयोग करें।
9- गृहकर व जलकर 31 मार्च, 2025 से पूर्व जमा करें।
(प्रमिता सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बहराइच।
(सुधा देवी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
बहराइच।

कार्यालय.नगर पंचायत निघासन, लखीमपुर-खीरी
गणतंत्र दिवस एंव बसंत पंचमी की समस्त नगर वासियों को हार्दिक शुभकामनायें। इस अवसर पर हम नगरवासियों से निम्न अपेक्षाएं करते है।
अपील
1. जल अमूल्य है इसकी बचत करें और बिना उपयोग नलों की टोंटियां खुली न छोडे।
2. सड़कों पर मवेशियों को न बांधे इससे सडकें खराब होती हैं।
3. कूडा सड़क पर न डालें उसको कूड़ेदान में डालकर नगर को साफ सुथरा रखने में सहयोग प्रदान करें।
4. नगर को स्वच्छ रखने के लिए डोर-टू डोर कूड़ा कलेक्शन में सहयोग दें, कूड़े को नगर पंचायत सफाई कर्मी को ही दे कूड़े को किसी भी दशा में नाली/नाले सड़क अथवा खुले स्थान में न फेंके और न ही जलायें, कूड़ा खुले में फेंकने से सड़क गन्दी होती है। ऐसा करना दण्डनीय अपराध है।
5. अपने पालतू पशुओं को आवारा न छोड़ें इससे नगरवासियों को परेशानी होती है।
6. पेड़-पौधों को नष्ट न करें, पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ पौधे जरुर लगायें।
7. समस्त प्रकार के पालीथीन बैग तथा थमाकील से निर्मित समस्त उत्पादों का प्रयोग न करें। यह शासन द्वारा पूर्णत: प्रतिबन्धित है तथा इसका उत्पादन प्रयोग परिवहन तथा भण्डारण करना संज्ञेय अपराध है, पकड़े जाने पर जुमार्ना/सजा अथवा दोनो तरह से दण्डित किया जा सकता है।
8. पालीथीन का प्रयोग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पूर्णतया प्रतिबन्धित है, कृपया इसका उपयोग न करें और न ही दुकानदारों से बिक्री करें, निरीक्षण में पाये जाने पर जुर्माना एवं सजा भी निर्धारित है।
बद्री प्रसाद मौर्य
नगर पंचायत-अध्यक्ष
निघासन खीरी
दिनेश कुमार शुक्ला
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत-निघासन खीरी
समस्त सभासद:-
रामश्री, श्यामसुंदर, गुड्डू राज, अमित वर्मा, रामखेलावन, सुमन देवी, उमेश मौर्या, दयाशंकर पाल, मुन्ना खांन, बाबूराम मौर्य, गायत्री देवी, असलम खान, विनोद कश्यप, नीलू गिरि, शिव देवी
पत्रांकः- मेमो/न.पं.नि./2024-25, दिनांकः- 30.01.2025

गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

संदेश

वॉयस ऑफ लखनऊ हिंदी दैनिक (विकास खण्ड क्षेत्र-गगहा, तहसील बांसगांव) के समस्त सुधि पाठकों, ईष्टमित्रों एवं क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या व बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

दीपक तिवारी
संवाददाता-गगहा, गोरखपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जागेश्वर-प्रधान

ग्राम हरदासपुर ब्लाक महोली
सीतापुर

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुरेन्द्र-प्रधान

ग्राम चितहला ब्लाक महोली
सीतापुर

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रेनूदेवी-प्रधान

ग्राम बहेरा, ब्लाक महोली
सीतापुर

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

अर्पित पाण्डेय उर्फ-प्रियेश

प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम सभा पाजुपार
विकास खण्ड-गगहा, गोरखपुर

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

राजेश यादव

ग्राम सभा-घेवरपार
विकास खण्ड-गगहा, गोरखपुर

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

रवि गुप्ता

प्रोपराइटर
बालाजी मिष्ठान भंडार एवं रेस्टोरेंट
हाटा बाजार (शिवपुर) गोरखपुर

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

सुशील यादव

ग्राम प्रधान
ग्राम सभा सहुवाकोल
विकास खण्ड-गगहा, गोरखपुर

गणतंत्र दिवस की

हार्दिक शुभकामनाएं

पलिया बस आपरेटर्स एसोशिएशन

पलिया कलाँ-खीरी

सरदार अमरजीत सिंह खैरा	सरदार सतेन्द्र पाल सिंह	सरदार इन्द्रजीत सिंह गिल
(अध्यक्ष)	(सचिव)	(कोषाध्यक्ष)

खजुरिया गौरीफन्टा एवं दुधवा लखीमपुर
"बस आपरेटर्स एसोशिएशन
पलिया कलां खीरी

सरदार हरी सिंह संधू	सरदार जोरा सिंह खैरा	सरदार चरनजीत सिंह खैरा
(अध्यक्ष)	(सचिव)	(कोषाध्यक्ष)

गणतंत्र दिवस की

हार्दिक शुभकामनाएं

वीरेंद्र कुमार शुक्ला — ब्लॉक प्रमुख
संगीता यादव — खण्ड विकास अधिकारी

समस्त खण्ड विकास परिवार पलिया, खीरी

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

विशाल पासवान उर्फ विक्की

ग्राम प्रधान
ग्राम सभा-बाऊपार,
विकास खण्ड-गगहा, गोरखपुर

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

सौमित्र कौशिक उर्फ संदीप चंद

प्रोपराइटर
भगौती ट्रेडर्स एवं जनता सीमेंट स्टोर
हाटा बाजार, शिवपुर, गोरखपुर

गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी के अवसर पर सभी ग्रामवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

कपिल देव यादव

प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम सभा-करौता
विकास खंड ब्रम्हपुर-गोरखपुर

गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी के अवसर पर सभी ग्रामवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

रीना यादव

ग्राम प्रधान
ग्राम सभा-मिश्रौलिया
विकास खंड ब्रम्हपुर-गोरखपुर

गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी के अवसर पर सभी सम्मानित क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

भारत भूषण जायसवाल

खण्ड शिक्षा अधिकारी
विकास खंड ब्रम्हपुर-गोरखपुर

गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी के अवसर पर सभी सम्मानित ग्रामवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

जनार्दन गुप्ता (समाजसेवी)

बीमा सलाहकार-भा जी वी नि
ग्राम प्रधान-ग्राम सभा (विशम्भरपुर)
प्रधान संघ कोषाध्यक्ष
विकास खंड-ब्रम्हपुर, गोरखपुर

गोरखपुर महानगर (नगर निगम) वार्ड नंबर-31 हरसेवकपुर की समस्त सम्मानित जनता को 76वें गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं

संत गुलाब यादव — पार्षद प्रतिनिधि
आलोक यादव

वार्ड न-31 हरसेवकपुर, नगर निगम-गोरखपुर

गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी के अवसर पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

प्रोफेसर मधुप कुमार

प्राचार्य
जेबी महाजन डिग्री कालेज
चौरीचौरा, गोरखपुर

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

रविंद्र सिंह उज्जैन

प्रदेश उपाध्यक्ष-अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा
अध्यक्ष-नेशनल स्पोर्टिंग क्लब
ग्राम सभा-मजुरी, विकास खण्ड-गगहा, गोरखपुर

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

संदीप सिंह प्रोपराइटर

श्री तिरूपति बाला जी ज्वेलर्स
हाटा बाजार (गोरखपुर)
मो. नंबर-9956581415

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

बी.के. सिंह

प्रबंधक
राधिका महाविद्यालय, करवल
मझगांवा, गगहा, गोरखपुर

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

अजीत वर्मा

मंडल अध्यक्ष भाजपा
ब्लाक गगहा, गोरखपुर

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

संदीप मौर्य

ग्राम प्रधान-ग्राम सभा-बेलादार
विकास खण्ड-गगहा, गोरखपुर

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

शशिभूषण राय उर्फ मुन्नू राय

प्रोपराइटर
राय ट्रेडर्स, अतायर मोड, करवल
मझगांवा, गगहा, गोरखपुर

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

राजेश शाही उर्फ पिंकू शाही

प्रोपराइटर
ओम ब्रिक्स फील्ड, एचआरएस मार्का ईंट-भट्ठा
ग्राम-नाहापार, रावतपार
गगहा, गोरखपुर

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. प्रताप कुमार गौतम

संचालक
प्रताप क्लिनिक

रावतपार, कहला, गगहा, गोरखपुर
नोट:- इमरजेंसी सेवा 24 घंटे उपलब्ध

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

डा. प्रमोद श्रीवास्तव

संचालक
श्री जानकी लाल मेमोरियल चिकित्सालय
हाटा बाजार (शिवपुर) गोरखपुर
नोट:- इमरजेंसी सेवा 24 घंटे उपलब्ध

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ राहुल श्रीवास्तव

संचालक
ओंम इमरजेन्सी एण्ड हेल्थ केयर सेंटर
गगहा बाजार (निकट बस स्टैंड) गोरखपुर
मो. नंबर 9918 047247
नोट - 24 घंटे आपात कालीन सेवा उपलब्ध

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

मनोज वर्मा

श्री बालाजी ज्वैलर्स
एवं
अशोक कुमार व मनोज कुमार
बर्तन की दुकान थोक एवं फुटकर बर्तन की दुकान
बड़गो मोड़, हाटा बाजार (गोरखपुर)
मो. नंबर. 8009268030

आप सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

सुमित गुप्ता — दि जिम हाटा

प्रोपराइटर

चिल्लूपार विधान सभा क्षेत्र-328 की समस्त सम्मानित जनता को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

सुश्री बहन मायावती जी
राष्ट्रीय अध्यक्ष-बसपा
एवं
पूर्व मुख्यमंत्री उ. प्र.

मनीष त्रिपाठी

वरिष्ठ बसपा नेता
328. विधान सभा चिल्लूपार (गोरखपुर)

आप सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

समृद्ध भारत सेवा मिशन

पता: टिकरी, करवल-मझगांवा गगहा, गोरखपुर उत्तर प्रदेश

मीना विश्वकर्मा	अजय विश्वकर्मा	आनंद विश्वकर्मा
संस्थापक	प्रबंधक	अध्यक्ष

आप सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

(गगहा पुलिस आपकी सेवा में सदैव तत्पर)

गौरव वर्मा

थाना प्रभारी
थाना-गगहा,
जनपद-गोरखपुर, उ.प्र